जबलपुर

रविवार, 7 दिसंबर 2025

पौष मास कृष्ण पक्ष-3

वर्ष : 20, अंक : 218

पृष्ठ : 14 मूल्य : 3 .00 *

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 28

न्यून. 7

## राजभवन हुआ...अब लोकभवन

### सीएम की राज्यपाल से मुलाकात के बाद बदली नाम पट्टिका



पहले



अब

### केंद्र सरकार ने हाल ही में लिया था नाम बदलने का निर्णय

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

केंद्र सरकार के निर्णय के बाद मप्र के राजभवन का नाम बदल कर अब 'लोक भवन' कर दिया गया है। शनिवार दोपहर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मिलने राजभवन पहुंचे थे।

इसके बाद भवन के मुख्य द्वार पर लगी राजभवन की पुरानी पट्टिका हटाकर 'लोक भवन' की नई पट्टिका लगा दी गई। केंद्र ने हाल ही में देश भर के राजभवनों का नाम बदलकर 'लोक भवन' करने का निर्णय लिया था। इसके बाद प्रदेश में यह बदलाव जल्द करने की उम्मीद की जा रही थी।

#### राज्यपाल रहे मौजूद

राज्यपाल की उपस्थिति में 'राज' शब्द हटाकर 'लोक लिखने की प्रक्रिया पूरी की गई और इसी के साथ प्रदेश में राजभवन को आधिकारिक रूप से लोक भवन के नाम से दर्ज कर लिया गया है। यह कदम देश को औपनिवेशिक प्रतीकों और नामों से मुक्त करने के व्यापक अभियान का हिस्सा माना जा रहा है।

## मप्र होमगाड्र्स के 63 वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का बड़ा ऐलान

# सिंहस्थ-2028 के लिए 5 हजार से अधिक होमगार्ड की होगी भर्ती

**मुख्यमंत्री ने कहा-** चाहे बाढ़ का पानी हो, आग की लपटें हों, बड़ी दुर्घटना हो सबसे पहले जनता को आपका ही खयाल आता है

**विशेष पिछड़ी** जनजाति के युवाओं की सुरक्षा बलों में भर्ती के लिए ट्रेनिंग संबंधी कंपनी बनाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आजादी के बाद जब देश नागरिक सुरक्षा का ढांचा गढ़ रहा था, तब होमगार्ड ने भरोसे और सेवा के रूप में देश को सुरक्षा कवच दिया। चाहे बाढ़ का पानी हो, आग की लपटें हों, बड़ी दुर्घटना हो सबसे पहले जनता को आपका ही खयाल आता है। आप विपदाओं और समाज के बीच चट्टान की तरह खड़े हो जाते हैं।


परेड का निरीक्षण करते सीएम


रेस्क्यू टीम को अदम्य साहसिक पुरस्कार प्रदान किया

### सिंहस्थ- 2028 को ध्यान में रखते हुए अभी से तैयारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार आधुनिक उपकरण, अत्याधुनिक प्रशिक्षण और आपदा प्रबंधन क्षमता को लगातार सशक्त कर रही है। प्रदेश में 82 हजार से अधिक नागरिक सुरक्षा वालंटियर्स पंजीकृत हैं, जिनमें से 67 हजार 784 को विशेष प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इंदौर के रालामंडल क्षेत्र को एसडीईआरएफ, होमगार्ड और सिविल डिफेंस के लिए विशेष प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां बाढ़, भूकंप, भीड़ प्रबंधन, औद्योगिक एवं रासायनिक आपदाओं के प्रशिक्षण संचालित होंगे।

### मुख्यमंत्री ने की होमगार्ड हित में कई घोषणाएं

डॉ. यादव ने 'मुख्यमंत्री अदम्य साहसिक कार्य पुरस्कार' की घोषणा की। इसके तहत कठिन परिस्थितियों में जान-माल की रक्षा करने वाली 10 रेस्क्यू टीमों को प्रतिवर्ष 51 हजार रुपए दिए जाएंगे। उन्होंने इन्दौर, शिवपुरी, गुना, रायसेन, मंडला, नरसिंहपुर, रीवा, छतरपुर, टीकमगढ़ और उज्जैन की रेस्क्यू टीमों को सम्मानित किया गया।


inh

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**खबर संक्षेप**

### पाकिस्तान की महिला की पीएम मोदी से गुहार



**इंदौर।** इंदौर में रह रहे पाकिस्तानी शरणार्थी विक्रम की शिकायत पाकिस्तानी महिला निकिता नागदेव ने की है। शिकायत सिंधी पंचायत में की गई लेकिन वहां भी समझौता नहीं हुआ। आरोप है कि उसके पति ने शादी के बाद उसे पाकिस्तान भेज दिया। वह उसे अटारी बार्डर पर छोड़ गया था। निकिता ने प्रधानमंत्री मोदी से भी मदद मांगी है।

### डकैत योगी गुर्जर ने किया सरेंडर



**ग्वालियर।** ग्वालियर से एक विवाहिता का दो महीने पहले अपहरण करने वाले डकैत योगेंद्र गुर्जर उर्फ योगी गुर्जर ने शनिवार को सरेंडर कर दिया। डकैत योगी ने धोलपुर पुलिस के सामने सरेंडर किया। योगी पर 30 हजार रुपए का इनाम था। अपहरण की वारदात के बाद से ग्वालियर-चंबल की पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा 1.50 लाख का इनामी माफिया



**जबलपुर।** जबलपुर पुलिस ने करोड़ों रुपए की ठगी कर सालों से फरार चल रहा जबलपुर का कुख्यात खनन माफिया अमित खंपरिया को दबोच लिया है। उसे नागपुर में किराए के फ्लैट में गिरफ्तार किया। आरोपी पर धोखाधड़ी और जालसाजी के 18 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। साथ ही 1.50 लाख रुपए का इनाम घोषित था। वह निवेश के नाम पर ठगी कर फरार था।

## इंडिगो संकट: पांचवें दिन भी 1000 से ज्यादा उड़ानें रद्द रहीं

# बेलगाम किराए पर रोक, सरकार ने तय की टिकटों की दरें, तत्काल रिफंड के दिए निर्देश

रद्द उड़ानों के रिफंड पर सरकार ने तय की समयसीमा

इंडिगो से कहा- दो दिनों के अंदर सामान भी लौटाओ





इंडिगो की इंतजार में थकी आंखें


काउंटर पर उड़ानों से संबंधित जानकारी के लिए जद्दोजहद करते यात्री

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बीते पांच दिनों में इंडिगो की 2000 से ज्यादा उड़ानें रद्द होने से हजारों यात्री प्रभावित हुए हैं। इसे मद्देनजर रखते हुए नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने शनिवार को एयरलाइन को निर्देश दिया कि वह रद्द उड़ानों के लिए किराया वापसी की प्रक्रिया रविवार शाम तक पूरी कर ले। मंत्रालय ने यह भी कहा कि एयरलाइन सुनिश्चित करे कि यात्रियों का सामान भी अगले दो दिनों में पहुंचा दिया जाए।

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की ओर से शनिवार को पांचवें दिन 1,000 से अधिक उड़ानें रद्द करने से पैदा हुई दिक्कतों के ▸▸ शेष पेज 4 पर

विमानन कंपनियों को एफडीटीएल नियमों में राहत देने के बाद अब सरकार ने सख्ती शुरू कर दी है। इसी के तहत सरकार ने इंडिगो को निर्देश दिया है कि यात्रियों को रिफंड और उनके सामान को लौटाने की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाए

सरकार ने तय किए 500 किमी के लिए 7500 रुपए

### सरकार ने हवाई किराया किया फिक्स

| | |
|---|---|
| 500 किमी तक की दूरी: अधिकतम किराया 7500 रुपए | 1000-1500 किमी की दूरी: अधिकतम किराया 15000 रुपए |
| 500-1000 किमी की दूरी: अधिकतम किराया 12000 रुपए | 1500 किमी से अधिक की दूरी: अधिकतम किराया 18000 रुपए |

### पांचवें दिन कहां कितनी विमानें रद्द

शनिवार को भी 400 से ज्यादा इंडिगो की उड़ानें रद्द हुई हैं। जिनमें दिल्ली एयरपोर्ट पर 106, मुंबई हवाई अड्डे पर सुबह 9 बजे तक 109, , मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड पर 108, पुणे हवाई अड्डे पर 42, हैदराबाद एयरपोर्ट पर 69, अहमदाबाद एयरपोर्ट पर 19, तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर 6 उड़ानें रद्द हुई हैं। शुक्रवार को इंडिगो की देशभर में 1000 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुईं। कई दिनों की चुप्पी के बाद शुक्रवार को इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने एक वीडियो साझा कर लोगों को हुई परेशानी के लिए माफी मांगी।

### यात्रियों के सामान को घर पहुंचाने के दिए निर्देश

इसके अलावा, एयरलाइन को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि जिन यात्रियों का ट्रैवल प्लान रद्द या प्रभावित हुआ है, उनसे कोई रिशेड्यूलिंग चार्जेस न लिए जाएं। मंत्रालय ने साफ किया कि रिफंड प्रक्रिया में किसी भी तरह की देरी या नियमों का पालन न करने पर तुरंत नियामक कार्रवाई की जाएगी। मंत्रालय ने यह भी निर्देश दिया कि एयरलाइन यह सुनिश्चित करे कि उड़ान रद्द होने या देरी के कारण यात्रियों के छूटे हुए सामान का पता लगाया जाए और अगले 48 घंटों के भीतर उन तक पहुंचाया जाए।

### इंडिगो का बयान

इंडिगो के परिचालन में आ रही समस्याओं पर एयरलाइन की ओर से शनिवार को बयान जारी किया गया। इस बयान में इंडिगो ने कहा कि एयरलाइन पूरे नेटवर्क में अपने परिचालन को पटरी पर लाने के लिए पूरी लगन से काम कर रही है।

## पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में रखी गई नई बाबरी मस्जिद की नींव


लोग सिर पर ईंट रखकर कार्यक्रम स्थल पर आते हुए

# विधायक हुमांयू कबीर बोले कोई ताकत रोक नहीं सकती

एजेंसी ▸▸ मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल)

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में शनिवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के निलंबित विधायक हुमांयू कबीर ने अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर एक नई मस्जिद की आधारशिला रखी। निलंबित टी एम सी विधायक हुमायूं कबीर ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मुर्शिदाबाद जिले के रेजिनगर में इस मस्जिद की आधारशिला रखी। हुमांयू कबीर ने मस्जिद की आधारशिला कार्यक्रम के मंच पर मौलवियों के साथ समारोह का फीता काटा। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर 'नारा-ए-तकबीर, अल्लाहु अकबर' के नारे लगाए गए।

■ ईंट लेकर पहुंचे हजारों की संख्या में लोग



### बाबरी मस्जिद के विध्वंस की वर्षगांठ

आधारशिला रखने के समारोह के लिए कबीर ने 6 दिसंबर का दिन चुना, जो अयोध्या की बाबरी मस्जिद के विध्वंस की वर्षगांठ है। हुमायूं कबीर ने शनिवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी मस्जिद शैली की मस्जिद के निर्माण के लिए शिलान्यास समारोह को बाधित करने की साजिश रची जा रही है। कबीर ने दावा किया कि 2026 के चुनावों में 90 विधानसभा क्षेत्रों से मुस्लिम उम्मीदवार विजयी होंगे।

**5 दिन डिजिटल** अरेस्ट किया

## टेरर फंडिंग का डर दिखाकर बुजुर्ग से 32 लाख की ठगी


■ फोन पर बोला आप मेरा कुछ नहीं कर सकते

**जबलपुर।** बिजली विभाग के 72 वर्षीय रिटायर्ड एडमिनिस्ट्रेशन ऑफिसर अविनाश चंद्र दीवान को साइबर ठगों ने टेरर फंडिंग का डर दिखाकर 32 लाख रुपए ठग लिए। एटीएस अधिकारी बनकर बुजुर्ग को पांच दिनों तक डिजिटल अरेस्ट में रखा और उनसे रुपए ट्रांसफर करवा लिए। 1 दिसंबर को टेरर फंडिंग के नाम पर आए कॉल से शुरू हुई ठगी तब उजागर हुई जब उनका बेटा शनिवार को जबलपुर पहुंचा और पुलिस को शिकायत की।

**परेशान** शराब **ठेकेदार ने दी थी जान**

## सीएम का कड़ा एक्शन मंदाकिनी दीक्षित निलंबित


■ आत्महत्या से पहले वीडियो में लगाए थे आरोप

**भोपाल।** इंदौर के कनाड़िया गांव के शराब ठेकेदार दिनेश मकवाना ने बीते 8 नवंबर को जहर पीकर आत्महत्या कर ली थी। ठेकेदार का एक वीडियो सामने आया जिसमें उसने आबकारी विभाग की असिस्टेंट कमिश्नर मंदाकिनी दीक्षित पर रिश्वत के लिए परेशान करने का आरोप लगाया था। दिनेश ने अपनी आत्महत्या के लिए मंदाकिनी दीक्षित को जिम्मेदार बताया था। इस वीडियो के वायरल होने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तुरंत एक्शन लिया है।

**तीसरे दिन** भी बंद रहा शामगढ़

## अश्लील वीडियो मामले में आरोपियों के घर ढहाए


■ तीन दिन से चल रहा था विरोध प्रदर्शन

**मंदसौर।** जिले के शामगढ़ में नाबालिग का अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने के दो आरोपियों के खिलाफ शनिवार को भारी विरोध के बीच प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। मंडी और स्कूल-कॉलेजों के बीच शहर में तनाव बढ़ा तो दोपहर बाद पुलिस बल की मौजूदगी में दोनों आरोपियों के अवैध निर्माण ढहा दिए गए। पहले आरोपी रेहान के मकान का अवैध हिस्सा ढहाया गया। इसके बाद दूसरे आरोपी बाबू के घर को तोड़ने की कार्रवाई शुरू की गई।

**भाजपा सांसद ने** राज्यसभा में पेश किया विधेयक

# संविधान की प्रस्तावना से हटें 'सेक्युलर-सोशलिस्ट' शब्द

कहा- ये शब्द आपातकाल में बिना बहस के जोड़े गए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राज्यसभा में भाजपा सांसद भीम सिंह द्वारा पेश किए गए प्राइवेट मेंबर बिल ने देश की राजनीति में नई बहस छेड़ दी है। इस बिल में संविधान की प्रस्तावना से 'सेक्युलर' और 'सोशलिस्ट' शब्द हटाने की मांग की गई है। सांसद सिंह का कहना है कि ये शब्द आपातकाल के दौरान बिना लोकतांत्रिक प्रक्रिया के जोड़े गए थे और अब इन्हें हटाकर संविधान को उसके मूल रूप में लौटाना जरूरी है। भाजपा सांसद भीम सिंह ने कहा कि मूल संविधान में ये दोनों शब्द शामिल नहीं थे और इन्हें 1976 में इंडिरा गांधी सरकार ने 42वें संशोधन के जरिए जोड़ा था। उनका आरोप है कि उस समय विपक्ष के सभी बड़े नेता जेल में थे और संसद में कोई खुली बहस नहीं हुई।




### विपक्ष की प्रतिक्रिया और सांसद का जवाब

उन्होंने कहा कि विपक्ष इसे संविधान पर हमला बताएगा, लेकिन यह कदम संविधान को उसके असली रूप में वापस लाने का प्रयास है। सिंह ने सवाल उठाया कि क्या 1976 से पहले भारत धर्मनिरपेक्ष नहीं था? क्या नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री या खुद इंदिरा गांधी की सरकार सांप्रदायिक थी?

## पांच जिलों में शीतलहर, दो में सीवियर कोल्ड वेव

# 5 जिलों में पारा 4 से 5 डिग्री के बीच भोपाल में दिसंबर की पहली शीतलहर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

प्रदेशभर में शनिवार को तेज सर्दी का असर रहा। प्रदेश में आ रही उत्तरी बर्फीली हवाओं के असर से पांच जिलों में रात का पारा 4 से 5 डिग्री के करीब रहा है। भोपाल सहित पांच जिलों में कोल्ड वेव रही। भोपाल में दिसंबर महीने में पहली बार शीतलहर का असर रहा है। शहर में दिन का पारा 24.6 डिग्री रहा, जबकि रात का पारा 1.3 डिग्री गिरकर 6.9 डिग्री रहा।


औबेदुल्लागंज में कोहरे के बीच स्कूल जाते बच्चे

दो से तीन दिन रहेगा कड़ाके की सर्दी का असर, इसके बाद फिर बढ़ेगा पारा, छाएंगे बादल

### यहां रहा 4 से 5 डिग्री तक पारा

शनिवार को प्रदेश में सबसे कम रात का पारा शहडोल में 4 डिग्री रहा। उमरिया 4.8, राजगढ़ 5, नर्मदापुरम 5.2, रीवा 5.4 डिग्री तक रहा। भोपाल, राजगढ़, सीहोर, शाजापुर, शहडोल जिलों में शीतलहर का असर रहा।

## हरिभूमि- आईएनएच- जनता टीवी के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिताजी को दिग्गजों ने दी श्रद्धांजलि

# मप्र, छग एवं हरियाणा की कई हस्तियों ने किया याद, कैप्टन अभिमन्यु बोले-स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी जी का सामाजिक दायरा बहुत बड़ा था

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ग्वालियर

हरिभूमि-आईएनएच- जनता टीवी के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिताजी स्व.श्री कीर्ति नारायण द्विवेदी का 25 नवंबर को देवलोक गमन होने के बाद से उनके यहां शनिवार को श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा।

शनिवार को भी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और हरियाणा सहित कई राज्यों की बड़ी हस्तियां डॉ. हिमांशु द्विवेदी के यहां ग्वालियर स्थित चैंबर्स ऑफ कॉमर्स भवन में आयोजित त्रियोदशी, पूजा व गंगा प्रसादी में शामिल हुईं। इस मौके पर स्व.श्री कीर्ति नारायण द्विवेदी का स्मरण करते हरियाणा सरकार के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि स्व. पंडित कीर्ति नारायण एक महान समाज सेवी थे। उनका समाज सेवा का दायरा काफी बड़ा था। जो भी उनके संपर्क में आया वो उनका सेवाभाव देखकर हैरान रह गया। मैं खुद भी उनसे कई बार मिला हूं, उनकी व्यवहार कुशलता को देखकर काफी प्रभावित हुआ। उनका व्यक्तित्व ही उनके कोमल हृदय और संवेदनशीलता के प्रति स्वतः इशारा कर देने वाला था। वहीं छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष व विधायक धर्मलाल कौशिक ने कहा कि दिव्य आत्मा को मैं कोटि-कोटि नमन करता हूं और ईश्वर से कामना करता हूं कि वे उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें।


कैप्टन अभिमन्यु श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए

### परिवार जैसा स्नेह देना ही उनका स्वभाव था

कौशिक ने कहा कि उनकी सरलता और सभी अपने परिवार जैसा स्नेह देना ही उनका स्वभाव था। वे आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके पुण्य कर्म और उनका बताया गया रास्ता हम सबके लिए हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। इसी तरह मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गी, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने पुण्यात्मा को नमन करते हुए उन्हे पुष्पांजलि अर्पित की है।

## खबर संक्षेप

### सिंगर राठौर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**इलाहाबाद।** हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित अभद्र



टिप्पणी से जुड़े एक मामले में भोजपुरी सिंगर और यूट्यूबर नेहा सिंह राठौर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। नेहा सिंह राठौर की अप्रैल में की गई टिप्पणी को लेकर इस साल की शुरुआत में लखनऊ के हजरतगंज पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया था।

### विधायक राहुल की गिरफ्तारी पर रोक

**तिरुवनंतपुरम।** केरल उच्च न्यायालय ने कांग्रेस से निष्कासित विधायक राहुल ममकूटाथिल को



गिरफ्तार से अंतरिम राहत दे दी है। राहुल ममकूटाथिल पर दुष्कर्म और जबरन गर्भपात कराने का आरोप है। जस्टिस के बाबू ने कहा कि वे 15 दिसंबर को राहुल ममकूटाथिल की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करेंगे, तब तक उनकी गिरफ्तारी नहीं की जाएगी।

### बाबा साहेब की हर मूर्ति के पास दीवार बनेगी

**लखनऊ।** सीएम योगी ने कहा कि बाबा साहब की मूर्तियों के साथ अक्सर शरारती तत्व छेड़छाड़



करते हैं। हमारी सरकार निर्णय ले रही है कि बाबा साहब की हर मूर्ति के आसपास सुरक्षात्मक बाउंड्री वॉल बनाई जाए, ताकि उनकी प्रतिमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो। जिस मूर्ति के ऊपर छत नहीं होगी, वहां छत बनवाएंगे। आज मैं बाबा साहब की पावन स्मृति को नमन करता हूं।

### परीक्षा पे चर्चा' का नौवां संस्करण जनवरी में

**नई दिल्ली।** परीक्षा पे चर्चा 2026 का नौवां संस्करण जनवरी 2026 में आयोजित होगा। शिक्षा मंत्रालय



ने बताया कि यह कार्यक्रम पीएम मोदी का एक इंटरैक्टिव प्लेटफॉर्म है, जिसमें देश-विदेश के विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक परीक्षा से जुड़े तनाव, अनुभव और सकारात्मक तैयारी पर चर्चा करते हैं। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 11 जनवरी है।

### सास की हत्या, काटे पैर और नाती को भी मारा

**उदयपुर।** जिले के सलूंबर उपखंड के सेमारी इलाके में गुड़ासर गांव के पास जहात फलां में सो रही बुजुर्ग



महिला और उसके पांच वर्षीय नाती की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। आरोपी दामाद फिलहाल फरार है। गौरी और उसका नाती सुरेंद्र कमरों के बाहर बने हॉल में सो रहे थे। रात में बदमाशों ने धारदार हथियार से दोनों पर हमला किया।

---

भाजपा सांसद तिवारी ने किया ऐलान तैयारी हो गई पूरी

# हम संसद में लाएंगे प्राइवेट बिल, अब 14 साल के किशोर पर चलेगा मुकदमा, इससे जघन्य अपराधों पर लग सकेगी लगाम




दिल्ली से भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा है कि वह किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत जघन्य अपराधों के लिए किशोर की आयु सीमा घटाकर 14 वर्ष करने का प्रस्ताव रखेंगे। वह लोकसभा में एक निजी विधेयक पेश करके इस प्रस्ताव को पेश करने की योजना बना रहे हैं। एक भी सर्वेक्षण से पता चलता है कि 15-17 साल के बच्चे जघन्य अपराधों में शामिल हो रहे हैं।

## उम्र के लिहाज से नहीं बचने चाहिए अपराधी

आयु सीमा घटाने का लाएंगे प्रस्ताव

लोकसभा में जल्द पेश करेंगे विधेयक

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली से भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा है कि वह किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत जघन्य अपराधों के लिए किशोर की आयु सीमा घटाकर 14 वर्ष करने का प्रस्ताव रखेंगे। वे लोकसभा में एक निजी विधेयक पेश करके इस प्रस्ताव को पेश करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि 17 साल तक के बच्चों को किशोर माना जाता है और उनके लिए हमारा कानून किशोर न्याय अधिनियम 2015 है।

एक भी सर्वेक्षण से पता चलता है कि 15-17 साल के बच्चे जघन्य अपराधों में शामिल हो रहे हैं। हम किशोर आयु को घटाकर 14 साल करने का प्रस्ताव रखना चाहते हैं क्योंकि मुझे ऐसे कई उदाहरण मिले हैं जहां एक किशोर तीन हत्याओं के लिए जिम्मेदार था। सांसद तिवारी ने कहा कि दिल्ली में अपराधों में कई किशोर भी शामिल रहे।



उन्होंने कहा कि वह सुधार केंद्र गया, वापस आया और फिर भी हत्या कर दी। इस पर निश्चित रूप से विचार किया जाना चाहिए। काफी सोच-विचार के बाद, मैं इस मुद्दे को एक निजी विधेयक के जरिए पेश करने जा रहा हूं। मैं अपने निजी विधेयकों के लिए हमेशा बहुत जरूरी मुद्दों की तलाश में रहता हूं और यह उनमें से एक है। हम नहीं चाहते कि अपराधी सिर्फ पंद्रह, सोलह या सत्रह साल की उम्र में ही जघन्य अपराध करके बच निकलें। इसलिए, मैं प्रस्ताव करता हूं कि उम्र घटाकर चौदह साल कर दी जाए।

राहुल के बयान पर केंद्रीय मंत्री का पलटवार

## देश में संविधान नहीं, कांग्रेस खतरे में है



केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने शनिवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की हालिया 'संविधान खतरे में है' टिप्पणी पर तीखा पलटवार किया। अठावले ने कहा कि गांधी के दावे निराधार और तथ्यहीन हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि संविधान खतरे में नहीं है, बल्कि कांग्रेस पार्टी खतरे में है। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि संविधान खतरे में नहीं है, खतरे में कांग्रेस पार्टी है। मैं नहीं मानता कि हमारे संविधान को कोई खतरा है। वास्तव में, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इसे और मजबूत किया जा रहा है। अठावले ने कहा कि राहुल गांधी के बयान निराधार और तथ्यहीन हैं। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले का यह बयान तब आया जब राहुल गांधी ने महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर डॉ. भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद कहा कि प्रत्येक भारतीय का संविधान खतरे में है।

---

बजट पूर्व वित्त मंत्री ने कहा बड़ा सुधार होगा

# अब कस्टम ड्यूटी को आसान बनाने पर फोकस किया जा रहा



अगले साल 1 फरवरी को पेश होने वाले आम बजट से पहले केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सीमा शुल्क यानी कस्टम ड्यूटी को आसान बनाना सरकार का अगला बड़ा सुधार कार्यक्रम होगा। वित्त मंत्री ने शनिवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में सरकार ने इनकम टैक्स और जीएसटी रेट को तर्कसंगत और आसान बनाने जैसे सुधार किए। इससे आम आदमी के हाथ में ज्यादा नकदी आई और उपभोग बढ़ा है। वित्तमंत्री सीतारमण ने कहा कि हमें सीमा शुल्क का पूरी तरह कायापलट करना है। हमें इसे इतना आसान बनाना है कि लोगों को नियमों का पालन करना बोझिल न लगे। इसके साथ ही इसमें पारदर्शिता बढ़ानी होगी।

### सीमा शुल्क में भी पारदर्शिता की जरूरत

वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि इनकम टैक्स में जैसी पारदर्शिता लाई गई है, वैसा ही सीमा शुल्क में भी करने की जरूरत है। प्रस्तावित सुधार व्यापक होंगे और इसमें सीमा शुल्क दरों को तर्कसंगत बनाना भी शामिल होगा। इसकी घोषणा आगामी बजट में हो सकती है, जिसके 1 फरवरी को पेश होने की संभावना है। सीतारमण ने कहा कि पिछले दो साल में हमने सीमा शुल्क दरें लगातार कम की हैं। लेकिन जिन कुछ वस्तुओं पर हमारी दरें इष्टतम स्तर से ऊपर मानी जाती हैं, उन्हें भी नीचे लाना होगा। सीमा शुल्क मेरा अगला बड़ा सफाई अभियान है।

### इससे डॉलर के मुकाबले अपने सहज स्तर पर पहुंचेगा रुपया

इस साल के बजट में अन्य उपायों के साथ औद्योगिक वस्तुओं पर सात अतिरिक्त सीमा शुल्क दरें खत्म करने का प्रस्ताव किया गया था। इससे पिछले साल भी 7 दरें हटाई गई थीं। अब कुल 8 दर स्लैब रह गए हैं, जिनमें शून्य दर भी शामिल है। डॉलर के मुकाबले रुपए के कमजोर होने पर वित्त मंत्री ने कहा कि यह अपने सहज स्तर पर पहुंच जाएगा। वर्ष 2025 में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले करीब पांच प्रतिशत कमजोर हुआ है। उन्होंने भरोसा जताया कि चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि सात प्रतिशत या उससे अधिक रहेगी।

---

संसद भवन के बाहर संसदीय मंत्री से टकराए नेता प्रतिपक्ष

# रिजिजू ने कहा- 'थोड़ा डर गया मैं', दोनों ने मिलाया हाथ व हंसी-मजाक भी किया



संसद के बाहर रिजिजू और राहुल ने मिलाया हाथ और विनोद किया

राहुल गांधी और किरेन रिजिजू का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों नेता हंसी-मजाक करते और हाथ मिलाते नजर आ रहे हैं. वीडियो में रिजिजू मजाकिया अंदाज में कहते हैं, थोड़ा डर गया मैं'। इस दौरान राहुल गांधी के साथ कांग्रेस नेता राजीव शुक्ला और उदित राज भी मौजूद थे।

## शनिवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर को संसद में श्रद्धांजलि दी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर को संसद में श्रद्धांजलि दी। जब वे श्रद्धांजलि देकर संसद से बाहर निकल रहे थे तब उनकी मुलाकात केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजूजू से हो गई। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें दोनों नेता हंसी-मजाक करते और हाथ मिलाते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में केंद्रीय मंत्री रिजिजू मजाकिया लहजे में राहुल गांधी से कहते हुए सुने जा सकते हैं, 'थोड़ा डर गया मैं।' नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ में इस दौरान कांग्रेस नेता राजीव शुक्ला और उदित राज भी मौजूद थे। यह मुलाकात तब हुई जब दोनों संसद में डॉ. आंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। श्रद्धांजलि के बाद राहुल ने कहा कि आंबेडकर जी एक आदर्श पुरुष हैं। उन्होंने हमें संविधान दिया। हर भारतीय का संविधान खतरे में है, हम इसकी रक्षा करते हैं।

पीएम मोदी, राष्ट्रपति समेत दिग्गजों ने दी श्रद्धांजलि



संसद भवन में राष्ट्रपति, पीएम और अन्य नेताओं ने श्रद्धांजलि दी

### देशभर में दी गई आंबेडकर को श्रद्धांजलि

देशभर में आंबेडकर को श्रद्धांजलि दी गई। आंबेडकर ने संविधान की रचना कर देश को लोकतंत्र की मजबूत नींव दी। वेसामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के प्रबल समर्थक थे। अंबेडकर के विचार आज भी प्रासंगिक हैं।

### आंबेडकर ने पूरे देश को रास्ता दिखायाः राहुल

राहुल ने कहा आंबेडकर पूरे देश के आइकॉन हैं और उन्होंने पूरे देश को रास्ता दिखाया है। उन्होंने हमें संविधान दिया, तो इसलिए हम उनको याद करते हैं। जो उनके आइडिया हैं और संविधान की रक्षा करते हैं।

पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि

### उनका दूरदर्शी नेतृत्व और न्याय, समानता देश का मार्गदर्शन करती रहेगी



प्रधानमंत्री ने संसद भवन में बाबासाहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की। एक्स पर साझा की गई एक पोस्ट में, पीएम मोदी ने लिखा, महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ. बाबासाहेब को याद करते हुए। उनका दूरदर्शी नेतृत्व और न्याय, समानता और संवैधानिकता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता हमारी राष्ट्रीय यात्रा का मार्गदर्शन करती रहेगी।

उपराष्ट्रपति ने कहा

### आंबेडकर संविधान के प्रमुख वास्तुकार और सामाजिक न्याय के महान समर्थक थे

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा भारत रत्न बाबासाहेब को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। आंबेडकर हमारे संविधान के प्रमुख वास्तुकार और सामाजिक न्याय के एक महान समर्थक थे। समानता, गरिमा और भाईचारे के लिए उनके अथक संघर्ष ने आधुनिक, प्रगतिशील और समावेशी भारत की नींव रखी। उनके विचार एक न्यायपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण थे।

खरगे बोले

### उनके आदर्श हमारे पथ को निरंतर रोशन करते रहें

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि आंबेडकर का दूरदर्शी नेतृत्व और न्याय, समानता एवं संवैधानिकता के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता हमारी राष्ट्रीय यात्रा का मार्गदर्शन करती रहेगी। उनके आदर्श हमारे पथ को निरंतर रोशन करते रहें।

---

सीजेआई सूर्यकांत बोले

# आम आदमी के लिए है सुप्रीम कोर्ट मामलों की लागत कम होनी चाहिए

लंबित मामलों का निपटारा करने की प्राथमिकता जरूरी



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने शनिवार को एक बयान में कहा कि सुप्रीम कोर्ट आम आदमी के लिए है। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों को निपटाने के लिए एकीकृत राष्ट्रीय न्यायिक नीति उनकी पहली प्राथमिकता है। सीजेआई ने ये भी कहा कि उनकी कोशिश है कि मुकदमेबाजी की लागत को कम किया जाए और मामले का फैसला होने के लिए एक समयसीमा तय की जाए।

सीजेआई ने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता एक तय समयसीमा और एक एकीकृत राष्ट्रीय न्यायिक नीति बनाना है ताकि लंबित मामलों पर जल्द फैसला हो सके। मैं ये नहीं कह रहा कि सभी बकाया मामले खत्म कर दिए जाएंगे। मुकदमेबाजी लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। लोगों को न्यायिक व्यवस्था पर भरोसा और विश्वास है।

### मध्यस्थता का भी इस्तेमाल किया जाएगा

सीजेआई ने कहा कि नए मामले दायर होंगे, लेकिन पुराने मामलों का निपटारा होना भी जरूरी है। मध्यस्थता का भी इस्तेमाल किया जाएगा और ये गेम चेंजर साबित हो सकता है।' मुख्य न्यायाधीश ने कहा, सुप्रीम कोर्ट में आने वाले दिनों में कुछ सुधार देखने को मिलेंगे और मुकदमेबाजी को प्राथमिकता मिलती रहेगी। सीजेआई ने कहा, 'मैं एक सख्त और स्पष्ट संदेश देना चाहता हूं कि सुप्रीम कोर्ट आम आदमी के लिए है और सामान्य मुकदमेबाजी के लिए भी सुप्रीम कोर्ट में पर्याप्त जगह है।' हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि वह अकेले इस काम को नहीं कर सकते और उन्हें इसमें अन्य जजों का भी सहयोग चाहिए।

### न्यायपालिका में अपग्रेड की जरूरत बताई

मुख्य न्यायाधीश ने ये भी कहा कि न्यायपालिका में अपग्रेड की जरूरत है क्योंकि डिजिटल अरेस्ट और साइबर अपराध जैसे मामलों से न्यायपालिका की चुनौतियां बढ़ी हैं। उन्होंने कहा देश की न्यायपालिका में विविधता आ रही है और जैसे समाज और देश आगे बढ़ रहे हैं, वैसे ही न्यायपालिका में भी बदलाव हो रहे हैं। सीजेआई ने देश के लोकतंत्र और न्यायपालिका के भविष्य को उज्जवल बताया। न्यायपालिका की आजादी पर उन्होंने कहा कि संविधान में शक्तियों का बंटवारा किया गया है। संविधान में न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका की अपनी-अपनी भूमिकाएं हैं।

---

पुरी में ग्लोबल एनर्जी लीडर्स समिट में केंद्रीय मंत्री जोशी बोले

# देश में नॉन-फॉसिल ऊर्जा क्षमता वृद्धि का अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड बना

एजेंसी ▸▸ पुरी

केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया कि भारत ने 2025-26 में नॉन-फॉसिल ऊर्जा क्षमता वृद्धि का अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड बनाया है। इस वर्ष अब तक 31.25 गीगावाट नॉन-फॉसिल क्षमता जोड़ी गई है, जिसमें 24.28 गीगावाट सिर्फ सौर ऊर्जा शामिल है। पुरी में ग्लोबल एनर्जी लीडर्स समिट में उन्होंने घोषणा की कि ओडिशा में 1.5 लाख रूफटॉप सोलर यूनिट्स युटिलिटी-एग्रीगेशन मॉडल के तहत लगाई जाएंगी।

इस वर्ष अब तक 31.25 गीगावाट नॉन-



### 2 वर्षों में वैश्विक क्षमता 2 टेरावॉट तक पहुंची

जोशी ने वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा वृद्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि दुनिया को पहली 1 टेरावॉट क्षमता हासिल करने में लगभग 70 साल लगे थे।

### भारत में 5वां सबसे बड़ा कोयला भंडार

जोशी ने कहा कि भारत विश्व के 5वां सबसे बड़े कोयला भंडार वाला देश है और कोयले का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता भी है। देश नवीकरणीय ऊर्जा और कोयले के बीच संतुलन बनाया गया है।

---

गुजरात में संसद खेल महोत्सव का सफलतापूर्वक समापन

# खेल क्रांति सबसे बड़ा आंदोलन और मजबूत मंच बना

## 5वर्ष पहले शुरू किए गए इस महोत्सव में लाखों प्रतिभागी जुड़े

एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद

गुजरात बन गया खेलों की राजधानी

गुजरात के अहमदाबाद में 'संसद खेल महोत्सव 2025' का केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने समापन किया। शाह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया यह खेल उत्सव देशभर में खेल प्रतिभाओं के लिए एक मजबूत मंच बन गया है। करीब 5 वर्ष पहले शुरू किए गए इस महोत्सव ने आज 300 से अधिक लोकसभा क्षेत्रों में औसतन सवा लाख प्रतिभागियों को जोड़ दिया है, जिनमें विद्यार्थी, युवा और वरिष्ठ नागरिक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल ने खेल, फिटनेस और स्वास्थ्य को लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बनाने, प्रतिभाओं को पहचान देने और खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने में अहम भूमिका निभाई है।



खेल महोत्सव के समापन पर गृहमंत्री शाह

### 3 चरणों में किया गया आयोजन

शाह ने बताया कि यह तीसरा खेल महोत्सव तीन चरणों में आयोजित किया गया। विधानसभा स्तर और 21 नवंबर से 2 दिसंबर तक लोकसभा स्तर पर। इस बार 1 लाख 57 हजार खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें 87 हजार पुरुष और करीब 70 हजार महिला खिलाड़ी शामिल थीं। 1 लाख 57 हजार प्रतिभागियों में से 8,500 से अधिक विजेता बने।

### सरकार ने अनेक योजनाएं शुरू की

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं। वर्ष 2014 में खेल बजट केवल 800 करोड़ था, जो 2025 में बढ़कर करीब 4,000 करोड़ हो गया है।

### गुजरात देश का सबसे बड़ा खेल आंदोलन चलाने वाला राज्य बना

शाह ने कहा कि मोदी के 'खेलो गुजरात', 'खेल महाकुंभ', प्रतिभा खोज कार्यक्रमों, खेल विद्यालयों, अकादमियों और आधुनिक ट्रेनिंग सेंटरों की वजह से गुजरात देश का सबसे बड़ा खेल आंदोलन चलाने वाला राज्य बन गया है। वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सारी सुविदाएं मौजूद हैं।



स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी जी

स्मृति शेष

प्रार्थना सभा व गंगा प्रसादी आयोजन



# भावपूर्ण अश्रुओं और जीवन दर्शन के 'भजनों से स्मृतियां' संजोईं

एक भावपूर्ण दिन.... स्वर्गीय पंडित कीर्ति नारायण द्विवेदी जी का त्रयोदशी संस्कार, प्रार्थना सभा और गंगा प्रसादी का आयोजन ग्वालियर स्थित चैंबर ऑफ कॉमर्स के भवन में सुबह 11:30 बजे से रखा गया था। इसमें मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के सभी गणमान्य लोगों ने पंडित कीर्ति नारायण द्विवेदी जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके सामाजिक अवदान को याद किया। इस दौरान भजन संगीत के माध्यम से जीवन की सार्थकता का संदेश भी दिया गया। पंडित कीर्ति नारायण द्विवेदी जी हरिभूमि, आईएनएच और जनता टीवी के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिताश्री थे। श्रद्धांजलि सभा में सभी दिग्गजों ने पंडित द्विवेदी जी की सत्य निष्ठा और तप निष्ठा को याद कर उनकी पुण्य स्मृतियों को संजोया।



भजनों के माध्यम से पुण्यात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई

## पुष्पांजलि



हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने इस मौके पर डॉ. हिमांशु द्विवेदी के परिवारजनों से मिलकर उनको ढांढस बंधाया।

## इन हस्तियों ने जताई संवेदनाएं



हरिभूमि-आईएनएच और जनता टीवी के प्रधान संपादक डॉ. हिमाशु द्विवेदी के यहां विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री तुलसी सिलावट और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने शोक व्यक्त किया।

## पूजा अर्चना



स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी के बड़े बेटे डॉ. हिमांशु ने त्रयोदशी के मौके पर पुण्य आत्मा की शांति के लिए पूजा अर्चना की।

## छग के पूर्व विस अध्यक्ष भी पहुंचे



छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक और भाजपा के वरिष्ठ नेता सौदान सिंह डॉ. हिमांशु और उनकी माता जी श्रीमती रमा द्विवेदी से मिलकर उनको सांत्वना देते हुए।

## श्रद्धासुमन



छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ग्वालियर पहुंचे और वहां स्व.कीर्ति नारायण द्विवदी जी को श्रद्धासुमन अर्पित कर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं।

## परिवहन मंत्री ने दुख जताया



मप्र के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल सहित अन्य लोगों ने डॉ. हिमांशु और उनके परिवार से मिलकर अपनी शोक संवेदना जताई।

## पारिवारिक रीति रिवाज



इस दौरान पारिवारिक रीति रिवाजों का पालन किया गया। डॉ. हिमांशु के परिजन और रिश्तेदार मौजूद रहे।

## ढाढस बंधाया



डॉ. हिमांशु द्विवेदी को ढाढस बंधाते हुए गणमान्य वरिष्ठजन।

## दिनभर रहा आना-जाना



ग्वालियर के चैंबर्स ऑफ कॉमर्स भवन में आयोजित त्रयोदशी कार्यक्रम में शामिल होने वाले शुभचिंतक एवं रिश्तेदारों का दिन भरआना जाना लगा रहा।

## हाल-चाल भी लिया



डॉ. हिमांशु और उनके परिजनों से आगंतुकों ने हालचाल भी जाना

## शोक संवेदना



हरियाणा सरकार के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने डॉ. हिमांशु को सांत्वना दी।

## परंपरा निर्वहन



परंपरा के अनुसार त्रयोदशी के मौके पर पूजा व गंगा प्रसादी का आयोजन किया गया। इसके बाद ब्राह्मण भोज हुआ। डॉ. हिमांशु ने विधि विधान से परंपराओं को पूर्ण कराया।

## प्रार्थना सभा में भावपूर्ण श्रद्धांजलि



प्रार्थना सभा के दौरान चैंबर्स ऑफ कॉमर्स भवन में श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में डॉ. हिमांशु के परिजन, रिश्तेदार सहित दूर दराज से आए गणमान्य नागरिकों ने प्रार्थना सभा और गंगा प्रसादी के आयोजन में भाग लिया। विशिष्टजनों ने स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी के व्यक्तित्व और कृतित्व के बारे में अपने विचार रखे।

# गजरथ महोत्सवः आचार्यश्री समयसागर महाराज के सानिध्य में किया गया सात रथों का संचालन





**जबलपुर।** बड्डा दद्दा मैदान में चल रहे पवित्र गजरथ महोत्सव ने शनिवार को सूर्योदय के साथ भव्य स्वरूप ले लिया। पक्षियों की चहचहाट और लालिमामयी प्रभात के बीच आचार्य श्री समयसागर महाराज के सानिध्य में यह आयोजन ऐतिहासिक ऊँचाई पर पहुँचा। महोत्सव के छठवें दिन देशभर से श्रद्धालुओं का आगमन लगातार बढ़ रहा है, और लगभग दो लाख से अधिक लोगों के पहुँचने का अनुमान है। गजरथ स्थल हजारों केसरिया पताकाओं और इन्द्र-इन्द्राणियों के पारंपरिक परिधानों से केसरिया रंग में रंग उठा। भगवान श्री जी का इन्द्र-इन्द्राणियों द्वारा पूजन, अभिषेक, शांतिधारा, शांति हवन तथा आचार्यश्री का विशेष पूजन संपन्न हुआ। नवदीक्षित मुनिराज आदि कुमार को आहार देने का सौभाग्य राजा श्रेयांस को प्राप्त हुआ। समवशरण का अनावरण पवन ने किया तथा आरती अनिल जैन गोटेगांव द्वारा की गई। सांसद आशीष दुबे ने पहुँचकर आचार्यश्री को श्रीफल अर्पित किया और उन्हें गजरथ समिति द्वारा सम्मानित किया गया। मंच पर पूर्व राज्यमंत्री शरद जैन उपस्थित रहे। दोपहर में राज्यमंत्री लखन पटेल, पूर्व वित्तमंत्री जयंत मलैया, विधायक अभिलाष पांडे, पूर्व मंत्री तरुण भनोत और लखन घनघोरिया ने आचार्यश्री के दर्शन कर सम्मान प्राप्त किया। आचार्यश्री समयसागर महाराज ने अपने प्रवचन में वैराग्य, तप और ऋषभदेव भगवान की साधना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब तक इंद्रिय विषयों से दृष्टि हटकर अंतर की ओर नहीं होती, तब तक वैराग्य उत्पन्न नहीं होता। उन्होंने बताया कि आदि प्रभु ने राजवैभव त्यागकर कठिन तप द्वारा छह माह का अनशन किया और परिषहों पर विजय पाई।

# महाराष्ट्र शिक्षण मंडल के स्थापना शताब्दी समारोह अंतर्गत लगाया गया आत्मनिर्भर आनंद मेला



जबलपुर। संस्कारधानी का सुप्रसिद्ध शिक्षा संस्थान, महाराष्ट्र शिक्षण मंडल अपनी स्थापना का शताब्दी समारोह मना रहा है। इस समारोह के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में दिनांक 06 दिसंबर 2025 से महाकोशल विद्यालय परिसर, गोल बाजार में दो दिवसीय "आत्मनिर्भर आनंद मेले" का उद्घाटन अभिलाष पांडे, विधायक मध्य क्षेत्र के करकमलों से सुबह 12.00 बजे संपन्न हुआ। समारोह में शिक्षण मंडल के अध्यक्ष डॉ. जयंत तनखीवाले, उपाध्यक्ष उदय परांजपे, सचिव प्रमोद पाठक, उत्सव समिति के उपाध्यक्ष अनिल राजुरकर, सचिव अविनाश हलबे, सह सचिव अजय भालेराव, पूर्व छात्र प्रभारी दीपक उबाले, मेला संयोजक मनोज चौधरी, नितिन उपाध्ये, लीना वाते, सोनल उज्जैनकर के साथ ही शिक्षण मंडल की सभी शिक्षा संस्थाओं के प्राचार्य, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मेले में कई गृह उपयोगी एवं सजावट की वस्तुएं, विद्युत उपकरण, जनसेवा संबंधी एवं खाद्य पदार्थों के स्टॉल लगे हुए हैं, जिनमें भारी जनसमूह रुचि ले रहा है। इसके अलावा मेला परिसर में मंडल के अंतर्गत कार्यरत सभी शिक्षण संस्थाओं के पूर्व एवं वर्तमान छात्रों के लिए रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसका संयोजन मंडल की शिक्षिकाएं श्रद्धा पाठक, रेखा पटेल, जयश्री दीक्षित, अर्चना साने एवं हेमलता बेहरे ने किया। मेले में शाम को रंगारंग कार्यक्रम एवं हाऊजी का भी आयोजन किया गया।

# भगवान दत्रादेय जयंती पर समरसता सेवा संगठन ने विचार गोष्ठी आयोजित कर किया पौधारोपण



**जबलपुर।** समरसता सेवा संगठन ने भगवान दत्रादेय जयंती के अवसर पर अग्रवाल धर्मशाला, ग्वारीघाट में विचार गोष्ठी और पौधारोपण का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आदित्य मिश्रा ने समाज, संस्कृति, आध्यात्म और राष्ट्र के बोध पर जोर देते हुए कहा कि देश में समरसता लाने के लिए इसे अपने व्यवहार में अपनाना जरूरी है। विशिष्ट अतिथियों में एड. सतेंद्र ज्योतषी और विहिप प्रांत मंत्री प्रदीप गुप्ता शामिल थे। उन्होंने कहा कि समाज में बंटवारे और व्यक्तिगत स्वार्थ के कारण दूरियां बढ़ी हैं, लेकिन समरसता के भाव को जागृत करना ही देश को समर्थ बनाने का मार्ग है। कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने नर्मदा उद्यान में कोविदार (कचनार) के पौधे का रोपण भी किया। दत्त भजन मंडल के अध्यक्ष विजय भावे ने कहा कि समरसता का मंत्र छत्रपति शिवाजी महाराज के समय से ही समाज को एकजुट करने का मार्ग दिखाता रहा है। संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम का संचालन धीरज अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर सैकड़ों नागरिक और समाजसेवी उपस्थित रहे।

## बसपा ने डॉ. भीमराव आम्बेडकर को दी श्रद्धांजलि



**जबलपुर।** डॉ. भीमराव आम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर 06 दिसम्बर को बीएसपी की रैली जबलपुर से सिवनी के लिए रवाना की गई। बसपा बालाघाट/ जबलपुर जोन के तत्वावधान में सिवनी में 06 दिसम्बर को मध्यान्ह 12 बजे कचहरी चौक रानी दुर्गावती प्रतिमा के पास भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव आम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा व विचार संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बालकिशन चौधरी तथा विशिष्ट अतिथि उमाकांत बंदेवार, रामजी सतनामी, आजाब शास्त्री, ज्ञानेश्वर गजभिये, विशेष अतिथि डीएल बकौडे, तामसिंह परते, राकेश चौधरी, मानकलाल गोंटिया, दीपक मेश्राम, दुर्गेश बिसेन, एड. सीताराम कटारे, एड. राजेन्द्र साहू, इंदरसिंह उइके, उत्तम जाटव, लालसिंह गौतम, प्रेमनारायण जाटव सहित अन्य उपस्थित रहे।

एवीएनएल की सभी इकाईयों से शामिल होंगे खिलाड़ी

# व्हीएफजे में 13 से 18 दिसम्बर तक आयोजित होगा एवीएनएल चेयरमैन कप



**जबलपुर।** व्हीकल फैक्टरी जबलपुर में 13 दिसम्बर से 18 दिसम्बर 2025 तक एवीएनएल चेयरमैन कप 2025 का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में क्रिकेट, बिलियड्र्स, स्नूकर, बैडमिंटन, बॉस्केटबॉल, शतरंज, टेबल टेनिस एवं कैरम की खेल प्रतियोगिताओं में एवीएनएल के अधीनस्थ कार्यरत सभी रक्षा उत्पादन इकाईयों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा एवं कौशल का प्रदर्शन करेंगे। एवीएनएल चेयरमैन कप आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड (एवीएनएल) चेन्नई द्वारा स्थापित एक उत्कृष्ट मंच है, जिसमें एवीएनएल के अधीन विभिन्न रक्षा उत्पादन इकाईयों में कार्यरत कर्मचारी आपसी भाईचारा, टीम बिल्डिंग, पर्सनॉलिटी डेवलपमेंट एवं अनुशासन का पालन करते हुए न केवल अपनी उत्पादकता एवं कार्यक्षमता में वृद्धि करते हैं अपितु अपनी निर्माणी एवं संगठन को भी सशक्त एवं सुदृढ़ बनाते हैं। इस प्रकार के खेल आयोजनों से कार्मिकों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है और ये नई ऊर्जा, आत्मविश्वास एवं एक स्वस्थ जीवनशैली के साथ अपना कार्य पूरा कर पाते हैं। उपरोक्त बातों को ध्यान में रखते हुए व्हीएफजे में एवीएनएल चेयरमैन कप 2025 का आयोजन किया जा रहा है। 13 दिसम्बर 2025 को व्हीएफजे के मुख्य महाप्रबंधक प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में एवीएनएल चेयरमैन कप 2025 का शुभारंभ किया जाएगा, जबकि 18 दिसम्बर 2025 को भव्य समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण के साथ कार्यक्रम का संपन्न होगा।

## होम गार्ड का 79वां स्थापना दिवस मनाया गया



**जबलपुर।** शहर में होम गार्ड का 79वां स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया, जहां मंगेली स्थित मुख्यालय में होम गार्ड के जवानों ने शानदार परेड की और स्कूली छात्र-छात्राओं ने मनमोहक नृत्यों की प्रस्तुति दी। इस दौरान बरगी के भाजपा विधायक नीरज सिंह ने परेड की सलामी लेकर गृहमंत्री के संदेश का वाचन किया, तो वहीं इस होम गार्ड तथा नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस के कार्यक्रम में केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान की कमांडेंट प्रीति बाला सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# निकली स्वदेशी रथ यात्रा



जबलपुर। कैट (भारतीय व्यापारी संघ) और स्वदेशी जागरण मंच द्वारा जबलपुर में आयोजित स्वदेशी रथ यात्रा बड़ी उत्साहपूर्ण और ऐतिहासिक रही। सांसद आशीष दुबे ने यात्रा का शुभारंभ किया तथा नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज ने "स्वदेशी अपनाओ–मेड इन इंडिया" का संदेश दिया। गोल बाजार से शुरू हुई यात्रा का शहरभर मालवीय चौक, सुपर मार्केट, गंजीपुरा, लाडगंज, कमरिया गेट, कोतवाली आदि स्थानों पर नागरिकों, व्यापारियों एवं सामाजिक संगठनों ने फूल वर्षा और स्वागत के साथ जोरदार समर्थन किया। सराफा बाजार चौक में आयोजित सामूहिक शपथ ग्रहण में हजारों लोगों ने "स्वदेशी अपनाओ–देश बनाओ" का संकल्प लिया। सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष राजा सराफ और अजय बख्तावर सहित कई व्यापारिक संगठनों ने भागीदारी की। रथ यात्रा शहर के प्रमुख बाजारों और क्षेत्रों से होते हुए रांझी पहुँची, जहाँ विधायक अशोक रोहाणी की उपस्थिति में इसका समापन हुआ। कैट के प्रदेश पदाधिकारी राजीव खंडेलवाल, गोविंददास असाटी, तथा जबलपुर अध्यक्ष राजीव बड़ेरिया एवं जितेंद्र पचौरी सहित अनेक पदाधिकारियों और सामाजिक संस्थाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कैट और स्वदेशी जागरण मंच ने सभी नागरिकों, व्यापारियों, सामाजिक संगठनों एवं युवाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जबलपुर ने स्वदेशी आत्मनिर्भर भारत अभियान को नई शक्ति प्रदान की है।

# सिहोरा को जिला बनाने की मांग हुई तेज




### आरएसएस के पूर्व प्रचारक ने त्यागा अन्न, बस स्टैंड पर क्रमिक अनशन जारी

सिहोरा को जिला घोषित करने की मांग अब पूर्ण जनआंदोलन का रूप ले चुकी है। शनिवार को आरएसएस के पूर्व प्रचारक प्रमोद साहू ने अपनी घोषणा अनुसार अन्न त्यागकर सत्याग्रह शुरू कर दिया। वहीं पुराने बस स्टैंड में लगातार चार दिनों से क्रमिक अनशन जारी है। आंदोलन के पहले दिन काल भैरव चौक पर सद्बुद्धि यज्ञ किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने जिले की मांग को बुलंद किया।

### मुस्लिम समाज की भागीदारी

नासिर खान, गुड्डू कुरैशी, यार मुहम्मद, नजीम मंसूरी, मौलाना मुहम्मद यूसुफ सहित अनेक सदस्यों ने चौथे जत्थे के रूप में अनशन में बैठकर यह संदेश दिया कि यह आंदोलन किसी एक वर्ग का नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज का है।

### सरकार की अनदेखी से बढ़ा जनाक्रोश

जनता और आंदोलनकारियों का आरोप है कि सरकार वर्षों से सिहोरा की मांग की अनदेखी कर रही है। चेतावनी दी गई है कि यदि 9 दिसंबर तक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलनकारी अन्न के साथ जल त्यागकर आमरण सत्याग्रह प्रारंभ करेंगे। धरना स्थल पर हर दिन बढ़ती भीड़ प्रशासन के लिए चिंता का विषय बन गई है।

### व्यापारियों का समर्थन, हर दुकान पर लगे बैनर

शहर की सभी छोटी-बड़ी दुकानों पर "सिहोरा जिला बनाओ" के बैनर लगा दिए गए हैं। व्यापारियों ने 9 दिसंबर से अनिश्चितकालीन सिहोरा-खितौला बंद की घोषणा भी कर दी है। उनका कहना है कि विखंडन के बाद व्यापार ठप हो गया, लेकिन सरकार लगातार उपेक्षा कर रही है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश पांडेय, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष राकेश पाठक सहित कई नेता ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर पर्चे बांट रहे हैं और जिला आंदोलन को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। सिहोरा का जिला आंदोलन अब निर्णायक मोड़ पर पहुँच चुका है।

## मदर टैरेसा नगर में सीमेंट रोड के लिए हुआ भूमि पूजन



**जबलपुर।** शनिवार सांसद मद से 22 लाख रुपए की लागत से 275 मीटर की आरसीसी रोड का पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के अंतर्गत मदर टैरेसा नगर में भव्य भूमि पूजन जबलपुर के सांसद आशीष दुबे के साथ उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ. अभिलाष पांडे, निगम के अध्यक्ष रिंकू बिज, पार्षद मोनिका पुष्पेंद्र सिंह के द्वारा किया गया। साथ में उपस्थित रहे साथी पार्षद कमलेश अग्रवाल, मधुबाला राजपूत, रेणु कोरी, अतुल जैन दानी, पूर्व पार्षद एवं एमआईसी श्रीराम शुक्ला, मंडल के महामंत्री राजेश तिवारी,रवि संतोषी, दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के सभी बूथ अध्यक्ष मंडल के पदाधिकारी भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्रीयजनों की उपस्थिति रही।

## अग्निवीरों का वराह नगरी मझौली में धूमधाम से स्वागत



**मझौली।** नगर में भारतीय सेना के दो नव अग्निवीर शिवांश दुबे (पुत्रः बबलू दुबे) और ओम साहू (पुत्रः राजेश साहू, कपड़ा व्यापारी) का भव्य स्वागत किया गया। दोनों युवाओं का पिछले वर्ष अग्निवीर योजना में चयन हुआ था और सात माह की ट्रेनिंग पूर्ण कर वे पहली बार अपने नगर पहुँचे। नागरिकों ने फूलमालाओं और पुष्पवर्षा कर दोनों का हर्षोल्लास के साथ अभिनंदन किया। दोनों अग्निवीरों ने बताया कि वे अपने साथी अग्निवीर देवा चक्रवर्ती से प्रेरित होकर सेना में शामिल हुए। नगरवासियों ने इस गौरवपूर्ण क्षण पर गर्व व्यक्त किया। क्षेत्रीय विधायक अजय बिश्नोई ने वीडियो कॉल के माध्यम से बधाई देते हुए शीघ्र मिलने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर केशव तिवारी, अनुराग दुबे, महेंद्र कोस्टा, अंचल साहू, आशीष तिवारी, योगेश चक्रवर्ती, देवराज मन्नेवार, हर्षराज सराफ, गुड्डू राय, प्रभु दुबे, बिहारीलाल साहू, संजू दुबे सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

मिस्पा मिशन स्कूल में बच्चे को पीटने का मामला

## जांच के लिए शिक्षा विभाग की टीम पहुँची, विश्व हिंदू परिषद व अभिभावक बोले हो निष्पक्ष कार्रवाई

**पाटन।** मिस्पा मिशन स्कूल में बच्चे को भगवान राम का नाम लेने पर पीटने का आरोप सामने आने के बाद शुक्रवार दोपहर शिक्षा विभाग की टीम स्कूल पहुँची। टीम ने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों से बयान लेकर पूरे प्रकरण की जाँच की। इससे पहले बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद और अभिभावक संगठनों ने प्रदर्शन करते हुए स्कूल संचालक के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था। शिकायत शिक्षा विभाग तक पहुँचने पर यह कार्रवाई की गई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी गौतम बर्वे ने बताया कि टीम ने जाँच पूर्ण कर ली है और प्रतिवेदन वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपा जाएगा, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। इसी बीच अभिभावक, विहिप और बजरंग दल निष्पक्ष जाँच की मांग पर अडिग हैं।




**श्री भूपिन्दर पाल सिंह जस्सल-** गुरूदेव कॉलोनी बेदी नगर निवासी श्री भूपिन्दर पाल सिंह जस्सल (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री हंसराज कुमार-** एलआईजी 54, पीपी कॉलोनी गौरीघाट रोड निवासी श्री हंसराज कुमार (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेंद्र चौधरी-** रामहरख का बगीचा नेहरू वार्ड निवासी श्री राजेंद्र चौधरी (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती जलेबी देवी द्विवेदी-** शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री त्रिलोकी नाथ द्विवेदी की धर्मपत्नी श्रीमती जलेबी देवी द्विवेदी (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जमुना प्रसाद सतनामी-** नई बस्ती कांचघर निवासी श्री जमुना प्रसाद सतनामी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री संजय सिंह-** एपीआर कॉलोनी 1, बिलहरी निवासी श्री संजय सिंह (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गुलाब सिंह ठाकुर-** ईसाई मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री गुलाब सिंह ठाकुर (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राम खिलावन उरमलिया-** शंकर नगर सुहागी निवासी श्री राम खिलावन उरमलिया (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुशीला अग्रवाल-** पारस कॉलोनी चेरीताल परिजात बिल्डिंग रोड निवासी श्री वल्लभदास अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला अग्रवाल (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुशीला यादव-** सैनिक सोसायटी बदनपुर शक्तिनगर निवासी श्री भुवन लाल यादव की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला यादव (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लीला बाई साहू-** गोरखपुर लोधी मोहल्ला निवासी श्री तुलसी राम साहू की धर्मपत्नी श्रीमती लीला बाई साहू का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री बाल मुकुंद चौधरी-** माहेश्वरी कॉलोनी पिंक सिटी बिलहरी निवासी श्री बाल मुकुंद चौधरी (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती केशर बाई-** लालमाटी गोपाल होटल चांदमारी रोड निवासी श्री राम दास की धर्मपत्नी श्रीमती केशर बाई (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती नरबदिया बाई-** एंपायर के पीछे सदर निवासी श्री गोपाल की धर्मपत्नी श्रीमती नरबदिया बाई (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गेंदा बाई बेन-** रामपुर बेन मोहल्ला निवासी श्री अजय बेन की धर्मपत्नी श्रीमती गेंदा बाई बेन (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अनिल पटेल-** जवाहर नगर अधारताल निवासी श्री भगवान दास पटेल के पुत्र श्री अनिल पटेल (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम चरण विश्वकर्मा-** खुरखुर बावली के पास खेरमाई वार्ड निवासी श्री राम चरण विश्वकर्मा (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अशोक पाठक-** रामजी पटेल का बाड़ा गढ़ा निवासी श्री अशोक पाठक (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंद्रावती यादव-** नर्मदा रोड गोरखपुर निवासी श्री वीरेंद्र बहादुर यादव की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रावती यादव (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राजू गोपाल दास-** मोदीबाड़ा सदर लोहार मोहल्ला निवासी श्री राजू गोपाल दास (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजू चौधरी-** संजय नगर पोलीपाथर निवासी श्री राजू चौधरी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**कु. वंदना कोल-** कुलियाना मोहल्ला आमनपुर मदन महल निवासी श्री आनंदी कोल की पुत्री कु. वंदना कोल (20) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
जिसका साइज़:- ... से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
जिसका साइज़:- ... से.मी. रंगीन 400/-
जिसका साइज़ ... से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

# भेड़ाघाट का पुरातत्व संग्रहालय उपेक्षा का शिकार





### बेशकीमती विरासत खंडहर में तब्दील, नागरिकों में रोष

**भेड़ाघाट।** पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के अंदर बना पुरातत्व संग्रहालय वर्षों से बंद पड़ा है और बदहाल हालत में खंडहर जैसा दिखने लगा है। लोहे के दरवाज़े जंग खा चुके हैं, ताले दशकों से नहीं खुले, और संग्रहालय का रखरखाव पूरी तरह ठप है। स्थानीय लोगों का कहना है कि 4 सितंबर 1993 को विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के समय जिला कलेक्टर विवेक टुंडा, सीएमओ दिनेश त्रिपाठी व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बड़े उत्साह से इसका भूमि-पूजन हुआ था। यह संग्रहालय भेड़ाघाट और आसपास की बेशकीमती पुरातत्व संपदा को संरक्षित करने के उद्देश्य से बनाया गया था, लेकिन आज यह उपेक्षा का प्रतीक बन चुका है। समाजसेवी विजय पांडे का कहना है कि भेड़ाघाट में लोग तभी बोलते हैं, जब व्यक्तिगत लाभ या हानि हो—इसी उदासीनता ने विरासत को नष्ट होने दिया। अमित दुबे (पंचवटी) ने सवाल उठाया कि संग्रहालय में रखी नायाब वस्तुएँ सुरक्षित हैं या नहीं—यह भी जांच का विषय है।


स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर परिषद वर्षों से पार्क के मेंटेनेंस पर लाखों रुपये खर्च दिखाती रही, लेकिन संग्रहालय की मरम्मत को लेकर कोई पहल नहीं की गई। नागरिकों और समाजसेवियों ने कहा कि जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों और प्रशासन को आगे आकर इस ऐतिहासिक धरोहर के जीर्णोद्धार के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए, अन्यथा इतिहास भेड़ाघाट की लापरवाही को माफ नहीं करेगा।

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

**I, ARMY NO. JC-387962W RANK SUB NAME SREEKUMAR L S/O LANBODHARAN N OF UNIT 25 IDSR C/O 56 APO** I, have changed name and date of birth of my **MOTHER** from name **SANTHA KUMARI** and date of birth **01/07/1950** (name and date of birth as per my Army service records) to name **SANTHA** and date of birth **01/01/1954** (name and date of birth as per my **MOTHER, AADHAR CARD NO. 3629 9933 0467** vide affidavit dated **06/12/2025** (date of affidavit) formerly before Public Notary Jabalpur (MP)

**CORRECT NAME-SANTHA**
**INCORRECT NAME SANTHA KUMARI**
**CORRECT DATE OF BIRTH 01/01/1954**
**INCORRECT DATE OF BIRTH 01/07/1950**

# विस में अनुपूरक बजट पास, सरकार ने कहा- कर्ज नहीं, विकास के लिए निवेश




## विस में 13,474 करोड़ के अनुपूरक बजट को बताया विकास मॉडल

सरकार कर्ज का उपयोग योजनाओं में कर रही

वित्त मंत्री देवड़ा ने विपक्ष के आरोपों का दिया जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



विधानसभा के शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को 13 हजार 474 करोड़ रुपए का दूसरा अनुपूरक बजट चर्चा के बाद पास हो गया। विपक्ष ने इसे कर्ज आधारित बजट बताते हुए सरकार पर वित्तीय अव्यवस्था और योजनाओं की धीमी प्रगति के आरोप लगाए। वहीं सरकार ने जवाब दिया कि विकास में किसी तरह का भेदभाव नहीं किया जाएगा और पूंजीगत निवेश को प्राथमिकता दी जा रही है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आरोप लगाया कि प्रदेश के कर्ज में 130 प्रतिशत की बढ़त हुई है और सरकार अपेक्षा से अधिक ब्याज दर पर कर्ज ले रही है, जबकि अन्य राज्य कम दरों पर कर्ज प्राप्त कर रहे हैं।

वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि सरकार कर्ज का उपयोग राजस्व व्यय में नहीं, बल्कि पूंजीगत परियोजनाओं और योजनाओं में कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना, लाड़ली बहना, भावांतर और उपार्जन जैसी योजनाओं के लिए पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं।


विधानसभा अध्यक्ष तोमर से चर्चा करते सीएम डॉ. यादव।

### सरकार की योजनाएं सबके लिए है, विकास कार्य कर रहे

विपक्ष द्वारा कर्ज लिए जाने को बार-बार मुद्दा बनाए जाने पर डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने कहा कि यह कर्ज नहीं, निवेश है। नियम और प्रक्रिया में समय सीमा में कर्ज ले रहे हैं। ब्याज समय पर दे रहे हैं और विकास के काम इससे कर रहे हैं। सरकार की जो भी योजनाएं हैं, वह किसी वर्ग विशेष के लिए

### डिप्टी सीएम देवड़ा ने कहा-सड़कें बन रहीं, विपक्ष को नहीं दिख रहीं

वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में 4 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है। भावांतर में 500 करोड़ रुपए, लाडली बहना योजना में 1800 करोड़ का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि सड़के बन रही हैं, लेकिन विपक्ष को विकास नहीं दिखता। सरकार किसी के साथ भेदभाव नहीं कर रही है।

## विधानसभा के शीतकालीन सत्र में कुल 1497 प्रश्न हुए प्राप्त, इसमें 751 तारांकित व 746 अतारांकित प्रश्न आए

### मध्य प्रदेश विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

मध्य प्रदेश विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है। मप्र की सोलहवीं विधान सभा के 5 दिनी शीतकालीन सत्र में कुल 4 बैठकें हुईं। इसमें विधायी, वित्तीय और लोक महत्व के अनेक कार्य संपन्न हुए। सत्र में सदन ने वर्ष 2025-26 की द्वितीय अनुपूरक अनुमान मांगों को अपनी स्वीकृति प्रदान की। कुल लगभग 7 घंटे चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त सदन में वर्ष 2011-12 के आधिक्य व्यय के विवरण पर भी स्वीकृति प्रदान की गई। 2 शासकीय विधेयक भी पारित किए गए। इस सत्र में कुल 1497 प्रश्न प्राप्त हुए। इसमें 751 तारांकित एवं 746 अतारांकित प्रश्न आए।

इसी तरह सत्र के दौरान ध्यानाकर्षण की कुल 432 सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिनमें से 37 सूचनाएं ग्राह्य की गईं। शून्य काल की कुल 170 सूचनाएं एवं 226 याचिकाएं प्राप्त हुईं। इसमें 4 अशासकीय संकल्प सदन में प्रस्तुत हुए, जिनमें से 3 अशासकीय संकल्प पारित किए गए, इसमें एक पर चर्चा के उपरांत संकल्प वापस हुआ। सदन में अनेक सभा-समितियों के प्रतिवेदन प्रस्तुत हुए। जबकि नियम-139 के अधीन प्रदेश के विभिन्न जिलों में अतिवृष्टि से किसानों की फसलें नष्ट होने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में लगभग 4 घंटे 46 मिनट विस्तृत चर्चा हुई। इस सत्रावधि में सदन की बैठक लगभग 23 घंटे चली। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि संसदीय लोकतांत्रिक व्यवस्था का उद्देश्य यही है कि अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के कल्याण के लिए सदन में आवाज सुनाई दे। शासन-प्रशासन की ओर से जनता की समस्याओं को दूर करने के लिए तत्परता से कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था लोक कल्याण के लिए संचालित है। हमारा सौभाग्य है कि इस व्यवस्था का अंग होने के कारण, हमें जनता की सेवा करने का अवसर मिला है।


विस अध्यक्ष तोमर से भेंट करते मंत्री विजयवर्गीय।

कांग्रेस का विधानसभा में हंगामा, किया वॉकआउट

## कांग्रेस ने कहा: खदानें देने के नाम पर हो रही सिंगरौली में जंगल कटाई, मंत्री ने कहा, जितने पेड़ काटे, उतने लगा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन सिंगरौली जिले में बड़े पैमाने पर जंगल कटाई का मुद्दा सदन में छाया रहा। कांग्रेस विधायकों ने वन विभाग से स्पष्ट जवाब मांगा, लेकिन संतोषजनक उत्तर न मिलने पर नारेबाजी करते हुए वॉकआउट कर दिया। कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह और विक्रांत भूरिया ने आरोप लगाया कि सरकार ने तीन कोल खदानें अडाणी समूह को देने के नाम पर भारी मात्रा में पेड़ों की कटाई कराई है।

उन्होंने कहा कि वन अधिनियम का पालन नहीं हो रहा और आदिवासी समुदाय पर इसका सीधा असर पड़ेगा। भूरिया ने यह भी कहा कि सिंगरौली से पेड़ काटकर सागर और शिवपुरी में लगाए जा रहे हैं, यह न्याय नहीं।



विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सिंघार के साथ कांग्रेस विधायक।

### पेड़ों की कटाई नियमों के तहत, जितनी भूमि ली उतनी प्रदान की



वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने सफाई देते हुए कहा कि कटाई नियमों के तहत की गई है, जितने पेड़ हटाए गए हैं, उतने लगाए भी जा रहे हैं और जितनी भूमि ली गई है, उतनी उपलब्ध भी कराई जा रही है। अहिरवार ने कहा कि जो ग्राम और ब्लॉक क्षेत्र अभी प्रभावित हैं, वे वर्तमान में पेसा एक्ट के तहत नहीं आते, इसलिए अनुमति दी गई है।

### सिंगरौली भाजपा के लिए प्रयोगशाला



कांग्रेस विधायक और पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने सिंगरौली में पेड़ कटाई के मामले में कहा कि हिंदुस्तान में एक व्यक्ति के लिए 100 खून माफ है। छह लाख पेड़ क्या होते हैं, असम में भी लाखों पेड़ कट रहे हैं। मुंबई में हजारों एकड़ दिए जा रहे हैं। सिंगरौली तो वैसे भी भाजपा के लिए एमपी की प्रयोगशाला है।


शीतकालीन सत्र के लिए जातीं विधायक ललिता यादव।


पूर्व विस अध्यक्ष गौतम और मंत्री निर्मला चर्चा करते हुए।

## चोरी के आरोप में दो नाबालिग पकड़ाए

**सुकमा।** जिले के दोरनापाल थाना क्षेत्र के दो सूने मकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। जानकारी लगने के बाद पुलिस ने दो नाबालिगों को निरुद्ध कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें बाल सुधार गृह भेज दिया गया। दोरनापाल में दो सूने घरों के ताले तोड़कर अज्ञात चोरों ने सोने चांदी के आभूषण और नगदी चोरी कर ली।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल टीम बनाई और कुछ ही घंटों में चोरी करने वाले दो नाबालिगों को पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि चोरी किए गए सोने चांदी के आभूषण पूरी तरह बरामद कर लिए गए हैं। चोरी किए गए आभूषणों की कीमत दो लाख पचास हजार रुपये आंकी गई है। दोनों नाबालिगों से पूछताछ में उन्होंने घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की। दोनों को बाल न्याय बोर्ड सुकमा के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें बाल सुधार गृह भेजने का आदेश दिया गया है।

बेहतर उपचार, समुचित व्यवस्था प्रदान करने के निर्देश



## आईईडी ब्लास्ट में घायल जवानों से मिले डिप्टी सीएम, पूछे हालचाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा रायपुर के निजी अस्पताल पहुंचे, जहाँ उन्होंने जिला बस्तर के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र में हुए नक्सली मुठभेड़ के दौरान आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आए घायल पुलिस जवानों से मुलाकात कर उनका हाल जाना और चिकित्सकों से उपचार की जानकारी ली। उन्होंने घायल जवानों से घटना की जानकारी ली और दिवंगत हुए उनके साथी जवानों के लिए संवेदना व्यक्त की। भैरमगढ़ क्षेत्र में नक्सलियों और पुलिस बल के बीच हुई मुठभेड़ के दौरान आईडी विस्फोट में एएसआई जनार्दन कोर्राम, आरक्षक रमलू हेमला और आरक्षक सोमदेव यादव घायल हुए थे, जिन्हें उपचार हेतु तत्काल रायपुर भेजा गया था। इस दौरान उन्होंने घायल जवानों के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें हौसला दिया। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने अस्पताल में मौजूद अधिकारियों और चिकित्सकों को जवानों के बेहतर उपचार के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने घायल जवानों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि शासन और प्रशासन हर संभव मदद के लिए आपके साथ खड़ा है।

माओवादियों के कोर जोन की पहचान बन चुका था यह क्षेत्र

## दंतेवाड़ा के पल्लेवाया में खुल गया नया सुरक्षा कैम्प, ग्रामीण उत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



एक ओर जहां जवान नक्सलियों के माड़ में घुसकर उन्हें मुंहतोड़ जवाब देने के साथ ही उनके कोर जोन में लगातार सुरक्षा कैम्प का निर्माण कर रहे हैं, वहीं जवानों के इस हौसले और ग्रामीण क्षेत्रों में खुल रहे कैम्प से अब ग्रामीण भी राहत की सांस ले रहे है। इसी तारतम्य में जवानों ने नक्सलियों के सबसे सेफ जोन पल्लेवाया में नवीन कैम्प खोलकर ग्रामीणों को राहत पहुंचाई।

बता दें कि दंतेवाड़ा जिले के पल्लेवाया में नवीन सुरक्षा कैम्प खोला गया, जिसके बारे में आला अधिकारियों ने बताया कि अति नक्सल प्रभावित बीजापुर तथा अबूझमाड़ क्षेत्र के ग्राम पल्लेवाया में जिला दंतेवाड़ा पुलिस तथा सीआरपीएफ-165 वी वाहिनी द्वारा नया फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस (एफओबी) कैम्प खोला गया है। इसे छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी योजना नियद नेल्लानार के तहत इस क्षेत्र के ग्रामीणों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने एवं शासन की योजनाओं से लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से खोला गया है। यह इलाका किसी समय मे माओवादियों के कोर जोन के रूप में पहचान बना चुका था, जिसको देखते हुए आला अधिकारियों के द्वारा यह कैंप स्थापित किया गया है, इस कैंप की स्थापना से जिला बीजापुर तथा नारायणपुर के अब तक पहुंचविहीन गांवों को जोड़ा गया है, पल्लेवाया कैम्प से आसपास के ग्रामीणों को अब सड़क, बिजली, मोबाइल नेटवर्क, स्वास्थ्य केंद्र, पीडीएस दुकानें, शिक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी, नवीन सुरक्षा कैम्प की स्थापना और वर्तमान में तमाम विपरीत परिस्थिति के बावजूद सुरक्षा बलों द्वारा निर्माण कार्य की गति में कोई कमी नहीं आई है। कैंप स्थापना के दौरान नक्सली स्मारक भी ध्वस्त किए गए, सभी जवान, जनता के हित को ध्यान में रखते हुए दिन-रात मेहनत करके उन्हें सभी आधारभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस बेस की स्थापना अबूझमाड़ के भीतरी हिस्सों में, जो लंबे समय तक वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से प्रभावित रहे हैं।

**कार्यालय अधिष्ठाता**
**छिन्दवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस छिन्दवाड़ा (म.प्र.) 480001**
(An Institute Under Government of Madhya Pradesh)
Email: deanmedicalcollegechhindwara@gmail.com दूरभाष 07162-297009

क्र./निविदा/सिम्स/13/2025/13485 छिन्दवाड़ा दिनांक - 04.12.25

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

छिन्दवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, छिन्दवाड़ा एवं संबद्ध जिला चिकित्सालय छिन्दवाड़ा के लिये केमिकल्स, कंज्यूमेबल्स, सर्जिकल्स, सुचर्स इत्यादि के स्थानीय क्रय हेतु ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाना है निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) एवं समस्त निविदा संबंधी विवरण प्रकाशन दिनांक से राज्य शासन की अधिकृत ई-टेण्डरिंग बेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर डाउनलोड कर देखी जा सकती है एवं ऑन-लाईन निविदा के प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित जमा कर क्रय की जा सकेगी। साथ ही प्रोसेसिंग शुल्क देय होगा। निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत एवं निरस्त करने का पूर्ण अधिकार संस्था के पास सुरक्षित होगा।

नोट- निविदा में किसी भी प्रकार का आवश्यक संशोधन होने पर https://www.mptenders.gov.in पर अपलोड किया जावेगा, पृथक से कोई भी सूचना नहीं दी जावेगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी / अधिष्ठाता
G-22368/25 छिन्दवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमति शबनम बानो पति श्री मोहम्मद आरिफ मंसूरी निवासी- ए - 4 / 202, राजुल ड्रीम सिटी, अमखेरा, गोहलपुर जिला जबलपुर म.प्र. के द्वारा मौजा गुरदा, प.ह. गुरदा, डॉ अब्दुल कलाम वार्ड नं. 74, तह. आधारताल, जिला जबलपुर स्थित खसरा नं. 74/1 का भाग विक्रय रकवा 1080 वर्गफुट खाली प्लाट है जिसके स्वामी श्री अशोक कुमार निगम पिता स्व. श्री रामकिंकर निगम निवासी फोरमेन प्राईवेट कैमोर, जिला कटनी म.प्र. हालमुकाम जबलपुर म.प्र. के स्वामित्व की भूमि को क्रय करने का सौदा कर लिया है। निकट भविष्य में रजिस्ट्री बैनामा का निष्पादन होना शेष है। जिस किसी व्यक्ति / वारसान, बैंक संस्थान, शासकीय एवं अर्धशासकीय संस्थान को किसी प्रकार से आपत्ति हो तो मूल दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के अंदर आपत्ति पेश करें। समय अवधि बीत जाने के बाद किसी प्रकार से कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी एवं मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त संपति की रजिस्ट्री बैनामा निष्पादन करा लिया जावेगा।

जबलपुर
दिनांक- 06/12/2025
भवदीय
अशोक बालानी (अधिवक्ता)
F-9, मनी प्लाजा मार्केट, बड़ी ओमती, जबलपुर
मो. 9827357633

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमति निकहत जमील पति श्री मजहर आलम खान निवासी - 302 - बी, वजीराबाद, गोरखपुर, गोखनाथ मंदिर, जिला गोरखपुर उ.प्र. हालमुकाम जबलपुर म.प्र. के द्वारा मौजा गुरदा, प.ह. गुरदा, डॉ अब्दुल कलाम वार्ड नं. 74, तह. आधारताल, जिला जबलपुर स्थित खसरा नं. 74/1 का भाग विक्रय रकवा 1500 वर्गफुट खाली प्लाट है जिसके स्वामी श्री संतोष कुमार निगम पिता स्व. श्री रामकिंकर निगम निवासी - आई.जी. 153, मानसरोवर कालोनी, माधव नगर, जिला कटनी म.प्र. हालमुकाम जबलपुर म.प्र. के स्वामित्व की भूमि को क्रय करने का सौदा कर लिया है। निकट भविष्य में रजिस्ट्री बैनामा का निष्पादन होना शेष है।। जिस किसी व्यक्ति / वारसान, बैंक संस्थान, शासकीय एवं अर्धशासकीय संस्थान को किसी प्रकार से आपत्ति हो तो मूल दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के अंदर आपत्ति पेश करें। समय अवधि बीत जाने के बाद किसी प्रकार से कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी एवं मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त संपति की रजिस्ट्री बैनामा निष्पादन करा लिया जावेगा।

जबलपुर
दिनांक- 06/12/2025
भवदीय
अशोक बालानी (अधिवक्ता)
F-9, मनी प्लाजा मार्केट, बड़ी ओमती, जबलपुर
मो. 9827357633

## विकास के लिए सुझाव दें, कार्यों का लेखा-जोखा जनता तक पहुंचाएं: सीएम डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सभी विधायक अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर अब तक सम्पन्न विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी जनता तक पहुंचाएं। इससे सरकार और जनप्रतिनिधियों के प्रति जनता का भरोसा और मजबूत होगा तथा आने वाले वर्षों की कार्ययोजना भी स्पष्ट रूप से सामने आ सकेगी। विकास कार्यों के मद्देनजर आपके क्षेत्र में क्या बेहतर हो सकता है, इस संबंध में सांसद, पूर्व सांसद, विधायकों से विचार-विमर्श कर एक विजन डॉक्यूमेंट तैयार करें। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भाजपा विधायक दल की बैठक को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने शुक्रवार को भाजपा विधायक दल की बैठक को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में निवेश लगातार आ रहा है और बीते दो सालों में 6 लाख लोगों को निजी क्षेत्र की नौकरियों और रोजगार से जोड़ा गया है। अभी तक 6 लाख करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और भूमिपूजन किया जा चुका है तथा जल्द ही 2 लाख करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया जाएगा। दो सालों में सरकार 8 लाख करोड़ की विकास परियोजनाओं पर काम करेगी।




### बूथ स्तर तक गंभीरता से कार्य करने की आवश्यकता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एसआईआर को लेकर कहा कि आने वाले डेढ़ महीनों का समय हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक विधायक को इस प्रक्रिया में पूर्ण सक्रियता और समर्पण के साथ शामिल होना होगा, क्योंकि आने वाले चुनाव इसी मतदाता सूची के आधार पर होंगे। 2026 से हर साल लगातार चुनाव होंगे। इसलिए एसआईआर को लेकर बूथ स्तर तक गंभीरता से कार्य करने की आवश्यकता है। सभी जगह एल्डरमेन, जनभागादारी, रोगी कल्याण आदि समितियों की घोषणा जल्द की जानी है।

### *एसआईआर प्रक्रिया के अगले डेढ़ माह होंगे अत्यंत निर्णायक : खंडेलवाल*

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि विधायकों पर क्षेत्र की समस्याओं का निदान करने के साथ ही सरकार के कामकाज को जनता तक पहुंचाने की दोहरी जिम्मेदारी है। हमें संगठन और सरकार द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों पर खरा उतरना है। सभी विधायक अपने क्षेत्रों में बूथ स्तर तक जाकर संगठन की गतिविधियों का नियमित निरीक्षण करें और कार्यकर्ताओं से निरंतर संवाद बनाए रखें। खण्डेलवाल ने कहा कि जैसे मंत्री प्रदेश कार्यालय में नियमित रूप से बैठक कर रहे हैं, उसी प्रकार विधायक भी सप्ताह में एक दिन जिला अध्यक्ष और सांसद के साथ जिला कार्यालय में बैठकर कार्यकर्ताओं और जनता की समस्याएं सुनें।*

## 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ हुई दुष्कर्म की वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले में 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई है। इस घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया है। आरोपी को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। वहीं इसकी सूचना पुलिस को दे दी गई है। उरगा थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की बात कही है।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सिवनी (म.प्र.)**

विज्ञापन पत्र क्रमांक/3812/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड/2025 **निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)** सिवनी, दिनांक- 03 /12/2025

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्युरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार हैं :-

| निविदा सूचना क्र./दिनांक | ई-टेण्डरिंग पद्धति क्रमांक | कार्य का नाम | कुल अनुमानित लागत (रू. लाख में) | कुल अमानती राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि | ऑन लाइन बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समय अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 19/ नि.प्र. /2025-26 दिनांक 26/11/2025 | 2025_PHED_464777_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड सिवनी-1 के विभिन्न ग्रामों में स्थापित हैण्डपम्पों का मरम्मत, संचालन/संधारण एवं क्लोरीनेशन हेतु आवश्यक मजदूर एवं वाहन सहित उपलब्ध कराने का कार्य समूह क्रमांक 01 | 9.03 | 18,060.00 | 2,000.00 | 22/12/2025 | 22/12/2025 | 365 दिवस (वर्षाकाल सहित) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म/ठेकेदार |
| 19/ नि.प्र. /2025-26 दिनांक 26/11/2025 | 2025_PHED_464778_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड सिवनी-2 के विभिन्न ग्रामों में स्थापित हैण्डपम्पों का मरम्मत, संचालन/संधारण एवं क्लोरीनेशन हेतु आवश्यक मजदूर एवं वाहन सहित उपलब्ध कराने का कार्य समूह क्रमांक 02 | 11.2 | 22,040.00 | 2,000.00 | 22/12/2025 | 22/12/2025 | 365 दिवस (वर्षाकाल सहित) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म/ठेकेदार |

G-22338/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, सिवनी (म.प्र.)

**रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का दो दिवसीय भारत दौरा नई दिल्ली और मॉस्को में दोस्ती की एक नई इबारत लिख गया है। दोनों देशों ने मजबूत आर्थिक साझेदारी के लिए पंचवर्षीय योजना बनाने और व्यापार घाटे पर भारत की चिंताओं को दूर करने पर सहमति जताई। वैश्विक स्तर पर देखा जाए तो भारत के लिए अमेरिका के मुकाबले रूस ज्यादा भरोसेमंद है। शिखर बैठक ने इस भरोसे को और मजबूती दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि भारत पश्चिम के दबाव में आकर अपनी विदेश नीति तय नहीं करेगा। हमारी विदेश नीति के केंद्र में उसके राष्ट्रीय हित, ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक विकास प्राथमिकता में हैं। हालांकि, प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन से कहा कि यूक्रेन में युद्ध को शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त किया जाना चाहिए। इन सबके बीच पुतिन की भारत यात्रा एक बड़े वैश्विक बदलाव की ओर इशारा करती है। भारत अगर अमेरिका की तनी हुई भौंहों की उपेक्षा करने में सफल रहा तो रूस भी पश्चिमी देशों को ठेंगे पर लेने और भारत में अपना बाजार बढ़ाने के प्रयासों में सफल रहा। पुतिन की इस यात्रा के बाद यह सुनिश्चित होता दिख रहा है कि दोनों देश परस्पर विश्वास, सहायता एवं समर्पण की परिधि को सुदृढ़तापूर्वक आगे बढ़ाने के लिए सदैव कटिबद्ध रहेंगे। इसी का विश्लेषण करता *आजकल* का यह खास अंक...**

# पुतिन के दौरे का सामरिक-आर्थिक महत्व



**विश्लेषण**

रवि शंकर

स्वतंत्र पत्रकार

**रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का दो दिवसीय भारत दौरा और 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी मुलाकात, बदलते वैश्विक परिदृश्य में नई दिल्ली और मॉस्को के बीच ऐतिहासिक रूप से मजबूत संबंधों के महत्व को रेखांकित करती है। यह यात्रा न केवल दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा का मंच है, बल्कि यह दर्शाती है कि दबाव के बावजूद दोनों देशों के बीच की साझेदारी समय की कसौटी पर खरी उतरी है। यह भारत को वैश्विक मंच पर बहु-ध्रुवीय नीति पर चलने की ताकत देती है।**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का दो दिवसीय भारत दौरा और 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी मुलाकात, बदलते वैश्विक परिदृश्य में नई दिल्ली और मॉस्को के बीच ऐतिहासिक रूप से मजबूत संबंधों के महत्व को रेखांकित करती है। यह यात्रा न केवल दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा का मंच है, बल्कि यह दर्शाती है कि दबाव के बावजूद दोनों देशों के बीच की साझेदारी समय की कसौटी पर खरी उतरी है। पुतिन का यह दौरा न केवल पारंपरिक ऊर्जा जैसे तेल, गैस और रक्षा सहयोग तक सीमित है, बल्कि आर्थिक, तकनीकी, स्वास्थ्य, कृषि जैसे कई मोर्चों पर दोनों देशों की साझेदारी को आगे बढ़ाने की एक बड़ी योजना है। इस दौरान दोनों देशों ने 2030 तक व्यापार को 100 बिलियन डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य भी रखा है। पुतिन के भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों ने मजबूत आर्थिक साझेदारी के लिए पंचवर्षीय योजना बनाने और व्यापार घाटे पर भारत की चिंताओं को दूर करने पर सहमति जताई। दोनों पक्षों ने कुल 11 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। हालांकि, प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन से कहा कि यूक्रेन में युद्ध को शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त किया जाना चाहिए।

## आर्थिक साझेदारी महत्वपूर्ण

मोदी और पुतिन के बीच शिखर वार्ता का मुख्य बिंदु तेल और रक्षा के पारंपरिक क्षेत्रों में सहयोग से हटकर आर्थिक साझेदारी को महत्वपूर्ण रूप से व्यापक बनाना था, हालांकि पश्चिमी देशों द्वारा भारत पर रूस के साथ अपने संबंधों को कम करने के लिए दबाव बढ़ रहा था। बैठक के बाद दोनों नेताओं ने आठ दशक से अधिक पुरानी भारत-रूस मित्रता को नई गति देने के अपने दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह मित्रता ''ध्रुव तारे'' की तरह अडिग बनी हुई है। व्लादिमीर पुतिन का यह भारत दौरा केवल एक मुलाकात भर नहीं, बल्कि यह दोनों देशों के रिश्तों में एक नए अध्याय की शुरुआत है। यह विश्व के बदलते समीकरण को भी नए सिरे से परिभाषित करने का काम करेगा। दरअसल, भारत पश्चिमी मुल्कों को यह संदेश देना चाह रहा है कि यह किसी के दबाव में विदेश नीति का निर्माण नहीं करता और ना ही किसी ध्रुव का हिस्सा है। वहीं, दूसरी ओर पुतिन चीन को यह बतलाना चाह रहे हैं कि रूस केवल एक देश पर निर्भर नहीं रहेगा बल्कि वह विकल्पों की तलाश में है।



## पश्चिम के देश असहज

अहम बात यह है कि बदलते वक्त के दौर में भी भारत और रूस एक-दूसरे के करीब नजर आए हैं। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद यह पुतिन की सबसे दुर्लभ विदेश यात्राओं में से एक है। पिछले तीन वर्षों से अमेरिका और यूरोप पुतिन को वैश्विक मंच से अलग-थलग करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत जब पुतिन का 'रेड कार्पेट' वेलकम करता है, तो पश्चिमी देशों की यह मुहिम कमजोर साबित होती दिखती है। रूस से भारत के संबंधों को लेकर पश्चिम के देश असहज भी रहते हैं। पश्चिमी देशों की कोशिश है कि पुतिन को अलग-थलग कर दिया जाए। लेकिन भारत जैसा बड़ा देश पुतिन का गर्मजोशी से स्वागत करता है। तो ऐसे में यूरोप की इस रणनीति पर पानी फिरता दिख रहा है। जब भारत जैसा बड़ा लोकतांत्रिक देश रूस के साथ बड़े समझौता करता है तो इससे बाकी दुनिया में एक संदेश जाता है कि पुतिन विश्व के अहम नेताओं की लिस्ट में शुमार हैं। रूस की इकॉनमी को कमजोर करने के इरादे से यूरोप और अमेरिका ने रूस पर कई बैन लगाए थे। लेकिन भारत सस्ती कीमत पर रूस से कच्चा तेल काफी मात्रा में खरीद रहा है। यूरोप को लगता है कि रूस पर लगे बैन के बावजूद उसे अच्छा-खासा रेवेन्यू मिल रहा है, जिसे वह यूक्रेन युद्ध में खर्च कर रहा है।

## यूरोप की रणनीति को धक्का

अमेरिका और यूरोप चाहता है कि रूस से कोई भी देश डिफेंस इक्विपमेंट या हथियारों का कोई कारोबार ना करे। लेकिन हथियारों के मामले में भारत हमेशा से रूस का सबसे बड़ा और भरोसेमंद खरीदार रहा है। इससे यूरोप की उस रणनीति को धक्का पहुंचता है, जिसमें वह चाहता है कि सैन्य रूप से भी रूस को अलग-थलग कर दिया जाए। पश्चिमी देश चाहते थे कि भारत यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस की खुलकर निंदा करें और वह यूरोप के खेमे में आ जाए। लेकिन भारत ने यहां अपनी विदेश नीति का पालन करते हुए इस पर निष्पक्ष रुख रखा। उसने रूस के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र में वोटिंग से दूरी बनाए रखी है और किसी भी पाले में शामिल नहीं हुआ। भारत के इस निष्पक्ष रुख से दोनों देशों के रिश्ते को और मजबूती मिलेगी। दरअसल, पश्चिमी देश रूस के खिलाफ पूरी दुनिया को लामबंद करना चाहते हैं, लेकिन पुतिन का भारत दौरा रूस-चीन-भारत के बीच मजबूत होते संबंध का मैसेज देता है। ऐसे में यूरोप के लिए पुतिन के इस दौरे को कूटनीतिक झटके के रूप में देखा जा सकता है। कुल मिलाकर दुनिया भर की नजर मोदी और पुतिन के बीच होने वाली बातचीत पर रही जिसमें दोनों नेताओं ने आठ दशक से अधिक पुरानी भारत-रूस मित्रता को नई गति प्रदान करने की अपनी दृढ़ इच्छा प्रदर्शित की। भारत, रूस और चीन का करीब आना अमेरिका के लिए कहीं न कहीं एक बड़ी चिंता है। अमेरिका ने उन देशों पर करीबी से निगरानी की जो रूस से तेल, गैस या अन्य संसाधन लेते हैं। इन सबके बाद भी भारत ने रूस से लगातार तेल खरीदना जारी रखा। यह सब अमेरिका और पश्चिमी देशों को बिल्कुल पसंद नहीं आ रहा था। ब्रिक्स में नई करेंसी की बात करना और अमेरिका के खिलाफ जाकर भारत का लगातार रूस से बड़े पैमाने पर तेल खरीदना इन्हीं सब चीजों को देखते हुए अमेरिका ने भारत के ऊपर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया। इन सब चुनौतियों के बाद भी भारत और रूस का करीब आना एक नए ग्लोबल शिफ्ट के रूप में देखा जा रहा है।

## भारत के लिए राष्ट्रहित अहम

यह स्पष्ट करता है कि भारत पश्चिम के दबाव में आकर अपनी विदेश नीति तय नहीं करेगा। भारत की विदेश नीति के केंद्र में उसके राष्ट्रीय हित, ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक विकास प्राथमिकता में हैं। इन सबके बीच पुतिन की भारत यात्रा एक बड़े वैश्विक बदलाव की ओर इशारा करती है। अमेरिका को यह डर है कि भारत रूस संबंधों में मजबूती, रूस, चीन और भारत के बीच रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने का काम करेगी। इससे भविष्य में अमेरिका और पश्चिमी देशों का जो प्रभुत्व है, वह कमजोर हो सकता है। यह यात्रा केवल समझौतों पर हस्ताक्षर करने से कहीं अधिक है, यह एक रणनीतिक आश्वासन है। यह भारत को वैश्विक मंच पर बहु-ध्रुवीय नीति पर चलने की ताकत देती है।

# अनुपम मित्रता का श्रेष्ठ उदाहरण हैं भारत-रूस



**आयाम**

विकेश कुमार बडोला

स्वतंत्र पत्रकार

दो दिवसीय यात्रा पर भारत पधारे रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन का न केवल भारतीय शासन ने अत्यंत गरिमामयी ढंग से राजकीय सम्मान किया, अपितु देश के लोगों में भी उनके आगमन से अपार हर्ष है। पुतिन की इस यात्रा से दोनों देशों के ऐतिहासिक पारस्परिक संबंधों को एक नया विश्वसनीय आयाम प्राप्त हुआ है। हालांकि भारत-रूस के संबंध गत नौ-दस दशकों से विभिन्न क्षेत्रों में परस्पर विश्वास तथा सहायता पर आधारित ही रहे हैं, किंतु गत एक दशक में विविध क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों की एक नवायामी दिशा परिलक्षित होती हुई दिखाई दे रही है। इससे विश्व के देशों की नई शक्ति श्रेणी निर्धारित हो रही है। अमेरिका, चीन तथा यूरोपीय देशों की परहितकारी गुप्त नीतियों को भारत-रूस की मैत्री से कठिन चुनौतियां मिल रही हैं। संभवतः विश्व में भारत एवं रूस ही ऐसे दो देश हैं, जिनका संयोजन स्वार्थ की भेंट नहीं चढ़ा। इनके मध्य उपभोक्ता उत्पादों के व्यापार में अधिक भागीदारी न होने के बाद भी, दोनों ही राष्ट्रों ने इस कारण कभी पराभव अनुभव नहीं किया। इसके विपरीत भूराजनीतिक, आर्थिक, युद्धक एवं अन्य संकटों की समयावधि में दोनों ही देशों ने एक-दूसरे की बढ़चढ़ कर सहायता की है।

***दोनों ही देशों के मध्य सोवियत संघ के समय से ही द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश समझौतों का दीर्घकालिक दृढ़ संबंध रहा है, किंतु कुछ वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार इनके आर्थिक समन्वयन के साथ नवशिखर तक पहुंचा है।***

अभी पुतिन की इस यात्रा के बाद तो सुनिश्चित होता दिख रहा है कि दोनों देश परस्पर विश्वास, सहायता एवं समर्पण की परिधि को सुदृढ़तापूर्वक आगे बढ़ाने के लिए सदैव कटिबद्ध रहेंगे। पुतिन ने इससे पहले सन् 2000, 2012, 2014, 2018, 2021 में पांच बार भारत की यात्रा की है। कोरोना काल के बाद उनकी यह पहली भारतीय यात्रा है। हालांकि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्तारूढ़ होने के बाद सात बार रूस की यात्रा की है, किंतु गत सितंबर में चीन के तियानजिन में एससीओ शिखर वार्ता में रूस के साथ द्विपक्षीय वार्ता के समय दोनों राष्ट्राध्यक्षों के मध्य पुतिन की कार में बैठकर परस्पर व गुप्त संवाद करने का जो चित्र-चलचित्र प्रसारित हुआ था, उससे भलीभांति अवगत हो गया था कि विश्व, विशेषकर दक्षिण एशिया में अमेरिकी कूटनीतिक प्रसारण पर प्रतिबंध हेतु अधि संभवतः रूस-भारत तथा कम संभावित रूप में रूस-भारत-चीन के बीच एक नई वैश्विक राजनीतिक समझ विकसित होने लगी है। पुतिन की भारत यात्रा की समयावधि में यह पहली बार है कि दोनों देशों की ओर से रक्षामंत्रियों, विदेशमंत्रियों एवं सुरक्षा सलाहकारों के स्तर पर टू प्लस टू वार्ता का आयोजन किया गया। पुतिन-मोदी की अध्यक्षता में संपन्न 23वें भारत-रूस वार्षिक सम्मेलन के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य तथा भारतीय विदेश मंत्रालय की प्रेस भेंटवार्ता से स्पष्ट है कि दोनों देश अब आगे भविष्य में सामरिक संबंधों के साथ-साथ आर्थिक-व्यापारिक संबंधों को भी शक्तिसंपन्न करने हेतु संकल्पबद्ध हैं। दोनों नेताओं की भेंटवार्ताओं से भारत-रूस की कार्यनीतिक सहभागिता को नवदिशा प्राप्त हुई है। हालांकि दोनों ही देशों के मध्य सोवियत संघ के अस्तित्व के समय से ही द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश समझौतों का दीर्घकालिक दृढ़ संबंध रहा है, किंतु विगत कुछ वर्षों में दोनों का द्विपक्षीय व्यापार इनके आर्थिक समन्वयन के साथ नवशिखर तक पहुंचा है। सोवियत संघ के विघटन होने पर रूस की उत्पत्ति के बाद रूस-भारत का द्विपक्षीय व्यापार 1.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर की तुलना में वर्ष 2024-25 के वित्तीय वर्ष में 68.7 बिलियन डालर तक पहुंच चुका है।

इस शिखर वार्ता में द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। जहां पुतिन ने भारत को निर्बाध ऊर्जा आपूर्ति करते रहने का आश्वासन दिया है, वहां दोनों देशों ने निवेश अनुबंधों के अंतर्गत भारतीय कंपनियों को रूस के तेल एवं गैस, औषधि व सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में, तो रूसी कंपनियों को भारत के ऊर्जा, अवसंरचना निर्माण तथा विनिर्माण क्षेत्रों में पहले से अधिक निवेश करने के लिये प्रेरित किया है। वार्ता में ऐसे ही विभिन्न कार्यक्षेत्रों सहित निर्बाध एवं सुगम पारस्परिक प्रवासन व गतिशीलता के 16 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिससे दोनों देशों के बीच सहयोग अधिक बढ़ेगा। पुतिन की यात्रावधि में महत्त्वपूर्ण इंडिया-रूस बिजनेस फोरम में मोदी ने विश्व में सबसे कम मूल्यों के साथ उपलब्ध श्रेष्ठ गुणवत्ता की भारतीय औषधियों के निर्माण में रूसी औषध उद्योग के सहयोग का आह्वान भी किया है। लगभग सभी क्षेत्रों में रूस ने भारत की हमेशा एक सच्चे मित्रराष्ट्र के रूप में सहायता की है। प्रत्युत्तर में भारत ने भी अपने मैत्रीपूर्ण कर्त्तव्यों का सदैव उत्तरोत्तर निर्वहन किया है।

# हैदराबाद हाउस से उठती कूटनीति की गूंज



**समीकरण**

कांतिलाल मांडोत

स्वतंत्र पत्रकार

हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात सिर्फ दो राष्ट्राधिकारियों का औपचारिक संवाद नहीं था, बल्कि एक ऐसे वक्त में हुई ऐतिहासिक बैठक थी जब वैश्विक राजनीति कई मोर्चों पर तीव्र परिवर्तन से गुजर रही है। विश्व व्यवस्था के बदलते समीकरण, यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि, अमेरिका और पश्चिमी शक्तियों का बढ़ता दबाव, एशिया की नई रणनीतिक प्राथमिकताएं आदि इन सभी के बीच पुतिन का भारत आना और भारत द्वारा अपनी कूटनीतिक स्थिति स्पष्ट रूप से दुनिया के सामने रखना बेहद महत्वपूर्ण है। इस उच्चस्तरीय मुलाकात में भारत ने यह दो टूक कहा कि वह न्यूट्रल नहीं है, बल्कि शांतिपक्ष में है। यह बयान अपने आप में भारत की परिपक्व, आत्मविश्वासी और स्वतंत्र विदेश नीति का परिचायक है। भारत ने दुनिया को संकेत दिया कि वह किसी खेमे की राजनीति में नहीं बँधने वाला, बल्कि उसकी प्राथमिकता वैश्विक शांति, स्थिरता और संवाद है। यही भारतीय विदेश नीति की वह धारा है जिसने दशकों से भारत को वैश्विक मंच पर विश्वसनीय, संतुलित और दूरदर्शी राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। यही कारण है कि पुतिन ने खुलकर कहा कि भारत खुशकिस्मत है कि उसके पास मोदी जैसे नेता हैं और उन्होंने यूक्रेन संकट में भारत की शांति कोशिशों की सराहना की। पुतिन का यह औपचारिक आभार न केवल हिंद-रूसी रिश्तों की मजबूती को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि भारत आज उस स्थिति में है जहाँ विश्व की प्रमुख शक्तियां उसकी मध्यस्थता, उसके संवाद और उसके रुख को गंभीरता से सुनती हैं। भारत के राष्ट्रपति भवन में पुतिन को 21 तोपों की सलामी दी गई। यह सम्मान उस गहरे द्विपक्षीय भरोसे और परंपरा का प्रतीक है जिसने दोनों देशों को दशकों से जोड़ा हुआ है। पुतिन ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। यह कदम न केवल भारत की महान सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देता है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि वैश्विक संघर्षों के बीच गांधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांत आज भी समाधान का मार्ग हो सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन की इस यात्रा को ऐतिहासिक बताया। यह शब्द केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक कूटनीतिक संदेश है। ऐसे समय में जब पश्चिमी देशों में रूस के साथ संवाद सीमित हो गया है, भारत का यह रुख उसकी रणनीतिक स्वायत्तता का प्रमाण है। यह भारत की उस भूमिका को भी रेखांकित करता है जो वह वैश्विक शांति के लिए निभा सकता है। पुतिन का यह दौरा अमेरिकी और पश्चिमी दबावों के बीच हुआ। लेकिन भारत ने जिस सहजता, गरिमा और स्पष्टता के साथ अपनी स्थिति रखी, वह उसके आत्मविश्वास को दर्शाता है।

***भारत ने दुनिया को संकेत दिया कि वह किसी खेमे की राजनीति में नहीं बंधने वाला, बल्कि उसकी प्राथमिकता वैश्विक शांति, स्थिरता और संवाद है।***

# भारत और रूस के बीच अहम डील

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अहम बैठक के बाद दोनों देशों के बीच कई समझौते हुए हैं।

- भारत सरकार और रूसी संघ की सरकार के बीच एक राज्य के नागरिकों की दूसरे राज्य के क्षेत्र में अस्थायी श्रम गतिविधि पर समझौता।
- भारत और रूस के बीच अनियमित प्रवासन से निपटने में सहयोग पर समझौता।
- भारत के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और रूसी संघ के स्वास्थ्य मंत्रालय के बीच स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सा शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता।
- भारत और परिवार कल्याण मंत्रालय के भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में उपभोक्ता अधिकार संरक्षण और मानव कल्याण पर निगरानी हेतु संघीय सेवा (रूसी संघ) के बीच समझौता।
- ध्रुवीय जल में परिचालन करने वाले जहाजों के लिए विशेषज्ञों के प्रशिक्षण पर भारत गणराज्य सरकार के बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय और रूसी संघ के परिवहन मंत्रालय के बीच समझौता।
- भारत के बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय और रूसी संघ के समुद्री बोर्ड के बीच समझौता।
- मेसर्स जेएससी यूरालकेम और मेसर्स राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड तथा नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड और इंडियन पोटाश लिमिटेड के बीच समझौता।
- भारत और रूसी संघ के बीच माल और वाहनों के आवागमन के संबंध में आगमन-पूर्व सूचना के आदान-प्रदान में सहयोग के लिए भारत गणराज्य सरकार के केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड और संघीय सीमा शुल्क सेवा (रूसी संघ) के बीच प्रोटोकॉल।
- भारत के संचार मंत्रालय के डाक विभाग और जेएससी रूसी पोस्ट के बीच द्विपक्षीय समझौता।
- रक्षा उन्नत प्रौद्योगिकी संस्थान, पुणे और संघीय राज्य स्वायत्त उच्च शिक्षा शैक्षणिक संस्थान ₹नेशनल टॉम्स्क स्टेट यूनिवर्सिटी, टॉम्स्क के बीच वैज्ञानिक और शैक्षणिक सहयोग पर समझौता।
- मुंबई विश्वविद्यालय, लोमोनोसोव मॉस्को स्टेट यूनिवर्सिटी और रूसी प्रत्यक्ष निवेश कोष की संयुक्त स्टॉक कंपनी प्रबंधन कंपनी के बीच सहयोग के संबंध में समझौता।
- प्रसार भारती, भारत और संयुक्त स्टॉक कंपनी गजप्रोम-मीडिया होल्डिंग, रूसी संघ के बीच प्रसारण पर सहयोग और सहभागिता के लिए समझौता।

## कार्टूनिस्ट की नजर में ...




# भारत ने दिया दोस्ती, सार्वभौमिकता और खुदमुख्तारी का सन्देश



**कूटनीति**

सुनील अमर

स्वतंत्र पत्रकार

रशियन फेडरेशन के राष्ट्रपति ब्लादिमिर पुतिन अपनी दो दिवसीय भारत यात्रा पूरी कर जा चुके हैं। इस यात्रा के दौरान दोनों नेताओं यानी राष्ट्रपति पुतिन और प्रधानमन्त्री मोदी के बीच खूब गर्मजोशी दिखाई पड़ी और पुतिन की अगवानी करने के लिए तो प्रधानमन्त्री मोदी ने निर्धारित प्रोटोकॉल को भी तोड़ दिया, जैसा कि वे इसके पहले भी कई बार अन्य शासनाध्यक्षों की अगवानी के लिए कर चुके हैं। पुतिन की इस यात्रा से क्या निष्कर्ष निकलते हैं, इसका तो अभी आने वाले दिनों में गुणा-भाग किया जाएगा लेकिन फिलहाल यह यात्रा अपने प्राथमिक उद्देश्य में सफल कही जा सकती है। भारत अगर अमेरिका की तनी हुई भौंहों की उपेक्षा करने में सफल रहा तो रूस भी पश्चिमी देशों को ठेंगे पर लेने और भारत में अपना बाजार बढ़ाने के प्रयासों में सफल रहा। प्रधानमन्त्री मोदी ने बहुत स्पष्ट शब्दों में दुनिया को सन्देश दिया कि वैश्विक मंच पर भारत न्यूट्रल नहीं है। भारत हमेशा शान्ति का तरफदार रहा है। थोड़ा गहराई में जाएं तो पाएंगे कि इस तरह की यात्रायें, जितना राजनीतिक दिखायी पड़ती हैं, उससे कहीं ज्यादा कूटनीतिक और व्यापारिक होती हैं। इस यात्रा का भी लब्बोलुआब कूटनीति और व्यापार ही रहा है। यूक्रेन से हो रहे युद्ध में पश्चिमी देशों ने रूस पर तमाम तरह के व्यापारिक प्रतिबन्ध लगाकर उसे अलग-थलग और आर्थिक तौर पर कमजोर करने की कोशिश की है और अमेरिका तो रूस के लिए आग बबूला हुआ बैठा है।

ऐसे में रूस को अपना काम-धंधा चलाने और यूक्रेन से लड़ाई लड़ने की दो गम्भीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे कठिन समय में रूस के दो पुराने मित्र भारत और चीन ने निश्चित तौर पर उसे व्यापारिक सहारा दे रखा है। भारत आने से पहले मार्च 2024 में पुतिन ने चीन का भी राजकीय दौरा किया था। भारत और रूस के कई दशक पुराने द्विपक्षीय सम्बन्ध और समझौते रहे हैं। ध्यान रहे कि कोई भी रूसी राष्ट्रपति आज तक पाकिस्तान नहीं गया है। ऐसा लगता है कि वर्ष 1979 से 1989 के बीच अफगानिस्तान में रूसी दखल के समय पाकिस्तान ने अमेरिकी मदद खाकर रूस का जो विरोध किया था, उसको रूस अभी तक भूल नहीं पाया है। भारत और रूस की इस 23वीं शिखर बैठक में जो अहम समझौते किए गए हैं, उनमें एक-दूसरे से सहयोग के अलावा मेडिकल शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और उसके मानक, पर्यटन, पोलर शिप्स, मैरीटाइम कोऑपरेशन तथा रासायनिक उर्वरक आदि बताये जा रहे हैं। असल में भारत रूसी सामानों और उत्पादों का बहुत बड़ा ग्राहक है। आप अनुमान लगा सकते हैं कि चालू वित्तीय वर्ष में भारत-रूस के बीच लगभग 68.7 अरब अमेरिकी डॉलर का व्यापार हुआ है। इसमें चिन्ताजनक बात यह है कि रूस ने तो हमको 63.84 अरब डॉलर का सामान बेचा है लेकिन भारत से सिर्फ 05 अरब डॉलर का ही सामान खरीदा है! ऐसे में यह बहुत बड़ा व्यापार असंतुलन का विषय है। देखना होगा कि वर्ष 2030 तक इस द्विपक्षीय व्यापार को लगभग 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने की जो योजना बनाई गई है, उसमें भारत का निर्यात कितना बढ़ता है। भारत कृषि, दवा, उपभोक्ता सामान, कपड़ा तथा औद्योगिक सामाग्री का बड़े पैमाने पर रूस को निर्यात कर सकता है। अभी तो इस आपसी व्यापार में तसल्ली की बात यही कही जा सकती है कि रूस भारतीय मुद्रा में भी कुछ भुगतान स्वीकार करता है।



**देखना होगा कि वर्ष 2030 तक इस द्विपक्षीय व्यापार को लगभग 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने की जो योजना बनाई गई है, उसमें भारत का निर्यात कितना बढ़ता है।**

रूसी रक्षा उत्पादों का भारत बहुत पुराना और बड़ा ग्राहक है। इस बार भी रक्षा सम्बन्धी कुछ सौदे हुए हैं लेकिन यूक्रेन युद्ध के समय से ही रूस पर जो आर्थिक प्रतिबन्ध लगे हैं, उससे उसकी उत्पादन क्षमता और व्यवस्था प्रभावित हुई है और वह निश्चित समय पर अपने व्यापार करार पूरे नहीं कर पा रहा है। भारत को खासकर रूसी रक्षा सौदों के मामलों में सतर्क रहने की जरूरत है कि आपूर्ति समय से हो सके। श्रमिकों के निर्बाध आवागमन की व्यवस्था बनाए जाने की बात कही गई है। इसमें अत्यन्त सावधान रहने की जररूरत है क्योंकि भारत से गए श्रमिकों को कथित तौर पर रूस में युद्ध के मैदान में लगा दिया गया था और अभी भी कुछ श्रमिक वहां फंसे बताये जा रहे हैं। भारत और रूस ने वर्ष 1971 में मित्रता और आपसी सहयोग को लेकर 20 वर्षों के लिए एक बड़ी शान्ति सन्धि की थी। यह रिश्ता आज तक चला आ रहा है। वैश्विक स्तर पर देखा जाए तो भारत के लिए अमेरिका के मुकाबले रूस ज्यादा भरोसेमन्द है। अभी सम्पन्न 23वीं शिखर बैठक ने इस भरोसे को और आगे बढ़ाया है। हालांकि पुतिन के भारत आने से ऐन पहले ब्रिटेन, जर्मनी और फ्रांस के भारत स्थित राजदूतों ने अंग्रेजी दैनिक में एक संयुक्त लेख लिखकर रूस-यूक्रेन युद्ध के लिए रूस को जिम्मेदार ठहराया था। इसके अलावा कई यूरोपियन देशों ने अपरोक्ष तौर पर भारत से आग्रह किया था कि वे रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए पुतिन पर दबाव बनाये। उधर अमेरिकी मीडिया और विश्लेषकों ने इस बैठक को इस भाव में लिया कि पुतिन यह दिखाना चाहते हैं कि पश्चिमी देशों द्वारा उनके देश पर लगाये गए आर्थिक प्रतिबन्धों और उसे अलग-थलग करने की कोशिशों का उन पर कोई असर नहीं पड़ा है। अभी यह देखना दिलचस्प होगा कि 'सैंक्शन्स किंग' ट्रम्प इसको किस निगाह से देख रहे हैं।




हमारे देश में सोना हमेशा से ही धन और सुरक्षा का प्रतीक रहा है, लेकिन बदलते समय के साथ सोने में निवेश का तरीका भी बदल रहा है। अब सोने को घर में रखने, सुरक्षा की चिंता करने या मेकिंग चार्ज और जीएसटी भरने की जरूरत नहीं, क्योंकि गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड ने निवेशकों के लिए एक मॉडर्न, आसान और बिना झंझट वाला रास्ता खोल दिया है।

## निवेश का नया ट्रेंड : स्मार्ट निवेशकों की पहली पसंद

# गोल्ड ईटीएफ व फंड का धमाल

- एक गोल्ड ईटीएफ यूनिट का मतलब एक ग्राम सोने का 10वां हिस्सा
- इन यूनिट्स को एनएसई और बीएसई जैसी स्टॉक एक्सचेंजों पर खरीद या बेच सकेंगे
- सोना हमेशा से धन और सुरक्षा का प्रतीक रहा, अब निवेश का तरीका भी बदल गया
- अब सोने को घर में रखने, सुरक्षा की चिंता करने या मेकिंग चार्ज और जीएसटी भरना जरूरी नहीं
- गोल्ड ईटीएफ व फंड निवेशकों के लिए एक मॉडर्न, आसान और बिना झंझट वाला रास्ता खोला

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

हमारे देश में सोना हमेशा से ही धन और सुरक्षा का प्रतीक रहा है, लेकिन बदलते समय के साथ सोने में निवेश का तरीका भी बदल रहा है। अब सोने को घर में रखने, सुरक्षा की चिंता करने या मेकिंग चार्ज और जीएसटी भरने की जरूरत नहीं, क्योंकि गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड ने निवेशकों के लिए एक मॉडर्न, आसान और बिना झंझट वाला रास्ता खोल दिया है। कम खर्च, ऑनलाइन ट्रेडिंग की सुविधा और टैक्स के बड़े फायदे इन दोनों को आज के स्मार्ट निवेशकों के बीच सबसे लोकप्रिय विकल्प बना रहे हैं। जानकारों का कहना है कि भारत में सोना सिर्फ निवेश नहीं, बल्कि समृद्धि और सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है। पहले लोग ज्यादातर जेवर, सिक्के या सोने की ईंटें (बार) खरीदकर ही निवेश करते थे, क्योंकि यही आम तरीका था, लेकिन अब समय बदल गया है। आज ऐसे विकल्प मौजूद हैं, जिनमें न तो सोना घर पर रखने की जरूरत है और न ही सुरक्षा की चिंता रहती है। गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड दोनों विकल्प सोने में निवेश को आसान, सुरक्षित, और बिना झंझट वाला बना देते हैं। आप इन्हें शेयर की तरह ही मार्केट के खुले होने पर कभी भी खरीद-बेच सकते हैं।



### गोल्ड ईटीएफ में निवेश आसान

गोल्ड ईटीएफ में निवेश करना बहुत आसान होता है। आप इन्हें मार्केट के समय के दौरान तुरंत खरीद या बेच सकते हैं। इन पर लगने वाला सालाना खर्च भी कम होता है, करीब लगभग 0.50%। यह उन लोगों के लिए बेहतर विकल्प है, जो सोने की कीमत में होने वाले उतार-चढ़ाव का फायदा लेना चाहते हैं, बिना इस चिंता के कि सोना घर पर कैसे रखें या उसकी सुरक्षा कैसे करें।

### क्यों बेहतर हैं गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड

ये सस्ते होते हैं, खरीदना-बेचना आसान है, चोरी या स्टोरेज की चिंता नहीं, फिजिकल गोल्ड के झंझट (मेकिंग चार्ज, जीएसटी, सेफ्टी) पूरी तरह खत्म रहता है। इसके अलावा, आपको सोने का वही पारंपरिक फायदा भी मिलता है, जैसे महंगाई से बचाव, समय के साथ सोने का मूल्य स्थिर रहता है, अगर आप सोने में एक मॉडर्न, सुरक्षित और बिना झंझट वाला तरीका चाहते हैं, तो गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड सबसे बेहतर विकल्प नजर आते हैं।

### क्या इनकी सबसे बड़ी खासियत

- मेकिंग चार्ज नहीं लगता
- स्टोरेज की कोई दिक्कत नहीं
- चोरी या सुरक्षा की चिंता नहीं
- असली सोने की तुलना में कम खर्चे
- अगर आप सोने में निवेश को सिंपल और एफिशिएंट रखना चाहते हैं, तो ईटीएफ और फंड ऑफ फंड बेहतरीन विकल्प हैं।

### एक गोल्ड ईटीएफ का क्या होता है मतलब

- एक गोल्ड ईटीएफ यूनिट का मतलब होता है एक ग्राम सोने का दसवां हिस्सा, जिसे बैंक के सुरक्षित वॉल्ट में रखा जाता है। आप इन यूनिट्स को एनएसईऔर बीएसई जैसी स्टॉक एक्सचेंजों पर खरीद या बेच सकते हैं।

### गोल्ड फंड ऑफ फंड

- अगर आपके पास डीमैट अकाउंट नहीं है, या आप चीजों को और भी आसान रखना चाहते हैं, तो गोल्ड फंड ऑफ फंड अच्छा विकल्प है। ये फंड ज्यादातर पैसा गोल्ड ईटीएफ में ही निवेश करते हैं। मतलब आपको सोने का फायदा मिलता है, पर कोई स्टोरेज या सिक्योरिटी की टेंशन नहीं रहती।

### कम पैसों से निवेश की सुविधा

- गोल्ड फंड्स में सिर्फ 500 रुपये प्रति महीना एसआईपी से निवेश शुरू कर सकते हैं। इनके खर्च (एक्सपेंस रेश्यो), ईटीएफ के मुकाबले कुछ ज्यादा होते हैं, कुल मिलाकर करीब 1%, क्योंकि इनमें ईटीएफ का खर्च भी शामिल होता है, लेकिन इसका फायदा यह है कि डीमैट की जरूरत नहीं होती।

## शेयर और प्रॉपर्टी से लेकर रिटायरमेंट तक

# बेहद कारगर है 7 फीसदी का रूल

- इस नियम से शेयर में नुकसान कम करने में मदद मिलती है
- रिटायरमेंट प्लानिंग और रियल एस्टेट इनवेस्टमेंट में भी करता है सहायता
- निवेश से पहले जान लें तरीका, आंख बंद करके फॉलो न करें कोई नियम

सुझाव
बिजनेस डेस्क

निवेश से जुड़े फैसले करना जितना आसान लगता है, उतना है नहीं। गलत फैसले कभी-कभी पूरी प्लानिंग बिगाड़ देते हैं। इसलिए कई पॉपुलर इनवेस्टमेंट रूल यानी निवेश के नियम इस्तेमाल किए जाते हैं, ताकि फैसले करना आसान हो सके। ऐसा ही एक नियम है "7% रूल" यानी 7% का नियम. यह एक ऐसा रूल है, जिसे शेयर बाजार ट्रेडिंग से लेकर रिटायरमेंट प्लानिंग और रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट तक, इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन ऐसे किसी भी नियम को सिर्फ एक इंडिकेटिव टूल की तरह लेना चाहिए, इन्हें आंख मूंदकर फॉलो करना ठीक नहीं होता।

### शेयर बाजार में सात प्रतिशत का रूल

ट्रेडिंग करते समय भावनाओं में बहकर फैसला करना सही नहीं होता। कई बार हमारे स्टॉक्स या निवेश की कीमत गिरती रहती है, लेकिन हम स्टॉप लॉस पर अमल करने की जगह रिकवरी की उम्मीद में इंतजार करते रह जाते हैं। इस चक्कर में कई बार बड़ा नुकसान हो जाता है। स्टॉक मार्केट इनवेस्टमें में 7% रूल का मतलब यह है कि आपने कोई शेयर जिस प्राइस पर खरीदा है, उससे 7% नीचे गिरने पर उसे बेच दें, यानी 7% का स्टॉप लॉस लगाएं, इससे आप अपनी पूंजी को आगे चलकर होने वाले बड़े नुकसान से बचा पाएंगे। यहां 7% की लिमिट इसलिए रखी गई है, क्योंकि आंकड़ों पर आधारित कई रिसर्च में यह पाया गया है कि बाजार में माहौल सामान्य हो, तो कोई शेयर 7-8% से ज्यादा गिरने का मतलब उस कंपनी में कोई गंभीर दिक्कत हो सकता है। यानी यह लेवल एक अलार्म की तरह काम करता है। इस नियम से ट्रेडिंग में डिसिप्लिन आता है और भावनाओं को कंट्रोल करके सही फैसला किया जा सकता है।



### स्टॉक मार्केट और शेयर की चाल देखकर करें फैसला

हालांकि हर शेयर एक जैसा नहीं होता। कुछ ज्यादा उतार-चढ़ाव वाले होते हैं। ऐसे में 7% की जगह कभी-कभी 8-10% की दूरी रखनी पड़ सकती है, जबकि स्टेबल ब्लू-चिप स्टॉक्स के लिए 7% काफी है। यानी रूल वही है, लेकिन उसका इस्तेमाल स्टॉक मार्केट और शेयर की चाल देखकर करना चाहिए।

### रिटायरमेंट प्लानिंग में 7% विदड्रॉल रूल

रिटायरमेंट प्लानिंग करते समय एक बड़ा सवाल ये होता है कि रिटायरमेंट फंड में जमा पैसे कितने साल तक चल पाएंगे? इस सवाल का जवाब देने में भी 7% का रूल इस्तेमाल किया जाता है। यहां इस रूल का मतलब है कि आप अपनी कुल रिटायरमेंट सेविंग का 7% हिस्सा पहले साल में निकाल सकते हैं। यानी अगर आपके पास 1 करोड़ रुपये हैं, तो पहले साल 7 लाख रुपये निकाल सकते हैं। इसके बाद हर साल महंगाई के असर को देखते हुए थोड़ी बढ़ोतरी कर सकते हैं।

### रिटायरमेंट प्लानिंग में 7% विदड्रॉल रूल कितना सही

हालांकि रिटायरमेंट प्लानिंग के मामले में 7% विदड्रॉल का रूल बहुत एग्रेसिव माना जा सकता है। अगर कॉर्पस की बची रकम पर रिटर्न थोड़ा कम मिले या बाजार में गिरावट आ जाए तो इतना ज्यादा पैसा निकालना आपके फंड को जल्दी खत्म कर सकता है। खासकर अगर रिटायरमेंट के बाद लंबे समय तक उस फंड पर निर्भर रहना हो। आमतौर पर 4% विदड्रॉल बेहतर और लॉन्ग टर्म के लिए ज्यादा सुरक्षित माना जाता है. यानी 7% रूल को आंख मूंदकर फॉलो करने की जगह निवेश पर मिल रहे रिटर्न और आगे की जरूरतों को ध्यान में रखकर फैसला करना चाहिए।

### प्रॉपर्टी सेलेक्शन में 7% रिटर्न का रूल

अगर आप किराये पर देने के लिए प्रॉपर्टी खरीदना चाहते हैं, तो इस रूल से तुरंत अंदाजा लग जाता है कि डील फायदेमंद है या नहीं। इसके अनुसार किसी भी प्रॉपर्टी से एक साल में मिलने वाली रेंटल इनकम प्रॉपर्टी की वैल्यू के कम से कम 7% के बराबर होनी चाहिए। यानी अगर किसी घर या दुकान की कीमत 1 करोड़ रुपये है, तो उससे एक साल में कम से कम 7 लाख रुपये किराया मिलना चाहिए। यह रूल प्रॉपर्टी खरीदते समय अच्छे ऑप्शन की पहचान करना आसान बनाता है।

### रूल से सिर्फ मदद लें, फैसला खुद करें

7% रूल शेयर बाजार, प्रॉपर्टी परचेज और रिटायरमेंट जैसे तीन बड़े आर्थिक फैसलों में आपकी मदद कर सकता है, लेकिन हर व्यक्ति की आर्थिक स्थिति, उम्र और जोखिम उठाने की क्षमता अलग-अलग होती है। इसके अलावा मार्केट कंडीशन्स और भविष्य की संभावनाओं पर आधारित आउटलुक भी बदलते रहते हैं, इसलिए इस रूल को समझकर, जरूरत के हिसाब से एडजस्ट करके चलें, निवेश के बारे में सही फैसला तभी ले पाएंगे, जब किसी नियम पर आंख बंद करके यकीन करने की जगह सभी पहलुओं पर विचार करके कदम उठाएंगे।

## लग्जरी लाइफ या ईएमआई का मकड़जाल

# किसी मुगालते में तो नहीं जी रहे आप

- अमीरी सिर्फ दिखावे की तो नहीं, ये रेड फ्लैग देखकर हो जाएं अलर्ट
- ईएमआई और बीपीएनएल की मदद से अमीरों जैसे दिखने का प्रयास ने करें
- इस तरह तो कर्ज में ही फंसे रहेंगे आप, नहीं मिलेगी कहीं भी राहत
- सैलरी ईएमआई, क्रेडिट कार्ड बिल और उधारी में खत्म होना ठीक नहीं



सतर्कता
बिजनेस डेस्क

अगर आप भी सिर्फ दिखावे के लिए लग्जरी लाइफ जी रहे हैं और अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए लोन और कर्ज पर निर्भर हैं तो सावधान हो जाएं, आप कर्ज के मकड़जाल में फंसते जा रहे हैं। यह आपके जीवन को तबाह कर सकता है। मसलन दिखावे की अमीरी के लिए आप बैंक से लोन ले रहे हैं, बेहताशा क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल कर रहे हैं या फाइनेंसरों के जाल में फंस रहे हैं तो यह किसी भी नजरिये से ठीक नहीं हैं। सोशल मीडिया पर ट्रैवल फोटो, नई कार, ब्रांडेड फोन और फैशन देखकर लगता है कि बाकी सब लाइफ में मस्त हैं और आप पीछे रह गए हैं। इसके बाद शुरुआत होती है ईएमआई, क्रेडिट कार्ड और बीएनपीएल की दुनिया। यही मुगालता आपको कर्ज में फंसता है और इससे निकलना काफी मुश्किल हो जाता है। चूंकि व्यक्ति एक लोन चुकाने के लिए दूसरा लेता है, फिर तीसरा और एक दिन ऐसा आता है जब कर्ज उतारना ही मुश्किल हो जाता है और यह कर्ज का मकड़जाल व्यक्ति को आत्महत्या करने तक विवश कर देता है।

### फंसते जाएंगे कर्ज के दल-दल में

देखने में यह सब आसान लगता है, लेकिन धीरे-धीरे ये आदत कर्ज के दलदल की तरफ ले जाती है। अगर आप भी बिना सोचे-समझे ऐसी चीजें खरीद रहे हैं जो आपकी सैलरी अफोर्ड नहीं कर सकती, तो यकीन मानिए ये लाइफस्टाइल दिखने में ग्लैमरस है, लेकिन आपके फाइनेंशियल फ्यूचर के लिए बहुत खतरनाक।

### एक कर्ज चुकाने के लिए दूसरा कर्ज लेना

ये बहुत बड़ा अलर्ट है। अगर आप क्रेडिट कार्ड का बिल दूसरे कार्ड से भर रहे हैं, पर्सनल लोन की किस्त बीएनपीएल से दे रहे हैं, दोस्तों से उधार लेकर मिनिमम ड्यू भर रहे हैं तो समझ लीजिए, आप कर्ज के चक्रव्यूह में फंस चुके हैं। समय रहते यदि इस कर्ज के चक्रव्यूह से नहीं निकले तो आपको भारी परेशानियों का समना करना पड़ सकता है। इसलिए पहले से ही सावधान हो जाएं और एक कर्ज चुकाने के लिए दूसरा कर्ज न लें।

### ईएमआई में जा रहा सैलरी का 40% या उससे ज्यादा हिस्सा

अगर आपकी सैलरी 60,000 रुपये है, तो ईएमआई 24,000 रुपये से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। अगर आपकी रुपये इससे ज्यादा है, तो इसका मतलब है कि आपकी लाइफस्टाइल आपकी सैलरी से बड़ी है, और ये सीधा जोखिम है।

### आपके पास 3-6 माह के खर्च जितना इमरजेंसी फंड नहीं

असली अमीरी ब्रांड्स में नहीं, बल्कि इस बात में है कि अगर कल नौकरी चली जाए तो आप बिना उधार लिए जी सकें। अगर आपके पास 3 महीने का खर्च भी सेव नहीं है, तो आपकी 'अमीरी' सिर्फ दिखावा है। इसलिए दिखावे से पहले बचत की आदत डालें।

### सैलरी आते ही खत्म हो रही

अगर सैलरी आने से पहले ही तय हो चुका है कि वो ईएमआई, कार्ड और बिलों में चली जाएगी और आपके लिए कुछ नहीं बचेगा, तो ये साफ संकेत है कि आप पे-चेक टू पे-चेक में जी रहे हैं। इसका मतलब है कि आप पैसों को नहीं, पैसे आपको कंट्रोल कर रहे हैं। ऐसे हालात से भी आपका बचना बेहद जरूरी है।




समझदारी
बिजनेस डेस्क

# छोटे-छोटे निवेश करके भी तैयार कर सकते हैं बड़ा फंड

तीस हजार की सैलरी में भी बना सकते हैं 10 लाख का फंड
थोड़ा संयम और सावधानी से करना होगा निवेश
नियमित बचत से आप अपना भविष्य कर सकते हैं सुरक्षित

अगर आपकी आमदनी कम है और आप बचत करना चाहते हैं तो छोटा सा निवेश करके भी आसानी से 10 लाख रुपये तक का फंड जुटा सकते हैं, इससे आपको परेशानी भी नहीं होगी और आप अपनी जरूरत के हिसाब से फंड जुटा पाएंगे। इसके लिए आपको थोड़ा संयम बरताना होगा और वित्तीय योजना भी बनानी होगी। तभी आप अपने निवेश के मकसद में सफल हो पाएंगे। भविष्य में आने वाली मुश्किलों से बचने के लिए आर्थिक रूप से स्थिर होना बेहद आवश्यक है। कम सैलरी होने पर भी छोटे-छोटे निवेश करके एक बड़ा फंड बनाया जा सकता है। नियमित बचत से भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है। आज के समय में बचत बेहद जरूरी है। जीवन में कभी भी वित्तीय परेशानी आ सकती है। इस वित्तीय परेशानी से आपको बचत ही बचा सकती है, लेकिन कम सैलरी में सेविंग करना मुश्किल है। बहुत से फ्रेशर्स या युवाओं को शुरुआती सैलरी 30 हजार के आसपास मिलती है। लेकिन युवा इस सैलरी में भी आसानी से अपने लिए दस लाख रुपये तक का फंड एकत्र कर सकते हैं। इस रिपोर्ट में हमने कैलकुलेशन के दौरान मासिक सैलरी 30 हजार मानी है। 30 हजार मासिक सैलरी में खर्चों के साथ सेविंग करना मुश्किल है, लेकिन असंभव नहीं।

### 50:30:20 फॉर्मूला अपनाएं

आप सैलरी मैनेज के लिए 50:30:20 फॉर्मूला का इस्तेमाल कर सकते हैं।

- **50 फीसदी-** सैलरी का 50 फीसदी पैसा जरूरी खर्चों के लिए इस्तेमाल करें। 30 हजार सैलरी में आप 15 हजार अपने जरूरी खर्चे जैसे बिजली का बिल, राशन, किराया इत्यादि के लिए कर सकते हैं।



- **30 फीसदी-** इसके साथ ही 30 फीसदी पैसा आप सेविंग के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। 30 हजार रुपये से 9000 हजार रुपये आप सेविंग के लिए उपयोग कर सकते हैं।
- **20 फीसदी-** बाकी का बचा 20 फीसदी पैसा आप अपने शौक या मनोरंजन के लिए उपयोग कर सकते हैं।
- 30 हजार में आप 6000 रुपये आप मूवी देखना, नए कपड़े लेना इत्यादि ऐसे कामों के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।

### 9000 रुपये से कैसे बनाए 10 लाख रुपये का फंड?

जैसे की हमने ऊपर देखा कि आप 30 हजार सैलरी से आसानी से 9000 रुपये बचा सकते हैं। लेकिन आप 9000 रुपये पूरे म्यूचुअल फंड में निवेश न करें। आप इनमें से 5000 रुपये म्यूचुअल फंड और बाकी के 4000 रुपये आरडी या अन्य सुरक्षित स्कीम में निवेश करें। इससे आपका पोर्टफोलियो बैलेंस बनता है।

### म्यूचुअल फंड

- म्यूचुअल फंड में करें 5000 रुपये निवेश
- अगर आप 8 साल के लिए हर महीने 5000 रुपये निवेश करते हैं, तो 12 फीसदी रिटर्न के हिसाब से आपको 8,08,000 रुपये मिल जाएंगे। आपका केवल मूलधन ही 4,80,000 रुपये होगा।

### आरडी में करें 4000 रुपये



इसी तरह आप एसबीआई की आरडी में 6 साल के लिए हर महीने 4000 रुपये निवेश कर सकते हैं। 7.5 फीसदी रिटर्न के हिसाब से आपको मैच्योरिटी पर 3,64,580 रुपये मिल जाएंगे। इस तरह से आप 8 साल में ही 10 लाख रुपये का फंड आसानी से बना सकते हैं।

जानकारी
बिजनेस डेस्क

# क्रेडिट स्कोर को बढ़ाने के 5 आसान और असरदार तरीके

अगर आप भी अपना सिबिल स्कोर सुधारना चाहते हैं तो कुछ तरीकों को अपनाना होगा। तभी आप इसे दुरूस्त कर सकते हैं। सिबिल स्कोर आपकी वित्तीय जिम्मेदारी का आईना होता है। इसे बढ़ाने के लिए बिल समय पर चुकाएं, क्रेडिट का कम इस्तेमाल करें, बार-बार लोन न लें, अलग-अलग प्रकार के क्रेडिट रखें और रिपोर्ट नियमित चेक करें। इन आसान आदतों से आपका स्कोर मजबूत होगा और लोन आसानी से मिलेगा। क्या आप जानते हैं कि आपका सिबिल स्कोर आपके पैसे की जिम्मेदारी दिखाता है? यह सिर्फ नंबर नहीं, बल्कि आपकी वित्तीय आदतों का आईना है। एक अच्छा स्कोर होने से आप लोन या क्रेडिट कार्ड आसानी से पा सकते हैं और कम ब्याज दर का फायदा उठा सकते हैं। आइए उन आसान तरीकों के बारे में जानते हैं कि कैसे आप अपना सिबिल स्कोर बढ़ा सकते हैं और अपने वित्तीय भविष्य को मजबूत बना सकते हैं। सबसे जरूरी है कि आप अपने सभी बिल (ईएमआई , क्रेडिट कार्ड) समय पर चुकाएं। देर से पेमेंट करने से आपका स्कोर गिर सकता है। इसके लिए आप रिमाइंडर सेट कर सकते हैं या ऑटो-पे ऑप्शन का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### क्रेडिट का कम इस्तेमाल करें

अपने क्रेडिट कार्ड की पूरी लिमिट इस्तेमाल करना सही नहीं है। कोशिश करें कि आप अपनी लिमिट का केवल 30% ही इस्तेमाल करें। इससे बैंक और लोन देने वाले यह समझेंगे कि आप पैसे जिम्मेदारी से खर्च करते हैं।

### बार-बार लोन के लिए न करें आवेदन

जब आप बार-बार नया लोन या क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन करते हैं, तो यह आपके स्कोर पर असर डाल सकता है। इसलिए जरूरत पड़ने पर ही आवेदन करें और ज्यादा बार आवेदन न करें।

### अलग-अलग प्रकार के क्रेडिट रखे

एक अच्छा क्रेडिट प्रोफाइल बनाने के लिए सिक्योर्ड लोन (जैसे होम लोन, कार लोन) और अनसिक्योर्ड लोन (जैसे पर्सनल लोन, क्रेडिट कार्ड) दोनों होना चाहिए। यह दिखाता है कि आप अलग-अलग तरह के लोन को संभाल सकते हैं।

### क्रेडिट रिपोर्ट समय-समय करें चेक

अपनी क्रेडिट रिपोर्ट को हर कुछ महीनों में देखें। अगर कोई गलती या डुप्लिकेट अकाउंट हो तो तुरंत सुधार कराएं। सही जानकारी होने से आपका स्कोर सुरक्षित रहता है।

### क्या है क्रेडिट स्कोर

क्रेडिट स्कोर एक संख्या होती है जो आपकी क्रेडिट योग्यता को दर्शाती है। यह संख्या आपके पिछले क्रेडिट व्यवहार, जैसे कि लाने-देने की समय परता, क्रेडिट कार्ड का उपयोग, लाने-देने की मात्रा, और अन्य कारकों पर आधारित होती है। क्रेडिट स्कोर की रेंजभारत में क्रेडिट स्कोर की रेंज आमतौर पर 300 से 900 तक होती है। ज्यादा स्कोर अच्छा माना जाता है।

- **750 से ऊपर:** अच्छा क्रेडिट स्कोर (लाने-देने की अच्छी संभावना)
- **700-749:** औसत से अच्छा
- **600-699:** औसत
- **600 से नीचे:** खराब क्रेडिट स्कोर (लाने-देने में दिक्कत)

### क्रेडिट स्कोर को प्रभावित करने वाले कारक

1. पेमेंट हिस्ट्री (35%): समय पर बिल और ईएमआई का भुगतान।
2. क्रेडिट यूटिलाइजेशन (30%): क्रेडिट कार्ड की सीमा का कितना उपयोग किया।
3. क्रेडिट हिस्ट्री की लंबाई (15%): क्रेडिट खाते कितने पुराने हैं।
4. क्रेडिट मिक्स (10%): विभिन्न प्रकार के क्रेडिट (कार लाने, होम लाने, क्रेडिट कार्ड)।
5. नए क्रेडिट एप्लिकेशन (10%): बार-बार लाने के लिए आवेदन करना।

### क्रेडिट स्कोर क्यों महत्वपूर्ण है?

- **लाने-देने की मंजूरी:** अच्छा स्कोर होने पर लाने आसानी से मिलते हैं।
- **कम ब्याज दर:** अच्छा स्कोर होने पर ब्याज दर कम मिलती है।
- **क्रेडिट कार्ड ऑफर:** अच्छे स्कोर पर बेहतर क्रेडिट कार्ड मिलते हैं।

### रखें ध्यान

- क्रेडिट कार्ड की सीमा का 30% से कम उपयोग करें।
- अनावश्यक क्रेडिट कार्ड बंद करें।
- बार-बार लाने के लिए आवेदन न करें।
- क्रेडिट रिपोर्ट में गलतियां होने पर सुधार करें।



# सेना की वर्दी पहने नजर आए सलमान खान

**मुंबई।** सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' को लेकर चर्चाओं में हैं। लद्दाख में फिल्म की शूटिंग पूरी करने के बाद टीम ने मुंबई में भी अपना एक शेड्यूल पूरा कर लिया है। शूटिंग के दौरान सलमान की कुछ फोटोज भी सामने आई हैं। अब इन दिनों सलमान और चित्रांगदा की एक और तस्वीर शूटिंग से वायरल हो रही है। सोशल मीडिया पर सलमान खान और चित्रांगदा सिंह की एक तस्वीर वायरल है। यह तस्वीर 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग के सेट से ही है। इस तस्वीर में सलमान और चित्रांगदा दोनों ही भारतीय सेना की वर्दी में नजर आ रहे हैं।

लाइफStyle



# सान्या
## बनीं बेस्ट एक्ट्रेस, फेस्ट में मिला सम्मान

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में बॉलीवुड हंगामा ओटीटी इंडिया फेस्ट और इंडिया एंटरटेनमेंट अवॉर्ड्स का आयोजन हुआ था। इस इवेंट में ओटीटी और फिल्म जगत के कुछ बड़े नामों को सम्मानित किया गया। इस दौरान अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा ने फिल्म 'मिसेज' में बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब जीता।

खुशी जाहिर करते हुए अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनके साथ उन्होंने लिखा, "आपकी लड़की ने 'मिसेज' का खिताब जीत लिया। मैं आप सभी के प्यार की बहुत-बहुत आभारी हूं, जिसने हमारी फिल्मों पर प्यार बरसाया। फिल्म 'मिसेज' को इस तरह से अपनाने के लिए आप सभी का तहे दिल से धन्यवाद।" सान्या की इस पोस्ट पर फैंस और सेलेब्रिटीज की बधाइयों की बौछार हो रही है। अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी ने हार्ट इमोजी से प्रतिक्रिया दी। अभिनेत्री सान्या, जिन्होंने आमिर खान की फिल्म दंगल से अपने करियर की शुरुआत की थी। साल 2025 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'मिसेज' ने दर्शकों में गहरी छाप छोड़ी थी। इसने मनोरंजन करने के साथ-साथ एक गहरा संदेश भी दिया था। फिल्म की कहानी शादी करके ससुराल पहुंची महिला के रोजमर्रा की जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में दिखाया गया है कि ऋचा नाम की एक महिला अपने परिवार के साथ-साथ सपनों को भी पूरा करना चाहती है, लेकिन ससुराल में बने नियम-कानूनों के कारण वह सिर्फ घर के कामों में फंस जाती है। फिल्म के आखिर में वह इन बंधनों को तोड़कर अपने सपनों को पूरा करके जीवन की शुरुआत करती है।

हॉलीवुड मसाला



# वार्नर ब्रदर्स... खरीदने की घोषणा

**न्यूयॉर्क।** हॉलीवुड के सबसे जाने-माने स्टूडियोज में से एक, वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी को नेटफ्लिक्स ने खरीदने की घोषणा कर दी है। नेटफ्लिक्स के इस कदम ने मनोरंजन जगत में खलबली मचा दी है, क्योंकि वार्नर ब्रदर्स अपने आप में बड़ा नाम है और अब नेटफ्लिक्स के साथ मिलकर काम करने से दर्शकों को और अच्छा कंटेंट देखने को मिल सकेगा। नेटफ्लिक्स ने लगभग 82.7 अरब डॉलर की डील के साथ वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी (डब्ल्यूबीडी) को खरीदा है। ये दोनों कंपनियां मिलकर वैश्विक स्तर पर मनोरंजन जगत की बड़ी कंपनी बनकर उभरेंगी।




# केली की जिंदगी रोशनी और सन्नाटे की दास्तान

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा ग्रेस केली की जिंदगी किसी परीकथा की तरह शुरू हुई और एक ट्रैजेडी पर आकर थम गई। उनकी कहानी उस रोशनी और सन्नाटे की दास्तान है, जिसमें एक अभिनेत्री अपनी कला, अपनी इच्छाओं, अपनी पहचान और अपने भाग्य के बीच लगातार संघर्ष करती रही। फिलाडेल्फिया में 12 नवंबर 1929 को जन्मी ग्रेस को मंच से लगाव था। उन्हें लगता था कि कैमरा उनके सामने आते ही दुनिया थोड़ी शांत हो जाती है। अभिनय उनके लिए शौक नहीं, एक तरह का सुकून था—एक जगह जहां वे खुद को संपूर्ण महसूस करती थीं। यही भावना उन्हें ब्रॉडवे से हॉलीवुड लेकर आई और वहीं से उनका सितारा इतनी तेजी से चमका कि मात्र कुछ वर्षों में वे दुनिया की सबसे चर्चित और सम्मानित अभिनेत्रियों में शामिल हो गईं।



# तू मेरी मैं तेरा का गाना हम दोनों रिलीज

**मुंबई।** फिल्म के हाई-एनर्जी पार्टी एंथम के बाद अब सारेगामा, धर्मा प्रोडक्शंस और नमाह पिक्चर्स के साथ मिलकर दर्शकों को एक दिल छू लेने वाला, चुलबुला और रोमांटिक ट्रैक 'हम दोनों' तोहफे में दे रहा है। पार्टी के शोर-शराबे से दूर, यह गाना रे और रूमी की मासूम, शरारती और सोलफुल केमिस्ट्री को खूबसूरती से दिखाता है। ये गाना दो दिलों के करीब आने की कहानी को इतने प्यारे तरीके से पेश करता है कि ये हर मॉडर्न लेकिन दिल से ओल्ड स्कूल आशिक की प्लेलिस्ट में शामिल होने वाला है। इस गाने को अपनी जादुई आवाज़ दी है शेखर, विशाल ददलानी और श्रुति पाठक ने, जबकि इसका संगीत तैयार किया है सुपरहिट जोड़ी विशाल और शेखर ने। प्यार में डूबी इन लाइनों को लिखा है अन्विता दत्त ने और स्क्रीन पर इस खूबसूरत केमिस्ट्री को सजाया है।



# डकैत के किरदार में डूब गए अक्षय...

**मुंबई।** फिल्म धुरंधर में अक्षय खन्ना ने लयारी के माफिया रहमान डकैत का रोल अदा किया है। उन्होंने इस किरदार को इतनी खूबसूरत से निभाया है कि एक पल के लिए दर्शक भूल ही जाते हैं मानो ये अक्षय खन्ना हैं। साथ ही उनका लुक भी दमदार है। इस फिल्म में अक्षय खन्ना की अदाकारी का ही कमाल है कि फिलहाल सोशल मीडिया पर उनके नाम की चर्चा हो रही है और उन्हें खूब सर्च किया जा रहा है। इस साल फरवरी में रिलीज हुई विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' में अक्षय खन्ना ने औरंगजेब का रोल निभाकर तारीफें लूटी थीं। मगर, वह तो सिर्फ झांकी थी, असली रंग तो उन्होंने 'धुरंधर' में जमाया है। फिल्म में उन्हें स्क्रीन स्पेस भी काफी अच्छा मिला है, तो वे खूब लाइमलाइट लूट ले गए हैं। आलम ये हो गया है कि अक्षय दर्शकों की फेवरेट लिस्ट में शामिल हो गए हैं।

टीवी मसाला

# सारा-कृष ने हिंदू- मुस्लिम रीति-रिवाज से की शादी

**मुंबई।** सारा खान और कृष पाठक ने इस साल अक्टूबर मे विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के तहत कोर्ट मैरिज की थी। अब कपल ने रीति-रिवाज के साथ शादी रचाई है। सारा और कृष ने हिंदू और मुस्लिम दोनों रीति-रिवाज के साथ शादी की है। पहले कपल ने निकाह किया, फिर हिंदू रीति-रिवाज के साथ विवाह किया। शादी की खूबसूरत फोटोज कपल ने फैंस के साथ शेयर की हैं। सारा खान और कृष पाठक ने जीवन के नए अध्याय की शुरुआत की है। कोर्ट मैरिज के बाद कपल ने अब निकाह और विवाह करके एक-दूजे का हाथ थामा है। एक संयुक्त इंस्टाग्राम पोस्ट में शादी की तस्वीरें शेयर करते हुए कपल ने लिखा है, 'कुबूल है से सात फेरे तक..., हमारे प्यार ने अपनी खुद की एक स्क्रिप्ट लिखी है और हमारी दोनों दुनियाओं ने कहा-हां'। बता दें कि कृष पाठक अभिनेता सुनील लहरी के बेटे हैं। सुनील लहरी को 1980 के दशक के लोकप्रिय टेलीविजन धारावाहिक 'रामायण' में लक्ष्मण की भूमिका के लिए जाना जाता है। अपने पिता के नक्शेकदम पर चलते हुए, कृष पाठक ने अभिनय में कदम रखा। उन्होंने 'पीओडब्ल्यू- बंदी युद्ध के' और 'ये झुकी झुकी सी नजर' जैसे धारावाहिकों में अभिनय किया।





# प्रियंका ने जाह्नवी के संदेश का किया समर्थन

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में 'वी द विमेन' मंच से जाह्नवी कपूर का प्रभावशाली वीडियो शेयर कर उनके विचारों को खुलकर सराहा। इंस्टाग्राम स्टोरी पर इस क्लिप को री-पोस्ट करते हुए प्रियंका ने लिखा, "बातचीत से शुरुआत होती है, तो मैं भी शामिल होती हूं। प्रियंका ने जाह्नवी के बेबाक और सच्चे विचारों की जमकर तारीफ की। यह वीडियो बरखा दत्त के प्रमुख प्लेटफ़ॉर्म 'वी द विमेन' का है, जो देशभर की महिलाओं की आवाज, उनकी पहचान, महत्वाकांक्षाओं और सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर खुलकर चर्चा करने के लिए जाना जाता है। क्लिप में जाह्नवी कपूर बेहद साफगोई से स्त्रीत्व, समाज की अपेक्षाओं और "समानता" के असली मायनों पर बात करती दिखाई देती हैं। वह बताती हैं कि महिलाओं के अनुभवों को समझना और स्वीकारना कितना जरूरी है, बजाय इसके कि समानता को सिर्फ एक सतही अवधारणा तक सीमित कर दिया जाए। पीले रंग के आकर्षक आउटफिट में नजर आ रहीं जाह्नवी के स्पष्ट और आत्मविश्वास से भरे विचार दर्शकों के साथ गहराई से जुड़े और इन्हीं विचारों ने प्रियंका चोपड़ा को उन्हें अपने प्लेटफ़ॉर्म पर साझा करने के लिए प्रेरित किया।

# पुलकित ने किया चंकी के प्रति सम्मान जाहिर



**मुंबई।** हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेता पुलकित सम्राट ने अपनी आगामी रिलीज फिल्म 'राहु केतु' के को-स्टार और अनुभवी अभिनेता चंकी पांडे के प्रति जिस तरह सम्मान जताते हुए सराहना के शब्द कहे, उससे पूरा माहौल भावनात्मक हो गया। अपने काम के प्रति चंकी पांडे के समर्पण और जुनून की बातें साझा करते हुए पुलकित ने कहा, "पहली नज़र में चंकी सर को सेट पर आकर सीन करते देखना केकवॉक जैसा लगता है, लेकिन सच तो यह है कि वो उस सीन को परफेक्ट बनाने के लिए इतनी मेहनत करते हैं कि हमें सामने खड़े होने में शर्म आने लगती है। यकीन मानिए उनकी मेहनत देखकर हम खुद पेन-पेपर लेकर बैठ जाते हैं कि और क्या किया जा सकता है।" सीनियर एक्टर चंकी पांडे के साथ अपनी पहली फिल्म का अनुभव साझा करते हुए पुलकित ने यह भी कहा कि उनके साथ हर दिन ऐसा लगता था जैसे वे किसी स्कूल या किसी यूनिवर्सिटी में आ गए हों और बस सीखते ही जा रहे हैं।

# ओटीटी पर मनोरंजन का सैलाब! रिलीज हुई सात नई फिल्में और सीरीज....

*__मुंबई।__ इस वीक कई नई फ़िल्में और सीरीज अलग-अलग ओटीटी स्ट्रीमिंग प्लेटफ़ॉर्म पर रिलीज होने वाली हैं। इनमें रोमांटिक फिल्मों से लेकर डार्क साइकोलॉजिकल थ्रिलर और हॉरर फिल्में और सीरीज तक सब कुछ शामिल है। आप वीकेंड पर इनका मजा ले सकते हैं, इस कड़ाके की सर्दी में अपने घर पर आराम से चाय की चुस्की लेते हुए।*

**जे. केली - नेटफ्लिक्स :** जॉर्ज क्लूनी और एडम सैंडलर स्टारिंग यह कॉमेडी एक बूढ़े फ़िल्म स्टार की कहानी बताती है, जो अपने डेडिकेटेड मैनेजर के साथ यूरोप की ट्रिप पर निकलता है। फ़िल्म में फ़्लैशबैक का इस्तेमाल किया गया है क्योंकि दोनों अपनी ज़िंदगी के फ़ैसलों और रिश्तों के बारे में सोचते हैं। आप इसे इस वीक नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।



**द गर्लफ्रेंड - नेटफ्लिक्स :** रश्मिका मंदाना और दीक्षिता शेट्टी की क्रिटिक्स द्वारा सराही गई फ़िल्म "द गर्लफ्रेंड" को थिएटर में दर्शकों से ज़बरदस्त रिस्पॉन्स मिला। नेटफ्लिक्स ने डिजिटल राइट्स ले लिए हैं, जिससे दर्शक घर पर फ़िल्म का मज़ा ले सकते हैं। फ़िल्म 5 दिसंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई।


**द ग्रेट प्री-वेडिंग शो - जी5 :** तिरुवीर-स्टारर "द ग्रेट प्री-वेडिंग" को इसकी दिल को छू लेने वाली गांव की कहानी के लिए बहुत तारीफ मिली थी। थिएटर में पॉजिटिव रिस्पॉन्स के बाद, जी5 ने डिजिटल राइट्स ले लिए हैं। फिल्म 5 दिसंबर, से जी5 पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है।



**डाइस एरा - जियो हॉटस्टार :** राहुल सदाशिवन द्वारा डायरेक्टेड और प्रणव मोहनलाल स्टारिंग, डाइस एरा एक इंटेंस, सस्पेंस और डरावनी कहानी पेश करती है। जियो हॉटस्टार ने ओटीटी राइट्स ले लिए हैं, जिससे फिल्म दर्शकों के लिए कई भाषाओं में उपलब्ध हो गई है। जियो हॉटस्टार पर 5 दिसंबर से स्ट्रीमिंग शुरू हो गई है।

**स्टीफन - नेटफ्लिक्स :** स्टीफन एक एंटरटेनिंग तमिल थ्रिलर है, जिसमें गोमती शंकर, माइकल थंगादुरई और स्मृति वेंकट स्टारिंग हैं। यह अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज के लिए तैयार है। नेटफ्लिक्स ने स्ट्रीमिंग राइट्स ले लिए हैं, जिससे फिल्म सीधे दर्शकों तक पहुंच सकेगी।

**कुट्टाराम पुरिंधवन - सोनी लीव :** कुट्टाराम पुरिंधवन एक तमिल क्राइम थ्रिलर है। पशुपति भास्कर नाम के एक पुलिस ऑफिसर का रोल कर रहे हैं, जो एक मुश्किल केस की इन्वेस्टिगेशन में फंस जाता है। यह 5 दिसंबर को सोनीलीव पर स्ट्रीम हुई है।






# हाथ से कढ़े गाउन में बिखेरी ग्लैमर की चमक

*__मुंबई।__ कभी-कभी फैशन कपड़े और कढ़ाई से आगे बढ़कर एक कहानी बन जाता है और काशिका कपूर का यह लुक बिल्कुल वैसा ही एक पल है। काले रंग के दिलकश गाउन में, जिस पर बारीकी से की गई चांदी की कढ़ाई सितारों की तरह चमक रही थी, काशिका ने ओल्ड-हॉलीवुड की एलिगेंस और आधुनिक जादू का ऐसा मिश्रण रचा कि नजरें ठहर जाएं। उनका गाउन, पूरी तरह तराशा हुआ, उनके व्यक्तित्व के साथ ऐसे बहता है जैसे उनके इर्द-गिर्द रोशनी की नदी बह रही हो। हर पैटर्न, हर चमक उनके हर कदम के साथ जीवंत हो उठती है। हर तस्वीर मानो किसी सदाबहार फिल्म का स्थिर फ्रेम लगती है,संजीदा, खूबसूरत और बेमिसाल शालीनता से भरा हुआ। लेकिन इस लुक की असली खूबसूरती काशिका की मौजूदगी है। वह सिर्फ गाउन नहीं पहनतीं, वह उसे जीवन दे देती हैं। जब उनके हाथ नरम, बैले-सी मुद्रा में ऊपर उठते हैं और ठोड़ी हल्के-से प्रकाश की ओर झुकती है, तो पूरा माहौल एक मंच की तरह महसूस होने लगता है। उनके मुलायम कर्ल्स, नाजुक और सुरुचिपूर्ण ज्वेलरी, और मेकअप की हल्की, चमकती आभा - सब मिलकर एक ऐसा रूप रचते हैं जो एक साथ क्लासिक भी है और खगोलीय भी।*



आज की हाईटेक दुनिया में मानवाधिकार, सिर्फ संविधान तक सीमित नहीं हैं। आपकी ऑनलाइन आदतों, व्यवहार और दूसरों के अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता में भी यह प्रकट होता है। यहां बताई जा रही आदतों को अपनाने वाला कोई भी व्यक्ति न सिर्फ डिजिटल वर्ल्ड में खुद को सुरक्षित रख सकता है बल्कि दूसरों के मानवाधिकारों की रक्षा करने में योगदान भी कर सकता है।




# डिजिटल वर्ल्ड में भी जरूरी है मानवाधिकारों के प्रति सजगता

कवर स्टोरी
लोकमित्र गौतम

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हाई-स्पीड इंटरनेट और 24X7 स्क्रीन-लाइफ के इस दौर में मानवाधिकारों की परिभाषा वह नहीं रही, जो बीसवीं सदी के मध्य या उत्तरार्द्ध में हुआ करती थी। जीवन जीने की नई चुनौतियों के बीच, जीवन के अधिकारों की जमीन भी बदल रही है। साथ ही सार्वभौम मानवाधिकारों की परिभाषा भी बहुत तेजी से बदल रही है। आज मानवाधिकारों के दायरे में सिर्फ आपकी सदेह उपस्थिति ही नहीं रही, बल्कि डिजिटल उपस्थिति, ऑनलाइन व्यवहार और टेक्नोलॉजी के प्रयोग भी आ गए हैं। आज की युवा पीढ़ी इंटरनेट, डिजिटल जीवनशैली और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल के बीच बड़ी हुई पीढ़ी है। इसलिए उसके अधिकारों और जिम्मेदारियों का दायरा भी इन सभी आयामों से जुड़ता है। डिजिटल दुनिया की संवेदना का सम्मान किए बिना आज मानवाधिकारों की चर्चा पूरी नहीं हो सकती, क्योंकि आज इंसान के जीवन का एक बड़ा हिस्सा डिजिटलाइज हो चुका है। इसलिए इस जीवन की हिफाजत, उसका सम्मान और उसकी संवेदनशीलता का ख्याल रखना भी आज का मानवाधिकार है।

**महत्वपूर्ण है डिजिटल प्राइवेसी:** डिजिटल स्पेस में प्राइवेसी का अर्थ सिर्फ 'सीक्रेट' रखना नहीं है बल्कि अपनी पहचान, आदतों और भावनाओं को सुरक्षित रखना भी है। हर मोबाइल एप आज आपके व्यवहार पर गहरी नजर रखता है और आपकी एक डिजिटल कुंडली बनाता है। उसे आपकी लोकेशन से लेकर आपकी हार्टबीट तक पता होती है। ऐसे में एक जागरूक युवा वही है, जो हर अनुमति को ध्यान से पढ़ता है, अपनी डिजिटल दुनिया के दरवाजों का मजबूत पासवर्ड रखता है, टू-फैक्टर सुरक्षा अपनाता है और अपनी निजी जानकारियां केवल जरूरी और सुरक्षित मंचों पर ही साझा करता है। लब्बोलुआब यह कि जो युवा अपनी प्राइवेसी की कीमत समझता है, वही दूसरों की प्राइवेसी का अर्थ भी जानता है। इसलिए मानवाधिकारों के प्रति सजग बनना है तो डिजिटल प्राइवेसी का सम्मान करना और इसे खुद भी सीखना जरूरी है।

**साइबर बुलिंग का विरोध:** स्मार्टफोन के दो क्लिक किसी की मानसिक शांति छीन सकते हैं। बॉडी-शेमिंग, ट्रोलिंग, मीम के नाम पर अपमान- ये सब मनोरंजन नहीं है बल्कि डिजिटल हिंसा है। एक संवेदनशील और मानवाधिकारों के लिए सजग युवा वही है, जो ऐसी हरकतों पर चुप नहीं रहता। 'रिपोर्ट' करता है, 'ब्लॉक' करता है और पीड़ित को 'सपोर्ट' करता है। ये तीन शब्द आज की सामाजिक जिम्मेदारी हैं। किसी की मानसिक भलाई भी एक मानवाधिकार है और इस भलाई को करना हर युवा के डिजिटल नागरिक होने का कर्तव्य भी है। इसलिए मानवाधिकारों का चैंपियन बनने के लिए इन सब हरकतों को लेकर चुप नहीं रहना चाहिए।







## ऑनलाइन वित्तीय सुरक्षा का अधिकार

यूपीआई, वॉलेट पेमेंट और ऑनलाइन शॉपिंग ने सुविधा बढ़ाई है, लेकिन जोखिम भी बढ़ाया है। डिजिटल धोखाधड़ी सिर्फ पैसों का नुकसान नहीं बल्कि मानसिक और सामाजिक क्षति भी है। इस मामले में आप अपने मानवाधिकारों को तभी तक सुरक्षित रख सकते हैं, जब तक अजनबियों को ओटीपी, पिन, पासवर्ड नहीं बताते, संदिग्ध लिंक नहीं खोलते, क्यूआर कोड बिना सोचे नहीं स्कैन करते। वित्तीय सुरक्षा, आधुनिक मानवाधिकारों में सीधे इस सोच से जुड़ी है कि आर्थिक स्वाभिमान भी एक अधिकार है।

**कुछ भी शेयर करने से पहले:** किसी की फोटो, चैट, स्क्रीनशॉट या किसी की वीडियो को फटाफट पब्लिक फ्रंट पर साझा करने से पहले न केवल कई बार सोचें बल्कि जिनसे सीधे उसका रिश्ता है, अनिवार्य रूप से उसकी सहमति भी लें। अगर सहमति मिलती है, तभी सार्वजनिक दुनिया में प्राइवेसी के इन खास पलों को साझा करें। अगर ऐसा नहीं करते तो इससे साबित होगा कि आप डिजिटल दुनिया में न तो सामान्य शिष्टाचार का पालन करते हैं और न ही लोगों के प्रति संवेदनशील हैं। क्योंकि जो खिलवाड़ आप हंसी खेल में कर देंगे, वो किसी के लिए अभिशाप भी बन सकता है। आज की युवा पीढ़ी के लिए 'कंसेंट कल्चर' सिर्फ भौतिक रिश्तों में ही नहीं बल्कि डिजिटल स्पेस में भी जरूरी है। दूसरों की अनुमति का सम्मान करना डिजिटल नैतिकता का आधार है।





**फेक न्यूज-हेट स्पीच से दूरी:** डिजिटल वर्ल्ड में मानवाधिकारों के प्रति अगर आप सजग हैं तो न सिर्फ फेक न्यूज और हेट स्पीच से दूर रहना जरूरी है बल्कि उन्हें हर संभव तरीके से रोकना भी जरूरी है। एक जागरूक डिजिटल यूजर को इसे भी अपनी 'नेट नागरिकता' की जिम्मेदारी और मानवाधिकार मानना चाहिए, क्योंकि भ्रामक खबरें अब खतरनाक हथियार बन चुकी हैं। एक एडिटेड वीडियो, एक गलत जानकारी पूरे समुदाय को तनाव में ला सकता है, अराजकता फैला सकता है। अतः जिम्मेदार और डिजिटल युग में मानवाधिकार के प्रति सजग वही है, जो किसी भी जानकारी को साझा करने से पहले उसकी सत्यता जांचे। याद रखिए हेट स्पीच 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' नहीं है बल्कि यह स्वतंत्रता के नाम पर दूसरे के अधिकारों पर आक्रमण है। इसे रोकना डिजिटल समाज को सुरक्षित बनाए रखने का सबसे महत्वपूर्ण कदम है।

**डेटा उपयोग को जानने का अधिकार:** आज आपके सोशल मीडिया फीड में क्या दिखेगा, यह आपकी पसंद से ज्यादा एल्गोरिद्म तय करता है। एआई आपकी आदतों का विश्लेषण करता है और आपके निर्णयों को प्रभावित करता है। हर डिजिटल सजग युवा को यह जानने का अधिकार है कि उसका डेटा कैसे उपयोग हो रहा है? इसके प्रति सजग और संवदनेशील बने रहना जरूरी है।

**मानसिक स्वास्थ्य का मानवाधिकार:** डूम-स्क्रॉलिंग, लाइक्स पर निर्भरता, दूसरों की तुलना में आत्म-मूल्य घटाना, ये नई डिजिटल बीमारियां हैं। मानसिक स्वास्थ्य भी मानवाधिकार है और उसकी रक्षा आपको स्वयं करनी होती है। स्क्रीन टाइम सीमित करना, डिजिटल डिटॉक्स, सकारात्मक सामग्री चुनना और जरूरत पड़ने पर सहायता मांगना, आपको मजबूत और संतुलित बनाता है। मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति ही अपने अधिकारों के लिए सजग रह सकता है।

**डिजिटल फुट प्रिंट की समझ:** इस बात को याद रखिए कि इंटरनेट कुछ भूलता नहीं। सोशल मीडिया पर डाला गया हर शब्द, हमेशा के लिए दर्ज हो जाता है। अपने या अपने दोस्त के प्रति एक लापरवाही, करियर, रिश्तों या छवि पर भारी पड़ सकती है। इसलिए हर पोस्ट से पहले सोचना जरूरी है कि क्या ये भविष्य में मुझे या मेरे जैसे किसी और को चोट तो नहीं पहुंचाएगी? डिजिटल फुट प्रिंट का ध्यान रखना एक समझदार, संवेदनशील और भविष्य-दृष्टि वाला डिजिटल सिटिजन बनने का सबसे आसान तरीका है।

**स्वतंत्र अभिव्यक्ति का अधिकार:** सभ्य संवाद ही आधुनिक अधिकार संस्कृति है। ऑनलाइन बोलने का साहस अच्छा है, लेकिन उसमें संवेदनशीलता, तर्क और शिष्टता भी होनी चाहिए। मतभेद स्वाभाविक हैं पर अपमानजनक भाषा मानवाधिकार मूल्यों को तोड़ती है। एक परिपक्व व्यक्ति वही है, जो अपनी राय साफ रखता है, लेकिन किसी की गरिमा को चोट नहीं पहुंचाता। *

## स्वास्थ्य मात्र सुविधा ही नहीं हम सभी का है अधिकार

कोई भी देश-समाज तब तक प्रगति नहीं कर सकता, खुश नहीं रह सकता, जब तक वहां के लोग स्वस्थ नहीं रहते। इसीलिए लोगों और सरकारों को इस दिशा में अवेयर करने के लिए ही 12 दिसंबर को यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज-डे मनाया जाता है। इस बारे में सभी को पता होना चाहिए।



अवेयरनेस
डॉ. माजिद अलीम

हर साल 12 दिसंबर को दुनिया भर में मनाया जाने वाला यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज-डे, हमें यह याद दिलाता है कि स्वस्थ जीवन का हक, किसी खास वर्ग या आर्थिक स्थिति से नहीं जुड़ा। अस्पताल, दवा, इलाज, टेस्ट, मानसिक स्वास्थ्य- ये सब उपलब्धता का मुद्दा नहीं बल्कि धरती के हर नागरिक का अधिकार हैं।

**यह दिन मनाने का मकसद:** इस दिन का वास्तव में असली मकसद यही है कि आम लोग अपने नागरिक अधिकार समझें, क्योंकि बीमार होना कभी किसी की गलती नहीं होती, पर इलाज न मिलना व्यवस्था की गलती होती है। यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे, दुनियाभर की सरकारों, नीति-निर्माताओं और नागरिकों को यह संदेश देता है कि स्वास्थ्य पर किया गया निवेश सिर्फ लोगों को मजबूत नहीं बनाता बल्कि पूरे समाज और अर्थव्यवस्था को सुरक्षित और समृद्ध करता है। जब हर व्यक्ति बिना आर्थिक मदद के डॉक्टर तक पहुंच सके, तभी सही अर्थों में, 'हेल्थ फॉर ऑल' जैसा नारा सच होगा।



**ऐसे हुई इस दिन की शुरुआत:** जहां तक यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज-डे की शुरुआत और इसके मनाए जाने की वजह का सवाल है तो संयुक्त राष्ट्र से आधिकारिक मान्यता इस विशेष दिन के लिए 2017 में मिली। जब दिसंबर 2017 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक प्रस्ताव पास करके 12 दिसंबर को आधिकारिक रूप से यूएचसी डे (यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज-डे) घोषित किया। यह पहल वैश्विक स्वास्थ्य संगठनों, नागरिक समाज और विभिन्न देशों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम थी। हालांकि ये 2017 में संभव हुआ, लेकिन इसकी जड़ें 2012 से जुड़ी हैं, जब इसी 12 दिसंबर को यूएन ने यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज पर पहली बार ऐतिहासिक प्रस्ताव पारित किया था। इस दिन को ही बाद में सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दिवस के रूप में चुना गया।

**कई तरह के होते हैं आयोजन:** जहां तक देश और दुनिया में इस विशेष दिन को मनाए जाने के तरीके का सवाल है तो दुनिया के अलग-अलग देश और संस्थाएं इस दिन को कई तरीकों से सेलिब्रेट करती हैं। स्वास्थ्य मंत्रालयों और विभिन्न एनजीओं द्वारा सोशल मीडिया कैंपेन, 'हेल्थ फॉर ऑल', 'यूएचसी डे' जैसे हैश टैग के साथ मनाया जाता है। इस दिन अनेक डिजिटल पोस्टर, वीडियो और जनसंदेश स्वास्थ्य के प्रति सजगता बढ़ाने के उद्देश्य से जारी किए जाते हैं। कई जगहों पर स्वास्थ्य शिविर और मुफ्त जांच कार्यक्रम चलते हैं। रक्तदान शिविर, टीकाकरण जागरूकता, मानसिक स्वास्थ्य काउंसलिंग कैंपेन और निःशुल्क स्वास्थ्य जांच अभियान चलाए जाते हैं।

स्कूल कॉलेज में इस दिन छात्रों के लिए कई तरह की वर्कशॉप लगती हैं। हेल्थ अवेयरनेस रैली निकलती है। निबंध, पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिताएं होती हैं तथा मीडिया कवरेज भी इस अवसर को खास तव्वजो देती है। विभिन्न टीवी चैनल और पत्रिकाएं इस दिन के लिए विशेष कार्यक्रम बनाते हैं।

**कोविड काल से बढ़ी महत्ता:** साल 2019-20 में कोविड महामारी के दौरान इस खास दिन के लिए दुनिया भर में सजगता बढ़ी है, क्योंकि कोविड ने दिखा दिया कि असमान स्वास्थ्य ढांचा सिर्फ उस देश के लिए ही जोखिम भरा नहीं है, जहां ये होता है बल्कि पूरी दुनिया को खतरे में डाल सकता है। इसलिए इस दिन देशों को यह याद दिलाया जाता है कि स्वास्थ्य में निवेश करना, आर्थिक और सामाजिक स्थिरता की आधारशिला है। दुनिया में हर साल करीब 10 करोड़ लोग स्वास्थ्य खर्च के चलते गरीबी रेखा से घिर जाते हैं, जबकि सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दिवस की यह धारणा ही है कि स्वास्थ्य लोगों की जेब पर भारी पड़ने वाली चीज नहीं है बल्कि सरकारों की अपनी जनता के लिए बुनियादी जिम्मेदारी है।

**सामाजिक जिम्मेदारी है अच्छी हेल्थ:** आधुनिक जीवनशैली, बढ़ता स्क्रीन टाइम, तनाव और फास्ट फूड की ललक के चलते दुनिया भर में स्वास्थ्य सेवाओं का मानव विस्फोट हो गया है। ऐसे में स्वास्थ्य को लेकर हर तरफ खतरा और डर महसूस होता है, जिसके कारण अरबों, खरबों डॉलर के हर साल व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा लोगों द्वारा लिए जाते हैं। उस सबके बीच यूएचसी डे का कुछ अलग ही महत्व निकलकर आता है कि स्वास्थ्य, व्यक्तिगत समस्या नहीं है, यह सामाजिक जिम्मेदारी है। *

नवगीत
घमंडीलाल अग्रवाल

## सुख हो गया लघुकथा जैसा

सुख हो गया लघुकथा जैसा
उपन्यास-सा दुख!
पसर गईं हैं मन में आकर
ऐसे इच्छाएं,
वर्षा के मौसम में नभ पर
जैसे घन छाएं।
पढ़े न कोई उर की पोथी
देखें सब आमुख।
भौतिकता की चकाचौंध ने
हमको भरमाया,
आमदनी आठ आने, खर्चा
है रुपया पाया।
उलझन ने खोले सुरसा-से
बड़े-बड़े अब मुख।
माया के चक्कर में काया
हुई सूख कांटा,
परेशानियां सांझ-सकारे
मार रहीं चांटा।
फिर भी खाई में गिरने का
अपनाया है रुख।
हवा भरे गुब्बारों जैसे
लोग नजर आते,
घड़ी दो घड़ी साथ निभाकर
पिचक बाद जाते।
बांह न कोई गहे उम्र भर
कब बैठे सम्मुख।

लघुकथाएं

## दीवारें भी कुछ कहती हैं



बाबूजी ने अपने पुराने घर का रेनोवेशन करवाया था। पूरा घर चमकने लगा था। दरवाजों पर सुंदर कलर के पेंट, दीवारों पर नई डिजाइन की कलाकारी, नया पेंट, पुट्टी सब कुछ बहुत सुंदर दिख रहा था। यह सब देखकर ससुराल से आई बेटी रानू बहुत खुश हो रही थी। वो घर के अंदर गई तो देखकर दंग रह गई। मुख्य द्वार पर पीले, लाल हाथों के निशान ज्यों के त्यों थे। बैठक में दीवारों पर रंग-बिरंगी आड़ी-तिरछी रेखाएं मुंह चिढ़ा रही थीं। और तो और जीने की दीवारों पर तेल भरे हाथों के धब्बे दिखाई दे रहे थे। इन सभी जगहों को छोड़कर बाकी दीवारों पर लिपाई-पुताई कर दी गई थी। यह सब देखकर हैरान-सी रानू ने अपने पिता से पूछा, 'बाबूजी, यह सब क्या है? आपने इन दीवारों पर इन गंदे दाग-धब्बों पर पेंट क्यों नहीं करवाया? ऐसे इन्हें क्यों छोड़ दिया? देखो ये कितने बदरंग दिख रहे हैं।'

बाबूजी मुस्कुराते हुए बोले, 'बेटा, यह बदरंग धब्बे-दाग नहीं, यह रिश्तों के प्रेम के खुशरंग निशानी हैं। ये देखो, यह लाल, पीले हाथों के छाप। यह तेरी बुआ के हाथों के छाप हैं, जब वह ससुराल गई थी। ये लाल निशान तेरे हाथों के हैं, जब तू ससुराल गई थी। ये आड़ी-तिरछी रेखाएं तुम सब नन्हे-मुन्ने बच्चों की हैं, जब तुम शरारत करते थे। यह जीने पर तेल के दाग तुम्हारे पूज्य दादा जी के हैं, जब-तब वे जीने पर इन दीवारों के सहारा लेकर चढ़ते थे। आज वे नहीं रहे, पर ये निशानियां हैं, जो मुझे हमारे पुराने दिनों की याद दिलाते हैं। ये दीवारें भी कुछ कहती हैं हमसे, तुम भी सुनो।' बाबूजी की बात सुनकर रानू पुरानी यादों में खो गई। *

– शैल चंद्रा

## सीमा



आज डमरू अपनी बिटिया विनी को बाजार में ड्रेस दिलाने लाया था। एक फ्रॉक की दुकान पर दोनों रुक गए।


'पापा..पापा.. ये फ्रॉक ले लो ना.. ये वाली..।' विनी ने मचलते हुए एक फ्रॉक की तरफ इशारा किया। डमरू का दिल धक-धक करने लगा। स्लेटी रंग की वह फ्रॉक सिल्क की थी। उसने सोचा काफी महंगी होगी। डमरू को समझ नहीं आ रहा था, छह साल की बेटी को कैसे बहलाए।

गर्दन घुमाते हुए डमरू को एक रंगीन लेकिन सस्ती सी फ्रॉक दिखाई दी। वह बोला, 'आहा! यह देखो विनी, इसमें झालर है, घुंघरू भी लगे हैं, इसे ले लो बेटा।'

रंग की चकाचौंध में विनी बहल गई। उसने वही फ्रॉक ले ली। सूती कपड़े की रंगीन फ्रॉक पहनकर अगले दिन विनी स्कूल गई। वहां स्कूल फंक्शन में विनी ने कविता प्रतियोगिता में प्यारी सी एक कविता सुनाई। उसे प्रथम पुरस्कार मिला। विनी की खुशी दोगुनी हो गई।

घर आकर चहकते हुए उसने बताया, 'पापा, इसी प्यारी फ्रॉक की वजह से मिल गया पहला ईनाम।' विनी खुशी से अपनी ट्रॉफी चूम रही थी। डमरू को पिछले साल का वह वाकया याद आया, जब एक मिठाई की दुकान पर काजू कतली को देखकर विनी मचल गई थी, उसे यह मिठाई खानी है। डमरू ने दूसरी तरफ उसे बहलाते हुए रंगीन पेठा दिखाया। मासूम विनी वही रंगीन रसीला पेठा खाकर खुश हो गई थी। कल भी डमरू ने वही किया। विनी तो छोटी बच्ची है, अबोध। लेकिन डमरू मजबूर है, उसे अपनी सीमा का आभास है, वह अपनी चादर से बाहर पैर नहीं फैला सकता। *

–पूनम पांडे




पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

## स्मृतियों की बस्ती

हाल में वरिष्ठ कथाकार अब्दुल बिस्मिल्लाह द्वारा लिखे गए संस्मरणों की किताब 'स्मृतियों की बस्ती' छपकर आई है। इसमें कुल सोलह संस्मरण संकलित हैं। इनमें त्रिलोचन और अमरकांत पर दो-दो संस्मरण हैं और एक संस्मरण इलाहाबाद में लेखक के द्वारा बिताए गए दिनों पर आधारित है।

'चिड़ियों के घर का वासी' संस्मरण हजारी प्रसाद द्विवेदी पर लिखा गया है। इसमें लेखक ऐसी छोटी-छोटी कई बातें बताते हैं, जिनसे द्विवेदी जी के व्यक्तित्व की सहजता और सरलता में निहित विराटता प्रकट होती है। 'बरगद जैसे छायादार थे अमृतलाल नागर' संस्मरण में लेखक ने नागर जी से मिली आत्मीयता का मार्मिकता से वर्णन किया है। अमरकांत पर इस पुस्तक में दो संस्मरण संकलित हैं- 'अशोक वृक्ष की छाया में' और 'अमरकांतः प्रफुल्लता की प्रतिमूर्ति।' त्रिलोचन पर भी पुस्तक में दो संस्मरण 'नाम सार्थक लगे त्रिलोचन' और 'एक विरोधाभास त्रिलोचन' संकलित हैं। काशीनाथ सिंह, हरिशंकर परसाई और बाबा नागार्जुन से जुड़े संस्मरणों में उनके कई अनछुए पहलू उजागर हुए हैं। पुस्तक के अंतिम संस्मरण 'इलाहाबाद के वे दिन' में अब्दुल बिस्मिल्लाह लिखते हैं, 'इलाहाबाद के साहित्यिक-सांस्कृतिक वातावरण, वहां की गतिविधियों, रचनाकारों के जमावड़ों, भांति-भांति के व्यक्तियों और समग्रता में उस शहर के जीवन प्रवाह ने न केवल मेरी जीवनी शक्ति को दृढ़ता प्रदान की, बल्कि मेरी रचनाशीलता को भी धार दी।' बिस्मिल्लाह जी ने जिन हस्तियों पर संस्मरण लिखे हैं, उनके साथ उनके शहर का जीवन स्पंदन और जीवनशैली का सोंधापन भी महसूस कराते चलते हैं। *

**पुस्तकः** स्मृतियों की बस्ती, **लेखकः** अब्दुल बिस्मिल्लाह,
**मूल्यः** 299 रुपए, **प्रकाशकः** राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली

तीसरा वनडे

दक्षिण अफ्रीका 47.5 ओवर में 270 रन पर सिमटी

# टीम इंडिया का कमबैक, साउथ अफ्रीका के 9 विकेट धड़ाम, कुलदीप का कहर

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

कुलदीप यादव और प्रसिद्ध कृष्णा की शानदार गेंदबाजी से भारत ने क्विंटन डिकॉक की आक्रामक शतकीय पारी के बावजूद तीन मैचों की श्रृंखला के तीसरे और निर्णायक मैच में शनिवार को दक्षिण अफ्रीका को 47.5 ओवर में 270 रन पर आउट कर दिया। डिकॉक ने 89 गेंद की पारी में आठ चौके और छह छक्के की मदद से 106 रन बनाने के अलावा कप्तान तेम्बा बावुमा (48) के साथ दूसरे विकेट के लिए 113 और मैथ्यू ब्रीट्जके (24) के साथ तीसरे विकेट के लिए 54 रन की साझेदारी की।

दक्षिण अफ्रीका 28वें ओवर तक दो विकेट पर 167 रन बनाकर बड़े स्कोर की तरफ बढ़ रहा था लेकिन कृष्णा (9.5 ओवर में 66 रन पर एक विकेट) ने 29वें ओवर में दो विकेट लेकर भारत की वापसी कराने के बाद डिकॉक को भी चलता किया। इसके बाद कुलदीप (10 ओवर में 41 रन पर चार विकेट) ने डेवाल्ड ब्रेविस (29), मार्को यानसन (17) और कोर्बिन बोश (नौ) जैसे आक्रामक बल्लेबाजों को आउट कर मैच पर भारत का दबदबा बनाए रखा।





## डिकॉक ने लगाया शतक, कई दिग्गजों को पछाड़ा

साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने भारत के खिलाफ विशाखापत्तनम वनडे में शतक लगाया। उन्होंने 89 गेंद में आठ चौकों व छह छक्कों से 106 रन की पारी खेली। डिकॉक ने वनडे मे 23वीं बार सैकड़ा लगाया। उन्होंने इस पारी के जरिए इतिहास रचा और कई दिग्गजों को पछाड़ दिया। डिकॉक विशाखापत्तनम में शतक के जरिए भारत के खिलाफ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने श्रीलंका के सनत जयसूर्या की बराबरी की। इन दोनों ने भारत के खिलाफ सात-सात वनडे शतक लगा रखे हैं। डिकॉक ने भारत में मेहमान बल्लेबाज के रूप में सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने के मामले में डिविलियर्स की बराबरी की। दोनों के नाम यहां पर सात-सात शतक हैं।

## भारत ने 3 कप्तान और 20 वनडे बाद जीता टॉस, केएल राहुल ने तोड़ा जिंक्स

भारतीय क्रिकेट टीम ने वनडे फॉर्मेट में आखिरकार टॉस जीत लिया। साउथ अफ्रीका के साथ आखिरी वनडे मुकाबले में केएल राहुल के पक्ष में सिक्का गिरा। टेम्बा बवुमा ने विशाखापत्तनम वनडे में हेड कहा लेकिन टेल आया। इसके साथ ही भारतीय टीम ने 20 वनडे बाद टॉस जीता है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ इससे पहले के दो वनडे में टीम इंडिया टॉस नहीं जीत सकी थी। भारत ने विशाखापत्तनम वनडे से पहले इस फॉर्मेट में लगातार सबसे ज्यादा टॉस हारने का अनचाहा वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। भारत ने वनडे क्रिकेट में आखिरी बार 2023 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में टॉस जीता था। तब रोहित शर्मा टीम इंडिया के कप्तान थे। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ मुंबई में खेले गए मुकाबले में टॉस जीता और पहले बैटिंग करने का फैसला किया था। इसके बाद से भारतीय टीम वनडे में टॉस नहीं जीत सकी। इस दौरान रोहित के अलावा शुभमन गिल और राहुल ने भी कप्तानी संभाली। रोहित ने 20 में से 12 मैच में कप्तानी की थी तो शुभमन ने तीन वनडे में नेतृत्व किया। राहुल ने पांच वनडे में कप्तानी की थी। उन्होंने इस अवधि में कप्तान के रूप में अपने छठे वनडे में टॉस हारने के सिलसिले को खत्म किया।

## गिल की वापसी, द.अफ्रीका के खिलाफ खेलेंगे टी20



एजेंसी ▶▶| कटक

भारत की टी20 टीम के उपकप्तान शुभमन गिल को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) की खेल विज्ञान टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेलने की मंजूरी दे दी है। गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। तब उनकी गर्दन में अकड़न आ गई थी लेकिन अब उन्होंने सफलतापूर्वक रिहैबिलिटेशन पूरा कर लिया है। गिल को फिटनेस के आधार पर टीम में चुना गया था और उन्हें खेल में वापसी (आरटीपी) के लिए रिहैबिलिटेशन से जुड़े सारे प्रोटोकॉल से गुजरना पड़ा। सीओई की ओर से टीम प्रबंधन की खेल विज्ञान एवं चिकित्सा (एसएसएम) टीम को भेजे गए पत्र में कहा गया है, 'शुभमन गिल ने सीओई में अपना रिहैबिलिटेशन सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। उन्होंने खेल के सभी प्रारुपों के लिए फिट घोषित होने के लिए आवश्यक मानदंडों को पूरा कर लिया है।'' इस टीम में फिजियो कमलेश जैन, स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच एड्रियन ली रॉ और खेल चिकित्सक डॉ. चार्ल्स शामिल हैं।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी



## अभिषेक ने 182 की स्ट्राइक रेट से 34 गेंदों पर बनाए 62 रन

**नई दिल्ली।** पंजाब क्रिकेट टीम के कप्तान व भारतीय टी20 टीम के ओपनर बल्लेबाज सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टूर्नामेंट में जोरदार प्रदर्शन कर रहे हैं। इस सीजन में सर्विसेज के खिलाफ लीग मैच में उन्होंने फिर से जोरदार बैटिंग की और जमकर रन बनाए। इस मैच में सर्विसेज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। इस मैच में अभिषेक ने प्रभसिमरन सिंह के साथ मिलकर पारी की शुरुआत की और पहले विकेट के लिए इन दोनों के बीच 106 रन की तगड़ी साझेदारी हुई। इसके बाद प्रभिसिमरन सिंह 28 गेंदों पर 50 रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि कुछ देर के बाद ही अभिषेक का भी विकेट गिर गया, लेकिन उन्होंने 34 गेंदों पर 62 रन बनाए। अभिषेक ने अपनी पारी के दौरान 3 छक्के और 8 चौके लगाए जबकि उनका स्ट्राइक रेट 182.35 का रहा।

## गोवा ने जम्मू-कश्मीर को हराया

**कोलकाता।** कप्तान सुयश प्रभुदेसाई की 28 गेंदों में 51 रन की नाबाद तूफानी पारी की बदौलत गोवा ने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के ग्रुप बी मुकाबले में जम्मू-कश्मीर को सात विकेट से करारी शिकस्त दी। गोवा की जीत में कश्यप बखाले ने 44 गेंदों पर आठ चौकों और एक छक्के की मदद से शानदार 59 रन बना कर अहम भूमिका निभाई टीम ने जम्मू-कश्मीर के निर्धारित 161 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 19 ओवर में तीन विकेट खोकर 167 रन बनाए। गोवा के लिए शुभम तारी सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने चार ओवर में 30 रन देकर तीन विकेट लिए। ईडन गार्डन्स में खेले गये मैच में जम्मू-कश्मीर के बल्लेबाजों में यावर हसन (48) और कप्तान शुभम खजूरिया (45) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। आखिरी ओवरों में अब्दुल समद ने नौ गेंदों पर दो चौकों और इतने ही छक्कों के साथ 22 रन की आतिशी पारी खेली।

## मुंबई ने ग्रुप ए से सुपर लीग में की अपनी जगह पक्की



**लखनऊ।** सितारों से सजी मुंबई की टीम ने पिछले दौर में केरल से मिली हार को पीछे छोड़ते हुए सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के ग्रुप ए मैच में छत्तीसगढ़ को आठ विकेट से हराकर सुपर लीग में अपनी जगह पक्की की। मुंबई की इस जीत में कप्तान शारदुल ठाकुर (19 रन पर तीन विकेट) ने गेंद से शानदार प्रदर्शन किया जबकि युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे (39 गेंदों पर नाबाद 69 रन) ने अर्धशतक जड़कर टीम को जीत दिलाई। मुंबई ने छत्तीसगढ़ को 19.4 ओवर में 121 रन पर आउट करने के बाद 15.5 ओवर में दो विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। ग्रुप चरण में अब सिर्फ एक और दौर का खेल बाकी है। इस जीत के साथ गत विजेता मुंबई और आंध्र ने एक समान छह मैचों में पांच जीत से 20 अंक के साथ टूर्नामेंट के अगले चरण के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। म्हात्रे और भारत के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे (28 गेंदों पर 40 रन) ने 82 रन की शानदार साझेदारी कर मुंबई की आसान जीत की नींव रखी।

## हैदराबाद ने बिहार को रौंदा

जादवपुर विश्वविद्यालय मैदान पर खेले गए एक अन्य मुकाबले में बिहार को हैदराबाद के हाथों सात विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा। इस कम स्कोर वाले मैच को हैदराबाद ने 8.3 ओवर शेष रहते हुए जीत दर्ज की। शानदार लय में चल रहे बिहार के किशोर बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी 11 गेंद में 11 रन का ही योगदान दे सके। टीम के लिए पीयूष सिंह ने चार चौकों की मदद से 34 रन बनाए, जबकि बिपिन सौरभ ने आखिरी ओवरों में तीन छक्के लगाकर 31 रन की नाबाद पारी खेल बिहार को आठ विकेट पर 132 रन तक पहुंचाया।

# जस्टिन का दोहरा शतक वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड के जबड़े से छीनी जीत, मैच ड्रा

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

जस्टिन ग्रीव्स ने अपने कौशल और धैर्य का शानदार नमूना पेश करते हुए नाबाद 202 रन बनाए और केमार रोच के सातवें विकेट के लिए 180 रन की अटूट साझेदारी की, जिससे वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड के कमजोर आक्रमण की चुनौती को ध्वस्त करते हुए पहला टेस्ट ड्रॉ करा दिया।

न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के सामने 531 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा था। वेस्टइंडीज ने अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 457 रन का स्कोर बनाया, जो टेस्ट क्रिकेट के पांच तक सीमित होने के बाद चौथी पारी में सर्वोच्च स्कोर है। ओवरऑल यह चौथी पारी का दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। वेस्टइंडीज एक समय टेस्ट इतिहास में सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने की तरफ बढ़ रहा था लेकिन मैच ड्रॉ कराकर भी उसने शानदार उपलब्धि हासिल की।



## ग्रीव्स ने 9 घंटे 30 मिनट में लगाया दोहरा शतक

अपने टेस्ट करियर में पहली बार दोहरा शतक लगाने वाले ग्रीव्स ने लगभग नौ घंटे 30 मिनट तक बल्लेबाजी की। उन्होंने शाई होप (140) के साथ 196 रन की साझेदारी वेस्टइंडीज को चार विकेट पर 72 रन के स्कोर से उबारा। होप मैच के पांचवें और अंतिम दिन आउट होने वाले वेस्टइंडीज के दो बल्लेबाजों में से एक रहे। रोच ने अपने बल्लेबाजी कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए नाबाद 58 रन बनाए, जो उनके करियर का सर्वोच्च स्कोर है। उन्होंने 233 गेंद का सामना किया। ग्रीव्स ने 388 गेंद का सामना करके 19 चौके लगाए। वह किसी टेस्ट मैच की चौथी पारी में दोहरा शतक लगाने वाले वेस्टइंडीज के चौथे और ओवरऑल सातवें बल्लेबाज बन गए हैं। ग्रीव्स ने मैच के बाद कहा, 'मेरा आखिर तक टिके रहना वास्तव में बहुत महत्वपूर्ण था। यह मेरे लिए और टीम के लिए एक विशेष दिन है। हम काफी मुश्किल दौर से गुजर रहे थे।'



## निशानेबाजी विश्व कप में पदक से चूके रुद्रांक्ष, बबूता

**दोहा।** भारत के पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल और पेरिस ओलंपिक फाइनल तक पहुंचे अर्जुन बबूता सत्र के आखिरी आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में पदक जीतने से चूककर क्रमशः चौथे और छठे स्थान पर रहे। इलावेनिल वलारिवन भी महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में पिछड़ गईं। वह क्वालिफिकेशन दौर में नौवें स्थान पर रहीं और आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह नहीं बना पाईं। 2022 के विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष ने इस सत्र में ब्यूनस आयर्स में विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतकर अच्छा प्रदर्शन किया था। वह 631.9 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन दौर में चौथे स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचे।

## डेजर्ट वाइपर्स ने अबूधाबी नाइट राइडर्स को दो विकेट से हराया



एजेंसी ▶▶| शारजाह

डेजर्ट वाइपर्स ने शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में अबूधाबी नाइट राइडर्स पर दो विकेट से रोमांचक जीत हासिल की।

नाइट राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 171 रन बनाए। उसकी तरफ से एलेक्स हेल्स ने 37 गेंदों पर तीन छक्कों और चार चौकों की मदद से 53 रन की पारी खेली। इनके अलावा आंद्रे रसेल ने 23 गेंद पर नाबाद 36 रन का योगदान दिया। वाइपर्स ने 19.3 ओवर में आठ विकेट पर 175 रन बनाकर जीत हासिल की। उसकी तरफ से शिमरोन हेटमायर ने 25 गेंदों में 48 रन की शानदार पारी खेली जबकि खुजैमा तनवीर ने डेथ ओवरों में सिर्फ 12 गेंदों में 31 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई।

## ब्रिस्बेन टेस्टः दूसरी पारी में इंग्लैंड की बल्लेबाजी फ्लॉप, ऑस्ट्रेलिया की मैच में पकड़ मजबूत

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

ऑस्ट्रेलिया ने गाबा में जारी एशेज सीरीज के दूसरे मुकाबले में अपनी पकड़ बना ली है। मुकाबले के तीसरे दिन की समाप्ति तक इंग्लैंड की टीम अपनी दूसरी पारी महज 134 रन तक 6 विकेट गंवा चुकी है। मुकाबले में अभी भी ऑस्ट्रेलिया के पास 43 रन की बढ़त शेष है। पिंक बॉल टेस्ट में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 334 रन पर सिमट गई।

मेहमान टीम महज 5 रन तक अपने 2 विकेट गंवा चुकी थी। यहां से जैक क्रॉली ने जो रूट के साथ तीसरे विकेट के लिए 117 रन जोड़ते हुए टीम को संभाला। इंग्लैंड की तरफ से इस पारी में जो रूट ने 206 गेंदों में 1 छक्के और 15 चौकों के साथ 138 रन की नाबाद पारी खेली। उनके अलावा, जैक क्रॉली ने 76



रन बनाए। जोफ्रा आर्चर ने इस पारी में 38 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से मिचेल स्टार्क ने 6 विकेट हासिल किए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अपनी पहली पारी में 511 रन बना दिए। इस इनिंग में मिचेल स्टार्क ने सर्वाधिक 77 रन बनाए, जबकि जैक वेदरलैंड ने 72 रन का योगदान दिया। मार्नस लाबुशेन ने 65 रन, एलेक्स कैरी ने 63 रन, जबकि कप्तान स्टीव स्मिथ ने 61 रन बनाए।

# भारत को गलतियों से सबक लेकर जर्मनी के खिलाफ उतरना होगा

- जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप : सात बार की चैंपियन जर्मनी के खिलाफ आज मुकाबला



**चेन्नई।** बेल्जियम को शूटआउट में हराकर जूनियर हॉकी विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंची भारतीय टीम को मौजूदा और 7 बार की चैंपियन जर्मनी के खिलाफ रविवार को होने वाले मुकाबले में पिछली गलतियों से सबक लेकर उतरना होगा। मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम पर शुक्रवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल में 45 मिनट तक एक गोल से पिछड़ने के बाद भारत ने तीन मिनट में दो गोल करके बढ़त बना ली थी लेकिन 59वें मिनट में बेल्जियम ने गोल करके मैच को शूटआउट में खींच दिया, जिसमे गोल कीपर प्रिंस दीप सिंह के उम्दा प्रदर्शन से मेजबान टीम ने 4-3 से जीत दर्ज की ।

## खिताब से दो जीत दूर भारत

श्रीजेश ने मैच के बाद कहा ,' नॉकआउट मैचों में इस तरह की गलतियां नहीं कर सकते । सबसे पहले तो गोल करने के मौके बर्बाद करने से बचना होगा और आखिरी क्षणों में गोल गंवाने की गलती से पार पाना होगा । हम खिताब से दो जीत दूर हैं और खिलाड़ियों को बखूबी पता है कि यह खिताब जीतना उनके लिए कितना जरूरी है ।'' पिछली बार 2023 में कुआलालम्पुर में हुए जूनियर विश्व कप में जर्मनी के खिलाफ ही सेमीफाइनल में भारत को 1-4 से पराजय झेलनी पड़ी थी जब वह दर्जन भर पेनल्टी कॉर्नर में से एक पर भी गोल नहीं हो सका था । दूसरी ओर जर्मनी ने दोनों पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किये थे।

15 जनवरी से पीडब्ल्यूएल

## 300 खिलाड़ियों ने कराया पंजीकरण

**नई दिल्ली।** प्रो कुश्ती लीग (पीडब्ल्यूएल) अगले साल 15 जनवरी से शुरू होगी और एक फरवरी तक चलेगी। इसके सभी मैच नोएडा इंडोर स्टेडियम में होंगे। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने यह घोषणा की। आयोजकों ने पहले घोषणा की थी कि लीग के लिए दिल्ली एकमात्र स्थल होगा। इस लीग को कोविड-19 महामारी के कारण चार सत्रों के बाद निलंबित कर दिया गया था। डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय सिंह के अनुसार 20 से अधिक देशों के 300 से अधिक पहलवानों ने नीलामी के लिए पंजीकरण कराया है। इन खिलाड़ियों में ओलंपिक पदक विजेता, विश्व चैंपियनशिप के फाइनलिस्ट और भारत के शीर्ष पहलवान शामिल हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी छह टीमों में चार महिला पहलवानों सहित नौ पहलवान शामिल होंगे। सभी टीमों में पांच भारतीय और चार विदेशी पहलवान हो सकते हैं।

## सुपर कप फाइनल में भिड़ेंगे ईस्ट बंगाल और एफसी गोवा

**मडगांव।** कोलकाता की दिग्गज टीम ईस्ट बंगाल एफसी और मौजूदा चैंपियन एफसी गोवा सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में रविवार को एक-दूसरे के सामने होंगी तो यह मुकाबला केवल ट्रॉफी के लिए नहीं है बल्कि एएफसी चैंपियंस लीग 2 के शुरुआती चरण में सीधे प्रवेश के लिए भी होगा। फतोर्दा के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले जाने वाले खिताबी मुकाबले में दोनों टीमें जीत के साथ इतिहास रचने की कोशिश करेंगी।

अगले साल 11 जून से शुरू होने वाले फुटबॉल विश्व कप में होंगे रिकॉर्ड 104 मैच

# खिताब बचाने के अभियान की शुरुआत करेगा अर्जेंटीना

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना 2026 में अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले फुटबॉल विश्व कप में अपने खिताब बचाने के अभियान की शुरुआत अल्जीरिया के खिलाफ करेगा, जिसमें सभी की निगाहें स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेस्सी पर टिकी रहेंगी, जो रिकॉर्ड छठी बार इस टूर्नामेंट में खेलेंगे।

विश्व कप 2026 के क्वालीफाइंग मुकाबले 27 महीने पहले शुरू हो गए थे। इस टूर्नामेंट में पांच बार के चैंपियन ब्राजील से लेकर पदार्पण करने वाले केप वर्डे, कुराकाओ, जॉर्डन और उज्बेकिस्तान सहित 48 देशों की टीम अपना कौशल दिखाएंगी। अगले साल 11 जून से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 104 मैच होंगे। लगभग डेढ़ लाख की आबादी वाला कुराकाओ जनसंख्या के लिहाज से



विश्व कप में जगह बनाने वाला सबसे छोटा देश बन गया है। उसका पहला मुकाबला चार बार के चैंपियन जर्मनी से होगा।

## 16 जून को अर्जेंटीना का पहला मैच

तीन बार की चैंपियन अर्जेंटीना का पहला मैच 16 जून को मिसौरी के कैनसस सिटी या कैलिफ्रोर्निया के सांता क्लारा में होगा। इसके बाद ग्रुप जे में उसका सामना ऑस्ट्रिया और जॉर्डन से होगा। टूर्नामेंट के दौरान 39 वर्ष के हो जाने वाले मेस्सी ने अभी तक इस टूर्नामेंट में खेलने की प्रतिबद्धता नहीं जताई है, लेकिन यदि वह रिकॉर्ड छठे विश्व कप में खेलने से इनकार कर देते हैं तो यह चौंकाने वाली बात होगी।

## अमेरिकी टीम भिड़ेगी ऑस्ट्रेलिया से

अमेरिकी टीम सिएटल में ऑस्ट्रेलिया से और फिर 25 जून को सोफी स्टेडियम में तुर्की, रोमानिया, स्लोवाकिया या कोसोवो से भिड़ेगी। इन टीम में से कोई एक टीम अगले साल होने वाले प्लेऑफ से विश्व कप में जगह बनाएगी। मैक्सिको 11 जून को मैक्सिको सिटी में ग्रुप ए में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टूर्नामेंट का पहला मैच खेलेगा।

## अमेरिकी धरती पर एक मैच खेलेगा ईरान

**जिनेवा।** ईरान अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप में कम से कम एक मैच अमेरिका में खेलेगा, हालांकि टूर्नामेंट के ड्रॉ के बाद यह सुनिश्चित हो गया कि इन दोनों भूराजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के बीच ग्रुप चरण में कोई मुकाबला नहीं होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने ईरान के नागरिकों पर वीजा प्रतिबंध लगाए हैं। ईरान की टीम 15 जून को कैलिफोर्निया के सिएटल या इंगलवुड में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत करेगी। ईरान के अगले दो मैच कनाडा के वैंकूवर या इंगलवुड और सिएटल में खेले जा सकते हैं। फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा खेलों के विस्तृत कार्यक्रम की पुष्टि करेगा।




**नागपुर में पकड़ाया बहुजिला वांछित ठग, 17 गंभीर मामलों में था फरार, पीड़ित ने भी रखा था 50 हजार का इनाम, डिमांड पर मिली तीन दिन की रिमांड**

# करोड़ों की धोखाधड़ी में फरार डेढ़ लाख का ईनामी अमित खम्परिया गिरफ्तार

**जबलपुर।** करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी, फर्जीवाड़ा, उगाही और हथियारबंद धमकियों से जुड़े अनेक मामलों में लंबे समय से फरार चल रहा कुख्यात ठग अमित खम्परिया आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। आरोपी की गिरफ्तारी पर जबलपुर व मंडला पुलिस ने कुल 1 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था, जबकि संजीवनी नगर के प्रकरण में फरियादी गोपीचंद महेश्वरी ने भी 50 हजार रुपये का निजी इनाम घोषित किया था, जिससे आरोपी पर कुल इनाम राशि 1 लाख 50 हजार रुपये पहुँच गई थी।





पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकारवार्ता में एएसपी क्राइम ब्रांच जितेंद्र सिंह ने बताया कि क्राइम ब्रांच और संजीवनी नगर थाना की संयुक्त टीम ने आरोपी को नागपुर के वाठोड़ा थाना क्षेत्र से दबोचा। शनिवार को उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां पुलिस की डिमांड पर तीन दिन की रिमांड पर लिया गया।

## पुलिस के लिए चुनौती था 17 अपराधों का आरोपी

एएसपी क्राइम सिंह ने बताया कि आरोपी 40 वर्षीय अमित खम्परिया पिता अनुरुद्ध खम्परिया निवासी दुर्गा कॉलोनी संजीवनी नगर बीते कई वर्षों से धोखाधड़ी, जालसाजी, अवैध लेनदेन, धमकी और एससी/एसटी एक्ट तक के मामलों में फरार हो गया था। जबलपुर, मंडला, उमरिया और कटनी जिलों में उसके खिलाफ कुल 17 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इनमें कई मामले 200 से 300 लाख तक की धोखाधड़ी से जुड़े बताए जाते हैं। जबलपुर में ही आरोपी पर धोखाधड़ी, जालसाजी, उगाही, फर्जी दस्तावेज तैयार करने, सरकारी आदेशों की अवहेलना और धमकी जैसे गंभीर अपराध पंजीबद्ध हैं।

## पुलिस और पीड़ित दोनों ने रखा था ईनाम

पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने संजीवनी नगर के प्रकरण 11/24 में 10 हजार का इनाम रखा। आईजी जबलपुर जोन प्रमोद वर्मा ने संजीवनी नगर और मदनमहल थानों के महत्वपूर्ण धोखाधड़ी प्रकरणों में 60 हजार का इनाम घोषित किया। आईजी बालाघाट जोन ने मंडला जिले के धोखाधड़ी प्रकरण में 30 हजार का इनाम घोषित किया। फरियादी गोपीचंद महेश्वरी, निवासी संजीवनी नगर, ने निजी तौर पर आरोपी की गिरफ्तारी पर 50 हजार का इनाम घोषित किया था।

### अन्य जिलों में दर्ज अपराध

कुख्यात ठगबाज अमित पर जिला कटनी के थाना विजय राघवगढ़ में अवैध उत्खनन, चोरी, 120-**B** जिला उमरिया के थाना मानपुर में 294, 323, 324, 506, थाना कोतवाली में हत्या, हत्या का प्रयास (302, 307), जिला मंडला के थाना खटिया में धोखाधड़ी, जालसाजी (420, 467, 468, 471), थाना नैनपुर में 205, 419, 420, 466, 467, 471, 506, 120-**B** का अपराध दर्ज हैं।

## नागपुर से दबोचा गया भगोड़ा

लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी के नागपुर के वाठोड़ा थाना क्षेत्र में छिपे होने की सूचना मिली। चौकी प्रभारी धनवंतरी नगर एसआई दिनेश गौतम के नेतृत्व में टीम नागपुर भेजी गई। तकनीकी विश्लेषण, मोबाइल लोकेशन और गोपनीय पड़ताल के बाद टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस टीम के सटीक समन्वय, साइबर सपोर्ट और निरंतर निगरानी के कारण आरोपी की गिरफ्तारी संभव हो सकी।

### जबलपुर में पंजीबद्ध प्रमुख प्रकरण

संजीवनी नगर थाना में अपराध क्रमांक 134/22 धारा 420, 406, 386 भादवि, अपराध क्रमांक 141/22 — 294, 323, 506 भादवि, एससी/एसटी, अपराध क्रमांक 11/24 में 420, 409, 506, 386, 120-B इसी प्रकार थाना मदनमहल अपराध क्रमांक 86/22 — 420, 406, 467, 468, 471, 474, 112, 120-B, 109, 204 इसके अलावा आरोपी के खिलाफ भेड़ाघाट, गढ़ा, लार्डगंज थानों में 188, 269, 270, 417, 468, 120-B सहित कई धाराओं में मामले दर्ज हैं।

### इनकी रही गिरफ्तारी में अहम भूमिका

आरोपी चिटलर अमित को गिरफ्तार करने में टीआई संजीवनी नगर बीडी द्विवेदी, चौकी प्रभारी धनवंतरी नगर एसआई दिनेश गौतम, आरक्षक रजनीश यादव, क्राइम ब्रांच एएसआई अनिल पांडे, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र सिंह, आरक्षक त्रिलोक पारधी, साइबर सेल आरक्षक अरविंद सूर्यवंशी की संयुक्त मेहनत से वर्षों से फरार और "अप्राप्य" माना जा रहा आरोपी शिकंजे में आ सका।



# नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार है जारी

## शहर के प्रमुख चौराहे हो रहे हैं अतिक्रमण मुक्त, लेफ्ट टर्न हुए खाली

**जबलपुर।** नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान शहर में लगातार और प्रभावी ढंग से जारी है। महापौर और निगमायुक्त के निर्देश पर अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने आज दिनांक 6 दिसम्बर 2025 को शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों और मार्गों पर सख्त कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे हुए अवैध कब्जों को ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य शहर के यातायात को सुगम बनाना और निर्माणाधीन विकास परियोजनाओं को गति देना है।

अपर आयुक्त अरविन्द शाह ने बताया कि अभियान के तहत रांझी इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा, रजा चौक, मदन महल चौक तथा मदन महल थाना परिसर के आस-पास के क्षेत्र और कटंगा ब्रिज पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई की गई। इन प्रमुख चौराहों और मार्गों पर वर्षों से जमे स्थाई और अस्थाई अतिक्रमणों को हटाया गया। इस विशेष कार्रवाई से सभी प्रमुख स्थानों के महत्वपूर्ण लेफ्ट टर्न खाली हो गए हैं, जिससे यातायात का दबाव कम हुआ है और वाहन चालकों को बड़ी राहत मिली है।

उन्होंने बताया कि इन क्षेत्रों में कई दुकानदारों ने सड़क की सीमा में कब्जा कर लिया था, जिससे यातायात में लगातार बाधा आ रही थी। अतिक्रमण दस्ता ने न सिर्फ अवैध टीन शेड और गुमटियों को हटाया, बल्कि चेतावनी भी दी कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## विकास कार्यों में बाधा बन रहे कब्जे ध्वस्त

अपर आयुक्त अरविन्द शाह ने बताया कि शहर के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मामले में भी निगम ने बड़ी कार्रवाई की है। गढ़ा स्थित पंडा की मढ़िया से आनंद कुंज तक निर्माणाधीन सड़क और नाला निर्माण में बाधा बन रहे चिन्हित अतिक्रमणों को भी ध्वस्त कर दिया गया। ये अवैध निर्माण सड़क और नाले के निर्माण को रोक रहे थे, जिससे परियोजना अधूरी पड़ी थी। अतिक्रमणों के हटने से अब सड़क और नाला निर्माण कार्य तेज गति से पूरा किया जा सकेगा। अपर आयुक्त अरविन्द शाह ने जानकारी देते हुए कहा कि यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक शहर के सभी प्रमुख मार्ग, चौराहे और शासकीय भूमि पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त नहीं हो जाते। उन्होंने नागरिकों और व्यापारियों से अपील की है कि वे स्वेच्छा से अपने अवैध कब्जे हटा लें, अन्यथा निगम सख्ती से कार्रवाई करेगा।

# किसान से सस्ते में खरीदकर समर्थन मूल्य पर बिकने जा रही थी धान

**325 क्विंटल धन जब्त, व्यापारी के खिलाफ एफआईआर के निर्देश**

**जबलपुर।** जबलपुर के शहपुरा तहसील के ग्राम कैथरा में एक व्यापारी के घर से बड़ी मात्रा में अवैध रूप से संग्रहित धान जब्त किया गया। यह कार्रवाई जिला प्रशासन और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने की। आरोप है कि व्यापारी किसानों से कम कीमत पर धान खरीदकर उसे सरकारी समर्थन मूल्य पर बेचने की तैयारी में था। इसी दौरान टीम ने छापा मारकर वाहन सहित धान को जप्त कर लिया। कलेक्टर के निर्देश पर धान की कालाबाजारी में लिप्त व्यापारियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। शुक्रवार देर रात मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार कैथरा निवासी व्यापारी सचिन जैन मिनी ट्रक में धान भरकर किसान बनकर समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए ले जाने की जुगत में था। मिली सूचना के आधार पर टीम ने छापा मारते हुए एक दुकान से वाहन में लादी जा रही 325 क्विंटल धान तथा दूसरी जगह से 57 बोरी धान बरामद किया। शहपुरा एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी ने बताया कि यह देखा जा रहा है कि शासन की ओर से समर्थन मूल्य में जो धान खरीदी की जा रही है, उसके लालच में बहुत सारे व्यापारी किसानों से कम कीमत में धान खरीदकर केंद्र में किसान बनकर बेच रहे है। उन्होंने बताया कि जब्त धान को मंडी में रखवाने के बाद व्यापारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिए गए है।

# गोसलपुर में एटीएम उखाड़कर ले जाने का प्रयास

## पिकअप लेकर आए थे चोर, प्रकरण दर्ज

**जबलपुर।** गोसलपुर थानांतर्गत क्षेत्र में गुरूवार रात दो जगहों पर एटीएम मशीन लूटने के मामले प्रकाश में आने के बाद हड़कंप मचा हुआ हैं। हालांकि आरोपी अपने प्रयास में सफल नहीं हो पाए। ग्रामीणों के हो-हल्ले से पिकअप सवार आरोपी भाग खड़े हुए। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के सहारे जांच पड़ताल में जुटी हैं। पुलिस के अनुसार गोसलपुर में लगे दो एटीएम को तोडफ़ोड़ कर लूटने का प्रयास किया गया। ये दोनों एटीएम एक किलोमीटर के दायरे में लगे हैं। पुलिस ने छानबीन में यह बताया कि एक एटीएम में आरोपियों ने कैमरे क्षतिग्रस्त कर उसे उखाड़ दिया था और मशीन को बाहर निकालकर पिकअप में लोड करने की तैयारी थी लेकिन हो-हल्ले की वजह से ग्रामीण जाग गए हैं और आरोपियों को वाहन लेकर भागना पड़ा। पुलिस ने एटीएम मशीन क्षतिग्रस्त करने वाले आरोपी के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया हैं। पुलिस के अनुसार थाना गोसलपुर में इस मामले में हाउस नंबर 4, चौरसिया टैंट के पीछे रहने वाले 42 वर्षीय बृजेश दुबे ने रिपोर्ट दर्ज कराई। बृजेश ने लिखित शिकायत में कहा कि वह हिताची प्राईवेट कम्पनी में चैनल एक्सीक्यूटिव के पद पर जबलपुर में कार्यरत हैं। उसकी कम्पनी हिताची पेमेंट सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी रजिस्टर्ड ऑफिस लेवल 3, सिलिकॉन टवर्स, 23/1 वेलाचेरी ताम्बरम मेनन रोड़ पल्लिकर्नई चैन्नई तमिलनाडु पेमेंट सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी एटीएम मशीन के रखरखाव का कार्य करती हैं। कम्पनी का एक एसबीआई बैंक का एटीएम गोसलपुर बस स्टेण्ड में लगा हैं। जिसमें गुरुवार शुक्रवार की दरमियानी रात करीब डेढ़ से 2 बजे के बीच कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एटीएम में लगे कैमरे और गलियारा को भी नुकसान पहुंचाया गया। इसी प्रकार गोसलपुर अन्तर्गत ग्राम बरनू तिराहा में लगे एक एसबीआई बैंक का एटीएम मशीन की स्क्रीन को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा नुकसान पहुंचाया गया। लिखित शिकायत के अवलोकन पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 303(2), 62 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया।

## बीएसएनएल कर्मी के सूने मकान में चोरी

**जबलपुर।** थाना संजीवनी नगर बीएसएनएल के सेवानिवृत्त कर्मचारी के सूने मकान का ताला तोड़कर किसी चोर ने नगदी और जेवरों पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस के अनुसार इस मामले में बीएसएनएल के सेवानिवृत्त मकान नंबर 391, संजीवनी नगर निवासी 47 वर्षीय धनीराम नामदेव ने रिपोर्ट दर्ज कराई। श्री नामदेव ने बताया कि 4 दिसंबर की दोपहर करीब साढ़े 3 बजे वे घर में ताला लगाकर अपने परिवार के साथ एक रिश्तेदार की शादी में नयनछाया रिसोर्ट बारातघर गौरीघाट बच्चों की स्कूल वाली वैन से राजू ड्राईवर के साथ गए थे। शादी के कार्यक्रम में बाद रात में वे सपरिवार वहीं रुक गए। सुबह करीब 9 बजे घर लौटकर मेन गेट का ताला खोलकर अंदर पहुंचे तो मेन दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर से दरवाजा बंद था। पीछे जाकर दरवाजे में धक्का मारा तो दरवाजा खुला। अंदर देखा तो दोनों कमरों के ताले टूटे हुए थे एवं सामान बिखरा पड़ा था। ड्राज खुले हुए थे और अलमारी का सामान बिखरा हुआ था। अलमारी में रखे सोने का 1 चूड़ा, लॉकेट वाला मंगलसूत्र, लॉकेट, चांदी का चूड़ा, 3 जोड़ी पायल, 7-8 जोड़ी बिछिया, 5 सिक्के तथा कुछ नगदी रुपये गायब थे। सूने घर का ताला तोड़कर किसी चोर ने सारा सामान पर हाथ साफ कर दिया। रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया।




# मझौली के इंद्राना में तेंदुए के मूवमेंट से दहशत

## अब तक कई जानवरों को बना चुका निशाना, भय में जी रहे ग्रामीण



**जबलपुर।** जिले की मझौली तहसील के समीप स्थित इंद्राना गांव में पिछले पखवाड़े से तेदुंओं का झुंड देखा जा रहा हैं। अब तक तेंदुए कई जानवरों को निशाना बना चुके हैं, लिहाजा क्षेत्रीय ग्रामीण दहशत में अपना जीवन यापन कर रहे है और शाम ढलते ही ग्रामीणजन घरों में दुबक जाते हैं।

### बकरियों पर घात लगाकर हमला

आज भी गांव के बाहर तेंदुआ देखा गया है। इससे पहले भी आसपास घूम रही बकरियों और श्वानों को तेंदुए का शिकार बनाया जा चुका है। कभी यह गांव की छत पर तो कभी मंदिर में दिखाई पड़ता है। महिलाओं का कहना है कि जब भी वे बकरियां लेकर गांव के बाहर जाती है तो तेंदुए घात लगाकर हमला कर रहे है, कई बकरियों को अपना शिकार बना चुके है। तेंदुए के मूवमेंट को लेकर वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदुओं का मूवमेंट हो रहा है, उन्होंने कहा कि तेंदुए नयागांव, खमरिया, पिपरिया साथ ही सिहोरा, कटंगी और इंद्राना क्षेत्रों में देखे गए हैं। वन विभाग ने अलर्ट जारी किया है कि ग्रामीणों को जंगल के अंदर अकेले न जाए।

### गांव के अंदर तक आ चुका है तेंदुआ

इंद्राना निवासी एक ग्रामीण तड़के शौच के लिए जंगल की ओर जाने पर तेंदुए को गाय का शिकार करते देखे जाने की बात गांव ओर लोगों को बतायी है। इससे पहले भी एक तेंदुआ गांव के भीतर तक घुस चुका था। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ जंगल से आकर शिकार करने के बाद फिर भाग जाता है।

### वन विभाग का अलर्ट

डीएफओ ऋषि मिश्र ने बताया कि वन विभाग ने अलर्ट जारी किया है और ग्रामीणों को जंगल के अंदर अकेले न जाने की समझाइश दी जा रही है। डीएफओ ने यह भी बताया कि तेंदुए जानवरों का शिकार कर रहे हैं, लेकिन इंसानों को किसी तरह का नुकसान होने की जानकारी अब तक सामने नहीं आयी है। बहरहाल वन विभाग का अमला उक्त क्षेत्रों में सतत निगरानी रखे हुए है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240